दैनिक
संस्करण:जयपुर,टोंक,अलवर एवं कोटा
# बढ़ता राजस्थान
Since : 2004 /// कदम बढ़ाये, सच के साथ ///

वर्ष : 15 | अंक : 43 | जयपुर | सोमवार, 16 नवम्बर, 2024 | पौष, कृष्ण पक्ष प्रतिपदा संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹ 2 | पृष्ठ : 12


राजस्थान सरकार



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

एक वर्ष
परिणाम उत्कर्ष



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

## महत्वपूर्ण फैसलों से बदलती राजस्थान की तस्वीर

- संशोधित पीकेसी योजना के लिए राजस्थान, मध्य प्रदेश और केन्द्र सरकार के बीच एमओयू
- शेखावाटी अंचल को बहुप्रतीक्षित यमुना जल उपलब्ध कराने के लिए राजस्थान, हरियाणा और केन्द्र सरकार के बीच एमओयू
- ऊर्जा क्षेत्र में केंद्रीय पीएसयू के साथ 2.24 लाख करोड़ के एमओयू
- प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में 38,447 आवास पूर्ण 1 लाख 55 हजार नए आवासों की स्वीकृति
- पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में 20 हजार रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित
- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में 30,297 आवास पूर्ण, 30,408 नए आवासों की स्वीकृति
- लगभग 96 हजार कृषि कनेक्शन और 4 लाख 64 हजार घरेलू विद्युत कनेक्शन जारी
- श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना के तहत 8 रूपये में भरपेट भोजन, प्रति थाली सरकार की तरफ से 22 रुपये का अनुदान
- किसान सम्मान निधि में 70 लाख से अधिक कृषकों को 5500 करोड़ रुपये से अधिक राशि हस्तान्तरित
- लगभग 26 हजार सोलर पम्प सेट की स्थापना के लिए लगभग 400 करोड़ रुपये का अनुदान
- मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना एवं मा वाउचर योजना प्रारम्भ
- 5 नये मेडिकल कॉलेज बारां, बांसवाड़ा, नागौर, झुन्झुनूं एवं सवाई माधोपुर में प्रारम्भ
- राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेन्ट समिट 2024 में लगभग 35 लाख करोड़ रुपये के एम.ओ.यू.
- मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के तहत 7 करोड़ से अधिक पौधे रोपित
- सड़क निर्माण पर लगभग 15000 करोड़ रुपये व्यय
- 43000 से अधिक पदों पर नियुक्तियां
- 10.22 लाख ग्रामीण परिवारों को नल से जल, 5257 करोड़ रुपये व्यय
- एमजेएसए 2.0 में 5000 गाँवों में 1 लाख वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर्स कार्य

राजस्थान संवाद

## दस नवीन नीतियां

- राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना
- राजस्थान मिनरल पॉलिसी
- राजस्थान एम-सेण्ड पॉलिसी
- राजस्थान एमएसएमई पॉलिसी
- इंटीग्रेटेड क्लीन एनर्जी पॉलिसी
- राजस्थान एवीजीसी-एक्सआर पॉलिसी
- राजस्थान एक जिला-एक उत्पाद नीति
- इंटीग्रेटेड क्लस्टर डवलपमेंट स्कीम
- राजस्थान एक्पोर्ट प्रमोशन पॉलिसी
- राजस्थान ट्यूरिज्म यूनिट पॉलिसी

निभाई जिम्मेदारी, हर घर खुशहाली

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

# ग्लोबल विजयवर्गीय प्रीमियर लीग टी20 : राइजिंग स्टार जयपुर ने जयपुर सुपर किंग्स को 87 रन से हराया, जोहरी किंग्स टोंक की शानदार जीत

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर (का.स.)।** विजयवर्गीय स्पोर्ट्स एसोसिएशन संस्थान राजस्थान द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित ग्लोबल विजयवर्गीय प्रीमियर लीग सीजन 8 टी-20 क्रिकेट चैंपियनशिप 2023-24 का आगाज 15 दिसंबर 2024 से राइजिंग राजस्थान क्रिकेट अकैडमी जगतपुरा जयपुर में प्रारंभ हुई । प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला राइजिंग स्टार जयपुर एवं जयपुर सुपर किंग्स के बीच खेला गया। जयपुर सुपर किंग्स के कप्तान पंकज ने टॉस जीत कर पहले क्षेत्र का फैसला किया। राइजिंग स्टार जयपुर और जयपुर सुपर किंग्स के बीच खेले गए रोमांचक मुकाबले में राइजिंग स्टार जयपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जयपुर सुपर किंग्स को 87 रनों से हरा दिया राइजिंग स्टार जयपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 165/5 रन बनाए। जयपुर सुपर किंग्स के गेंदबाजों में परांसु विजय और हर्ष विजय ने प्रभावी प्रदर्शन किया। परांसु ने 3 विकेट लिए जबकि हर्ष ने 2 विकेट चटकाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी जयपुर सुपर किंग्स की टीम दबाव में नजर आई और 13.5 ओवर में मात्र 78 रनों पर ऑलआउट हो गई। राइजिंग स्टार जयपुर के गेंदबाजों ने सटीक गेंदबाजी की और हरफनमौला प्रदर्शन दिखाया।जयपुर सुपर किंग्स की ओर से कोई भी बल्लेबाज बड़ा स्कोर नहीं बना सका। उनकी तरफ से दिव्यांश ने सबसे अधिक 23 रन बनाए।

इस जीत के साथ, राइजिंग स्टार जयपुर ने टूर्नामेंट में अपनी स्थिति को और मजबूत कर लिया है। प्रिंस स्पॉन्सर श्याम विजय ने मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी कार्तिक विजय (ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए) मैन ऑफ़ द मैच अवार्ड देकर सम्मानित किया। राइजिंग राजस्थान क्रिकेट अकैडमी जगतपुरा जयपुर में खेले गए दूसरे मुकाबले में जोहरी किंग्स टोंक ने वॉल सिटी XI को 27 रनों से हराया। जोहरी किंग्स टोंक ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवरों में 82 रन बनाए। टीम के लिए सबसे अधिक रन नितेश विजय (15 रन, 13 गेंदों) और कप्तान अंचल (13 रन, 13 गेंदों) ने बनाए। आदित्य विजय और ए.के. विजय ने गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन किया, क्रमशः 3 और 2 विकेट झटके। जवाब में, वॉल सिटी XI की टीम 13 ओवरों में 55 रनों पर ऑल आउट हो गई। परख विजय (6 रन) और ए.के. विजय (11 रन) ने संघर्ष किया, लेकिन जोहरी किंग्स के गेंदबाजों ने दमदार प्रदर्शन किया।

मीत विजय और नितेश विजय ने 2-3 विकेट लेकर वॉल सिटी की बल्लेबाजी को ध्वस्त कर दिया । विजय ट्रेडिंग कंपनी के दिनेश विजय ने मैन ऑफ़ द मैच अवार्ड दिया इस अवसर पर समाज के प्रमुख गणमान्य दिनेश दुब्बी ,गिरधर कलमंडा, सुरेंद्र विजय , बनवारी विजय श्याम ठेहला हर्ष विजय, मनोज ताल चिड़ी, पियूष दुब्बी, संदीप दुब्बी, सुशील सिकंदरा ,प्रयाग पीपलू, देवेंद्र बांदीकुई राकेश तालाब सुशांत डॉ. दिनेश दुब्बी ,गिरधर कलमंडा, सुरेंद्र विजय , बनवारी विजय श्याम ठेहला हर्ष विजय, मनोज ताल चिड़ी, पियूष दुब्बी, संदीप दुब्बी, सुशील सिकंदरा ,प्रयाग पीपलू, देवेंद्र बांदीकुई राकेश तालाब सुशांत दुब्बी आशीष अंकित राजपुरा बनवारी निमेड़ा सुरेश कुंडल, नरेंद्र विजय, राजेंद्र, अभिषेक मेहंदवास, नवरत्न सुगंधी, पंकज भरथला, अशोक बुद्ध कत्ल राजकुमार निवाई श्री राम दूनी , राजेश चोगाई लक्ष्मीकांत छुआ निलेश भीलवाड़ा सौरभ बाबा गोविंद कोटखावदा उपस्थित रहे।



## राजसेवक परिषद की मीटिंग संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजसेवक परिषद की मीटिंग समाज का संगम भवन, सेक्टर 26, प्रताप नगर में रविवार को आयोजित की गई। मीटिंग की अध्यक्षता वर्तमान अध्यक्ष शिवकुमार बुटेरी ने की।

नए सदस्यों के लिए एजेंडा पेश किया गया, जिसमें भवन के पिछले हिस्से में रसोई का निर्माण करने और बेहतर सुविधाओं के लिए प्रस्ताव रखा गया। इस प्रस्ताव को सर्व समिति द्वारा स्वीकृत किया गया। मीटिंग के अंत में विशंभर दयाल दुब्बी ने सभी उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद किया।

**निम्नलिखित पदाधिकारी इस मीटिंग में उपस्थित रहे :** विशंभर दयाल, शिवकुमार बुटेरी, नंदकिशोर, महेश कैनावर, हरिराम, सेवाराम, राजेंद्र कुमार, देवेंद्र कुमार, उमाकांत, अशोक कुमार, बनवारी बांदीकुई, सुशील सिकंदरा, श्यामलाल, रतनलाल, आनंद विजय, बाबूलाल, शंभू दयाल कुंडल, प्रेम प्रकाश गुप्ता, सुमन विजयवर्गी, पुष्पा विजय, आदि।

### चारे की 51 गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर गौशालाओं के लिए किया रवाना

## मुख्यमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर किया कल्प वृक्षारोपण

### गौ पूजन व गौ सेवा कर पुण्य लाभ की कामना की गयी

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान राज्य के मुख्य मंत्री भजन लाल शर्मा के 57वें जन्मदिवस पर दिनांक 15 दिसम्बर 2024, दिन रविवार को अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अंतर्राष्ट्रीय संयोजक डॉ0 अतुल गुप्ता व हैनिमन चेरिटेबल मिशन सोसाइटी की सचिव मोनिका गुप्ता की अगुवाई में पौराणिक व औषधीय गुणों से भरपूर कल्प वृक्षारोपण से गौ आधारित जैविक हरित प्रदेश हेतु संदेश दिया । जयपुर के गणमान्य अशोक परनामी,गौ ऋषि श्री श्री प्रकाश दास जी महाराज द्वारा पंडित दाऊ दधीचि व महेश जोशी के मार्गदर्शन में गौ पूजन, गौ सेवा व हरा चारा सेवा के माध्यम से मुख्यमंत्री हेतु पुण्य लाभ की कामना की । मुख्यमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर गौ सेवा के प्रकल्प के अंतर्गत हरे चारे की 51 गाड़ियों को 51 गौशालाओं के लिए श्री पिंजरापोल गौशाला के महामंत्री शिवरतन चितलांग्या ,मंत्री विवेक लड्डा व गौऋषि श्री श्री प्रकाश दास जी महाराज के द्वारा केसरिया झंडी दिखाकर रवाना किया गया । इस अवसर पर जयपुर शहर की समीपवर्ती गौशालाओं की मदद के प्रकल्प के मद्देनज़र हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित की गई । जिसमें बाबा भैरु भठोड गौशाला-विराटनगर, श्री पिंजरापोल गौशाला - सांगानेर, श्री हिंगोनिया गौशाला - बस्सी, बाबा भोमिआ गौशाला समिति - पावटा, बाबा मंगलदास नंदीशाला समिति-बस्सी, बंसी गोपाल गौशाला-बस्सी, द्वारकाधीश गौ सेवा समिति-फागी, श्री श्याम गौरक्षा सेवा समिति-झोटवाड़ा, गो पुनर्वास केंद्र-हिंगोनिआ, गोपाल गोशाला बघवास-बस्सी, गोपाल गौशाला प्रबंध समिति-साम्भर लेक, गोशाला सेवा समिति-बेगस, गोशाला सेवा समिति-बोबास, गोशाला सेवा समिति-रामकुई पचर-झोटवाड़ा, गौशाला सेवा समिति-हिंगोनिआडूगरी, गुफा वाले संत बाबा गौशाला समिति-झोटवाड़ा, जगदम्बा गौसेवा समिति रोटेवारा-फागी, ओमशिव गौशाला-साम्भर लेक, पंच हनुमान गोशाला ट्रस्ट - जयसिंहपुरा, श्री बाग वाले बालाजी गौशाला समिति-रेनवाल, श्री कृष्ण गोपाल गौशाला - मनोहर वाटिका, श्री कृष्ण गोपाल गौशाला समिति-भेसलाना, श्री संत परमसुखदास जी महाराज आश्रम गौशाला-झोटवाड़ा, श्री श्याम भूतनाथ गौसेवा समिति-शाहपुरा, श्री श्याम गौ सेवा संस्थान-कलख, श्री बालाजी की कुई बलराम आश्रम ट्रस्ट-बस्सी, श्री बालाजी गौसेवा संस्थान-झोटवाड़ा, श्री बालाजी गौशाला सेवा समिति-लुनिआवास,श्री भैरुजी महाराज गौसेवा समिति-सांगानेर, श्री दादू पालिका भैराणा धाम गौशाला समिति-दूदू आदि गौशालाओं को माननीय के कर कमलों से हरा चारा वितरित किया गया ।

## उत्कर्ष कोचिंग में चल रही क्लास में बारह से ज्यादा छात्रों की बिगड़ी तबीयत

### एससी के अंदर हुए गैस रिसाव से बदबू आने के बाद से छात्र-छात्राओं में छाने लगी थी बेहोशी, बेहोशी की हालत में छात्रों को कराया नजदीकी प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती, डॉक्टरों का कहना है कि सभी की हालत में है सुधार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** महेश नगर थाना इलाके में स्थित उत्कर्ष कोचिंग में रविवार देर शाम बारह से ज्यादा छात्रों की तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गए। बताया जा रहा है कि कोचिंग में चल रही क्लास के दौरान एससी के अंदर हुए गैस रिसाव से बदबू आने के बाद से छात्र-छात्राओं में बेहोशी छाने लगी थी। इस पर उत्कृष्ट कोचिंग क्लासेज के प्रबंधन ने 108 एंबुलेंस को बुलाया और बेहोश छात्र-छात्राओं को पास के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उनकी हालत में सुधार है। उत्कर्ष कोचिंग क्लास में छात्र-छात्राओं के बेहोश होने की घटना के बाद महेश नगर इलाके में दहशत फैल गई। आस-पास की कोचिंग क्लासेज के भी स्टूडेंट सड़क पर आ गए। थानाधिकारी कविता शर्मा ने बताया कि थाना इलाके में स्थित रिद्धि-सिद्धि तिराहे के पास एक बिल्डिंग में उत्कर्ष कोचिंग चलती है। जहां रविवार शाम को कोचिंग में क्लास चल रही थी। इस दौरान रविवार शाम पौने रात बजे क्लास में पढ़ाई के दौरान एक अजीब बदबू आने के चलते क्लास में मौजूद बारह से ज्यादा छात्र-छात्राओं को बेहोशी छाने लगी। क्लास में हुई स्थिति को देखकर हड़कंप मच गया। उत्कर्ष कोचिंग क्लासेज के प्रबंधन ने एंबुलेंस बुलाकर बेहोशी की हालत में छात्रों को नजदीक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। डॉक्टरों का कहना है कि सभी की हालत में सुधार है। प्रारंभिक पूछताछ में बच्चों ने बताया कि अजीब बदबू आने के बाद वह बेहोश हो गए। ग्रेटर नगर निगम महापौर सौम्या गुर्जर ने कहा कि घटना की जांच कराई जाएगी। कोचिंग परिसर में फायर फाइटिंग सिस्टम सहित सभी मानदंडों को जांचा जाएगा। इसके अलावा कोचिंग स्टूडेंट्स की सेफ्टी के हिसाब से पुख्ता इंतजाम हो, यह सुनिश्चित किया जाएगा।

## शीतलहर के बीच एसके जोधपुर मैराथन में दिखा धावकों का जज्बा

### 15 हजार धावकों ने दिया स्वच्छ, स्वस्थ और नशा मुक्त जोधपुर का संदेश, केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत रहे मुख्य अतिथि, अभिनेता राहुल देव और अभिनेत्री मुग्धा गोडसे ने की धावकों की हौसला अफजाई

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर/जोधपुर।** बीएसएफ बैंड पर देशभक्ति गीतों की धुन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, शीतलहर के बीच भरपूर जज्बे के साथ स्वच्छ, स्वस्थ और नशा मुक्त जोधपुर का संदेश देते हुए दौड़ते लोग। रविवार सुबह एमबीएम विश्वविद्यालय जोधपुर के निकट कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला। मौका रहा संस्कृति युवा संस्था और एसके फाइनेंस द्वारा आईआईइएमआर के सहयोग से आयोजित एसके जोधपुर मैराथन का। केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि मैराथन में हिस्सा लिया। अभिनेता राहुल देव और अभिनेत्री मुग्धा गोडसे ने भी धावकों की हौसला अफजाई की। हजारों धावकों ने तीन श्रेणियों क्रमश- 21 किमी व 10 किमी की टाइम रन और 3 किमी की नॉन टाइम रन में हिस्सा लेकर हेल्दी रहने को प्रोत्साहित किया। आयोजक मुकेश मिश्रा ने बताया कि 15 हजार लोगों ने मैराथन में हिस्सा लिया। संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा, एसके फाइनेंस के डायरेक्टर यश सेतिया विशिष्ट अतिथि रहे। मैराथन में हिस्सा लेने के लिए धावकों का जोश देखते ही बनता था। तड़के ही धावक आयोजन स्थल पर एकत्रित होना शुरू हुए। सुबह 4:30 बजे पं. सुरेश मिश्रा ने 21 किमी की रन का फ्लैग ऑफ कर रवाना किया। धावकों ने एमबीएम विश्वविद्यालय के बाहर मुख्य मार्ग से होते हुए, भाटी सर्कल पुलिस लाइन रोड, अजीत भवन सर्किट हाउस उम्मेद भवन गेट से यू-टर्न, भाटी सर्कल रातानाडा सर्किल, पार्क प्लाजा पांच बत्ती सर्कल एयरफोर्स सर्कल से यू-टर्न - पांच बत्ती सर्कल से लेफ्ट संवित सर्कल सर्कल से यू-टर्न पांच बत्ती सर्कल होते हुए वापस एमबीएम विश्वविद्यालय तक के दो लूप पूरे किए। सुबह 6:30 बजे 10 किमी की रन को रवाना किया गया, उपरोक्त रूट के दो लूप धावकों ने पूरे किए। 7:00 बजे 3 किमी की रन को रवाना किया गया।

**ये रहे विजेता :** 21 किमी पुरुष कैटेगरी में अर्जुन प्रधान 1 घंटे 12 मिनट 37 सेकंड में दौड़ पूरी कर प्रथम रहे, देवा राम ने 1 घंटे 13 मिनट 39 सेकंड में और प्रेम पटेल ने 1 घंटे 20 मिनट 19 सेकंड में दौड़ खत्म कर क्रमश: दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। 21 किमी महिला कैटेगरी में पूजा राठौड़ (1 घंटा, 53 मिनट, 08 सैकंड) द्वितीय और ज्योत्सना सिंह (2 घंटे, 28 मिनट, 25 सेकंड) क्रमश: प्रथम और द्वितीय रही।

10 किमी पुरुष श्रेणी में शक्ति सिंह (31 मिनट,37 सेकंड) ने प्रथम, दीप राम (32 मिनट, 34 सेकंड) ने द्वितीय और अमरजीत (33 मिनट, 45 सेकंड) ने तृतीय स्थान हासिल किया। केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने विजेताओं को पुरस्कार राशि का चेक प्रदान कर सम्मानित किया।

## आज से शुरू होगी छह दिवसीय अटल एफडीपी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, जयपुर में 16 से 21 दिसंबर तक माइंडफुल टीचिंग प्रायोरटाइजिंग वेलबीइंग शीर्षक से छह दिवसीय अटल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का आयोजन किया जाएगा। इसका संचालन शिक्षा और उद्योग जगत के प्रतिष्ठित संस्थाओं के व्यक्ति सत्र का संचालन करेंगे। उद्घाटन सत्र का नेतृत्व जयपुरिया जयपुर के निदेशक डॉ. प्रभात पंकज करेंगे। कार्यक्रम में देशभर से लगभग 45 संकाय सदस्य और एफपीएम विद्वान भाग लेंगे। इनमें परिष्कार कॉलेज ऑफ ग्लोबल एक्सीलेंस, एमडी कॉलेज पल्लू, जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी, जीआईटी जयपुर, वीजीयू जयपुर, महिला इंजीनियरिंग कॉलेज अजमेर, आईसीएफएआई बिजनेस स्कूल, कनोरिया पीजी कॉलेज तथा महिला महाविद्यालय जयपुर के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

## किशोरी ने फांसी का फंदा लगाकर दी जान युवक के परिजनों ने लगाया था झूठा इल्जाम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** शिवदासपुरा थाना इलाके में 14 साल की लड़की ने फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। किशोरी के पिता का आरोप है कि एक लड़के के परिवार ने घर आकर झूठा इल्जाम लगाकर अकेली मिली बेटी को धमकाया था। पुलिस ने महात्मा गांधी हॉस्पिटल में पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। शिवदासपुरा थाने में नाबालिग पीड़िता के पिता ने लड़के व उसके परिवार पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि अचलपुरा शिवदासपुरा निवासी खुशी (14) पुत्री पुरण गवारिया ने सुसाइड किया है। मंगलवार दोपहर परिवार के सदस्य किसी काम से बाहर गए थे। वह घर पर अकेली थी। पीछे से उसने कमरे में साड़ी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। उसकी चाची के घर लौटने पर वह फंदे से लटकी मिली। नाबालिग बेटी के सुसाइड की सूचना पर घर पहुंचे परिजनों ने शिवदासपुरा पुलिस को घटना की जानकारी दी। शिवदासपुरा थाना पुलिस ने मौका-मुआयना कर शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को महात्मा गांधी अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया।

शिवदासपुरा थाने में खुशी के पिता पुरण गवरिया ने एक लड़के व उसके परिवार पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है। पिता का आरोप है कि मंगलवार दोपहर को घर पर बेटी अकेली थी। इस दौरान आरोपी अपने परिवार के साथ घर आया था।

## गैंगस्टर लॉरेंस के नाम से मांगी 5 करोड़ की रंगदारी इंटरनेशनल नंबर से कॉल कर धमकाया बिजनेसमैन को

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर में व्यापारी और बिजनेजमैन को धमकी देकर रंगदारी मांगने के मामले लगातार बढ़ते जा रहे है। कमिश्नरेट पुलिस इन मामलों पर लगाम लगाने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है। इंटरनेशनल नम्बरों से कई कॉल एक बिजनेसमैन को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम से धमकी देकर 5 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी गई है। पीडित ने इस संबंध में साइबर थाने में मामला दर्ज करवाया है। मामले की जांच थानाधिकारी श्रवण कुमार कर रहे हैं । अब तक इस प्रकार के मामलों में पुलिस के हाथ ज्यादा सफलता नहीं मिल पाई है। पुलिस ने बताया कि चित्रकूट नगर निवासी 32 वर्षीय बिजनेसमैन ने मामला दर्ज करवाया कि वह बजरी के कारोबार के साथ ही होटल भी चलाते है। उनके बिजनेस पार्टनर विकास बिश्नोई और उनके दोस्त भरत और लखविंदर का होटल मालिक भंवर यादव से होटल किराएदारी के बात को लेकर पिछले दिनों कहासुनी हो गई थी। कहासुनी से नाराज होने पर होटल मालिक भंवर यादव और उसके खिलाफ हो गए। आरोप है कि 14 दिसम्बर की रात करीब 2 बजे से उसके मोबाइल पर यूनाइटेड किंगडम के मोबाइल नंबर से कॉल आने शुरू हो गए। रात करीब 2:28 बजे कॉल उठाया।

**फोन उठाने पर धमकाया गया-** मैं लॉरेंस बिश्नोई गैंग का आशीष बिश्नोई बोल रहा हूं। तूने विकास, भरत और लखविंदर को जो नुकसान पहुंचाया है, उसकी कीमत तू चुकाएगा। अगर तू बचना चाहता है और अपने परिवार की सलामती चाहता है तो 5 करोड़ की व्यवस्था कर ले। सोशल मीडिया पर वीडियो डालकर इन तीनों से माफी मांग ले। अगर तूने माफी नहीं मांगी और पैसे नहीं दिए तो हम कैसे काम करते है तू अच्छी तरह जानता है।

## दो बाइक टकराई, बुजुर्ग की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** आदर्श नगर थाना इलाके में दो बाइकों के बीच भिड़ंत में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक उमेश पालीवाल के बेटे पुनीत की रिपोर्ट पर आदर्श नगर थाना पुलिस ने बाइक सवार के खिलाफ शिकायत दर्ज की। दुर्घटना की जांच सड़क दुर्घटना इकाई पूर्व की टीम कर रही हैं।

पीड़ित पुनीत पालीवाल निवासी सी 112 सेठी कॉलोनी आदर्श नगर ने मामला दर्ज करवाया कि 8 दिसम्बर रविवार को सुबह उनके पिता उमेश पालीवाल गोविंद देव जी के दर्शन करने के लिए घर से निकले थे। दर्शन कर घर वापस लौटने के दौरान भूरिया की प्याऊ के नजदीक गलत दिशा के आ रही बाइक ने उमेश पालीवाल की बाइक को टक्कर मार दी।टक्कर के बाद उमेश पालीवाल सड़क पर गिरे और लहूलुहान हो गए। जिसे देख कर बाइक सवार व्यक्ति मौके से भाग निकला। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर पुनीत पिता को घायल अवस्था में एसएमएस ट्रॉमा सेंटर लेकर गया ,जहां उपचार शुरू किया। लेकिन दोपहर करीब 1.50 बजे उमेश पालीवाल की उपचार के दौरान मौत हो गई। दुर्घटना थाना पुलिस ने बताया कि मृतक के बेटे पुनीत की ओर से मिली शिकायत के बाद पुलिस टीम ने मौके पर लगे हुए सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया हैं।

दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 43 जयपुर | सोमवार, 16 नवम्बर, 2024 | पौष, कृष्ण पक्ष प्रतिपदा संवत्-2081 भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## राज्य सरकार की प्रथम वर्षगांठ पर अंत्योदय सेवा शिविर आयोजित

# आने वाले चार साल में पूरा करेंगे हर वादा, हमारी सरकार ने एक वर्ष में प्रदेश के विकास को नई दिशा दी - शर्मा



### मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी विभिन्न योजनाओं की सौगात



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार के कार्यकाल का पहला वर्ष उपलब्धियों भरा रहा है। हमारी सरकार ने पहले साल में ही प्रदेशवासियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में सफलता पाई है और आने वाले चार वर्षों में हम प्रदेशवासियों से आपणो अग्रणी राजस्थान संकल्प पत्र में किए गए हर वादे को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार हर साल अपने काम का हिसाब भी आमजन के बीच रखेगी।

शर्मा रविवार को जयपुर की पिंजरापोल गौशाला में आयोजित अंत्योदय सेवा शिविर समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक साल पहले हमारी सरकार ने राजस्थान की जनता की सेवा करने की शपथ ली थी। जब हमने यह शपथ ली उससे पहले प्रदेश में महिलाओं के लिए असुरक्षा का माहौल था, युवा पेपरलीक की मार झेल रहे थे, जल जीवन मिशन का कार्य ठप्प पड़ा था और गरीब भ्रष्टाचार और शोषण के दलदल में फंसा था। उन्होंने कहा कि हमने पिछले एक साल में प्रदेश की जनता को इन समस्याओं से बाहर निकालने के लिए सार्थक प्रयास किए हैं। युवाओं को रोजगार दिया, महिलाओं के लिए सुरक्षा सुनिश्चित की, किसानों को संबल दिया और गरीब को सामाजिक न्याय देकर सशक्त करने का काम किया। इस एक वर्ष में हमारी सरकार ने प्रदेश के विकास को एक नई दिशा देने का प्रयास किया है। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि यह शिविर केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि अंत्योदय की दिशा में हमारे दृढ़ संकल्प और समाज के जरूरतमंद वर्गों को संबल देने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि अंत्योदय का सिद्धांत पं. दीनदयाल उपाध्याय द्वारा दिया गया जो हमारी सरकार के विकास कार्यों की प्रेरणा हैं।

#### एक वर्ष में साढ़े पांच लाख से अधिक नए पेंशनर्स को जोड़ा

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लगभग 90 लाख लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन दी जा रही है। हमारी सरकार ने एक वर्ष के कार्यकाल में साढ़े पांच लाख से अधिक नए पेंशनर्स को जोड़ा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन की न्यूनतम पेंशन राशि में बढ़ोत्तरी की है। अब 75 वर्ष से कम उम्र के सभी पेंशनर्स को 1,150 रुपए प्रतिमाह पेंशन दी जा रही है। पालनहार योजना के तहत विभिन्न श्रेणी के बच्चों को 750 रुपये से लेकर 2 हजार 500 रुपये तक की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 32 हजार से अधिक नए पालनहारों को योजना से जोड़कर लाभान्वित किया है।

#### मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना का हुआ शुभारंभ

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 'मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना' का रिमोट से शुभारंभ किया। इसके तहत राज्य के शहरी क्षेत्रों में जरूरतमंद एवं असहाय परिवार के असंगठित श्रमिकों के साथ भवन निर्माण श्रमिक, हस्तशिल्प श्रमिक, गिग वर्कर, ट्रांसपोर्ट वर्कर, केयर वर्कर, सफाई श्रमिक, घरेलू श्रमिक आदि को विशेष अल्पावधि ऋण उपलब्ध करवाकर आर्थिक संबल दिया जाएगा। इस योजना में लाभार्थी को बैंक द्वारा बिना किसी गारंटी अथवा प्रक्रिया शुल्क के 80 हजार तक का ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत 2 लाभार्थियों को 50-50 हजार रुपये की ऋण राशि के चैक प्रदान किए। प्रदेशभर में आज 11 हजार 1 स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण वितरित किया गया।

#### मुख्यमंत्री आयुष्मान बाल संबल योजना की शुरूआत

शर्मा ने मुख्यमंत्री आयुष्मान बाल संबल योजना का शुभारंभ भी किया। इस योजना में दुर्लभ बीमारी से पीड़ित 18 वर्ष तक के बच्चों को 50 लाख रुपए तक का उपचार उपलब्ध कराया जाएगा और उनकी देखभाल के लिए 5 हजार रुपए प्रतिमाह आर्थिक सहायता दी जाएगी। पहले चरण में जेके लोन अस्पताल और एम्स जोधपुर को इस योजना में इलाज के लिए अधिकृत किया गया है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने इस योजना के पोर्टल का अनावरण भी किया।

#### मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना का शुभारंभ

मुख्यमंत्री ने आज मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना की भी शुरूआत की। इसके तहत लाभार्थी अंशदाताओं को मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन के अतिरिक्त 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 3 हजार रुपये मासिक पेंशन दी जाएगी।

#### जरूरतमंदों की मदद के लिए बनेंगे मुख्यमंत्री सद्भावना केन्द्र

उन्होंने मुख्यमंत्री सद्भावना केन्द्रों की स्थापना के कार्यों का भी आज से शुभारंभ किया। इन केन्द्रों पर नागरिक, संस्थान, वाणिज्यिक उद्यम आदि पहले उपयोग हो चुकी वस्तुएं जैसे कपड़े, जूते, किताबें, खिलौने, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक सामान आदि जमा कर सकेंगे। जरूरतमंद व्यक्ति इन केंद्रों से अपनी आवश्यकतानुसार वांछित सामान प्राप्त कर सकेंगे।

#### 31 जनवरी तक लगेंगे आयुष्मान आरोग्य शिविर

शर्मा ने कहा कि प्रदेशभर में आज से प्रारंभ कर 31 जनवरी, 2025 तक मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश के समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 813 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा 50 जिला चिकित्सालयों में 3 चरणों में ये शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने इस अवसर पर आयुष्मान आरोग्य शिविर की बुकलेट का भी विमोचन किया।

#### लाभार्थियों को सहायता राशि का प्रत्यक्ष हस्तांतरण

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 2 लाख 15 हजार पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के खातों में विभिन्न योजनाओं की 247 .76 करोड़ रुपए की राशि का प्रत्यक्ष हस्तांतरण भी किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत 2 महिलाओं को 30-30 हजार रुपये के प्रतीकात्मक चैक भेंट कर 5,001 परिवारों को आवास निर्माण के लिए प्रथम किस्त जारी की। इस योजना में 20 करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की गई।

## सीएम सिक्योरिटी में तैनात कॉन्स्टेबल को ट्रेलर ने कुचला, मौत

### ड्यूटी के बाद बाइक पर घर जा रहे थे; जयपुर में 4-दिन में 2 पुलिसकर्मियों की जान गई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सीएम सिक्योरिटी में तैनात कॉन्स्टेबल को ट्रेलर ने कुचल दिया। हादसे में कॉन्स्टेबल की मौत हो गई। हादसा भांकरोटा थाना क्षेत्र के कमला नेहरू नगर में शनिवार रात 9:15 बजे हुआ। भांकरोटा एसएचओ मनीष गुप्ता ने बताया- कॉन्स्टेबल रामस्वरूप (55) बगरू थाना इलाके में बेगस के रहने वाले थे। रात 9:15 बजे ड्यूटी पूरी कर वह बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे कमला नेहरू पुलिया से नीचे उतरे, पीछे से आ रहे ओवरस्पीड ट्रेलर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। रामस्वरूप बाइक समेत सड़क पर गिर गए और गंभीर घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। लोगों की सूचना पर भांकरोटा पुलिस मौके पर पहुंची। उन्हें हॉस्पिटल लेकर गए, जहां देर रात इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

#### राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

रामस्वरूप सीएम सिक्योरिटी की आईबी टीम में तैनात थे। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद रविवार को शव परिजन को सौंप दिया।

## राजस्थान में लगातार तीसरे दिन माइनस में पारा

- 14 शहरों में तापमान 5 डिग्री से नीचे
- 17 दिसंबर से फिर चलेगी शीतलहर

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** उत्तर भारत से आ रही सर्द हवाओं से राजस्थान में बर्फ जमा देने वाली सर्दी बरकरार है। सीकर के फतेहपुर में रविवार को लगातार तीसरे दिन भी पारा माइनस ( -1.2) में दर्ज किया गया है। चूरू, सीकर के ग्रामीण इलाकों में भी कई जगह ओस की बूंदें जम गईं। प्रदेश के 14 शहरों में पारा 5 डिग्री से नीचे रिकॉर्ड हुआ। रविवार को भीलवाड़ा में 2.2, फतेहपुर में -1.2, सीकर में 2.5, माउंट आबू (सिरोही) में 1.2, चूरू में 1.6, अलवर में 4, पिलानी (झुंझुनूं) में 2.6, चित्तौड़गढ़ में 3.2, डबोक (उदयपुर) में 4, अंता (बारां) में 4.5, सिरोही 2.6, करौली 3.2, बीकानेर में 4.8, संगरिया (हनुमानगढ़) में 2.6 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया है।

#### पारा जमाव बिंदु के नीचे रह सकता है

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के अनुसार, आज और कल शीतलहर से थोड़ी राहत मिलेगी। 17 दिसंबर से एक बार फिर शीतलहर का असर रहेगा। ऐसे में यहां पारा जमाव बिंदु के नीचे रह सकता है। रविवार सुबह जयपुर शहर में भी कड़ाके की ठंड का एहसास रहा। हालांकि धूप निकलने के बाद राहत मिली। पिछले 24 घंटे के दौरान राजस्थान के अधिकांश शहरों में दिन में आसमान साफ रहने, हवाएं कम चलने के कारण दिन में धूप तेज रही। सभी शहरों में कल अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होने से लोगों को दिन में सर्दी से थोड़ी राहत मिली। रविवार को अधिकतम तापमान जालोर और चित्तौड़गढ़ में 26.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि अन्य शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 20.5 से 26.4 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ।

#### माउंट में कार पर जमी बर्फ

जयपुर में आज अधिकतम तापमान 24.8 और न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री दर्ज किया गया। इधर, माउंट आबू में सर्दी लगातार जारी है। यहां के ऊपर ओस बूंदें जम जा रही हैं।

## महाराष्ट्र में 33 कैबिनेट, 6 राज्य मंत्रियों की शपथ

### फडणवीस सरकार में 2 डिप्टी सीएम समेत 42 मंत्री, इनमें 1 मुस्लिम, 4 महिलाएं; 1 सीट खाली



बढ़ता राजस्थान

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव रिजल्ट के 23वें दिन रविवार को नागपुर में मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ। फडणवीस सरकार में 33 कैबिनेट और 6 राज्य मंत्रियों ने शपथ ली। सीएम और 2 डिप्टी सीएम समेत यह संख्या 42 हो गई। कैबिनेट में कुल 43 मंत्री शपथ ले सकते हैं। एक सीट खाली रखी गई है।

फडणवीस सरकार में 19 भाजपा, 11 शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) और 9 एनसीपी (अजित पवार गुट) कोटे से मंत्री शामिल किए गए हैं। इनमें 4 महिलाएं और 1 मुस्लिम चेहरे को जगह मिली है। कैबिनेट में सबसे युवा मंत्री एनसीपी की अदिति तटकरे (36) और सबसे उम्रदराज मंत्री भाजपा के गणेश नाइक (74) साल हैं।

भाजपा के पंकज भोयर सबसे ज्यादा पढ़े-लिखे मंत्री हैं। शिवसेना के भारत गोगावले सबसे कम पढ़े-लिखे (8वीं पास) मंत्री हैं।

## जगदलपुर में बोले शाह-हिंसा करेंगे तो हमारे जवान आपसे निपटेंगे : नक्सली भाई-बहन हथियार छोड़ें, 31 मार्च 2026 के बाद लोग कहेंगे बस्तर बदल गया

बढ़ता राजस्थान



**रायपुर (एजेंसी)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बस्तर दौरे पर हैं। बस्तर ओलिंपिक के समापन समारोह में उन्होंने कहा कि, नक्सलवाद खत्म होने पर यहां कश्मीर से ज्यादा पर्यटक आएंगे। 31 मार्च 2026 के बाद लोग कहेंगे बस्तर बदल गया है। गलत रास्ते पर गए लोग सरेंडर करें, हिंसा करेंगे तो हमारे जवान आपसे निपटेंगे। इससे पहले रायपुर में राष्ट्रपति पुलिस कलर अवॉर्ड कार्यक्रम में भी कहा कि हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ को 31 मार्च 2026 तक नक्सल मुक्त करेंगे। जैसे ही छत्तीसगढ़ नक्सल मुक्त होता है, देशभर में नक्सलवाद का खात्मा हो जाएगा।

#### 2900 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

बस्तर में संभाग स्तरीय बस्तर ओलिंपिक प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार 13 दिसंबर से शुरू हुआ था। जगदलपुर के इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम में बैडमिंटन, कबड्डी, वॉलीबॉल समेत अन्य गेम्स हुए। आज 15 दिसंबर को समापन है, जिसमें गृह मंत्री अमित शाह शामिल हुए। इस बस्तर ओलिंपिक में बस्तर संभाग के सातों जिले के अलग-अलग खेलों के करीब 2900 से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा लेने पहुंचे। इसका सारा बंदोबस्त जिला प्रशासन की तरफ से किया गया। इसमें सरेंडर किए हुए करीब 300 नक्सली भी शामिल हुए। इसके साथ ही नक्सल घटनाओं में दिव्यांग हुए कुल 18 खिलाड़ियों, नक्सल हिंसा पीड़ितों ने भी अलग-अलग गेम्स में हिस्सा लिया।

#### नक्सलवाद के खिलाफ ताबूत में अंतिम कील ठोकने की तैयारी

शाह ने कहा कि सरकार बदलने के बाद से टॉप 14 नक्सली न्यूट्रलाइज हुए हैं। 4 दशकों में पहली बार नागरिकों और सुरक्षाबलों के मृत्यु के आंकड़े में कमी आई है। 10 साल में नक्सलवाद पर नकेल कसी गई। पुलिस ने 1 साल में छत्तीसगढ़ समेत सभी राज्यों से नक्सलवाद के खिलाफ ताबूत में अंतिम कील ठोकने की तैयारी की है।

#### राष्ट्रपति कलर्स सिर्फ एक अलंकरण नहीं, बलिदान का प्रतीक

शाह ने पुलिस से कहा कि राष्ट्रपति कलर्स सिर्फ एक अलंकरण नहीं है, यह बलिदान का प्रतीक है। यह उन चुनौतियों की याद दिलाता है, जिनके साथ आपको दो-दो हाथ करना है। एक अलंकरण के साथ-साथ एक दायित्व भी है। मुझे विश्वास है कि छत्तीसगढ़ पुलिस का हर जवान इस दायित्व को निभाएगा। अपने फर्ज में कभी भी पीछे नहीं हटेगा।

#### यह सामान छत्तीसगढ़ पुलिस की वर्दी पर सजेगा-सीएम

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 24 वर्षों में ही यह सम्मान पुलिस को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए दिया गया है। यह सामान न सिर्फ छत्तीसगढ़ पुलिस की वर्दी पर सजेगा, बल्कि हमारे जवानों की कर्तव्य, निष्ठा, साहस और समर्पण का प्रतीक भी बनेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आभार व्यक्त करता हूं। छत्तीसगढ़ पुलिस ने एंटी नक्सल ऑपरेशन में साहस और दृढ़ता के साथ पिछले 1 साल में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की है।



## सम्पादकीय

# बांग्लादेश मामले में कूटनीति व राजनीति पर एक कदम आगे निकली ममता बनर्जी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर केंद्र की भाजपा नीत सरकार के द्वारा अल्पसंख्यकों को लेकर तुष्टीकरण से लेकर बंगाल में बांग्लादेशियों को शरण देने का आरोप लगाया जाता रहा है। लेकिन इन दिनों बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं और मीडिया में उक्त खबरें हर रोज आ रही है। ऐसे में भले ही देश के पीएम नरेंद्र मोदी का उक्त मुद्दे पर कोई बयान नहीं आया है लेकिन ममता बनर्जी ने सशक्त तौर पर इस अंतरराष्ट्रीय मुद्दे को उठाया है और बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस सरकार को नाकाम तक करार दिया है। ममता बनर्जी ने बांग्लादेश से उपजे एक बयान का जवाब देते हुए साफ कहा कि, अगर वह लोग बिहार, बंगाल ओडिशा जैसे हमारे देश के राज्यों पर कब्जे की बात करेंगे तो वह बैठकर लॉलीपॉप नहीं चूसेगी। साथ ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बेहद गंभीर और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बात कही। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आज राज्य विधानसभा में कहा कि, बांग्लादेश के हालात पर यूएन हस्तक्षेप करे और वहां विशेष शांति सेना भेजे। भारत हमेशा से विश्व में शांति का प्रतीक रहा है। ममता बनर्जी ने कहा कि इस समय बांग्लादेश में टकराव का माहौल बन गया है। इसे निपटाने के लिए अंतरिम युनुस सरकार नाकाम नजर आती है। ऐसे में शांति सेना भेजकर वहां पर शांति स्थापित की जाए। ममता बनर्जी ने उक्त अंतरराष्ट्रीय मुद्दे पर मोदी सरकार के साथ खड़े होने की बात करते हुए यह साबित कर दिया है कि वह राजनीति से लेकर कूटनीति के मामलों में एक सफल नेता हैं और उन्हें पता है कि कब क्या करना चाहिए। साथ ही तृणमूल प्रमुख ने समाज को यह भी संदेश दिया कि, कुछ लोग आपसी सद्भावना को खराब कर सकते हैं ऐसे में शांति और सूझबूझ से काम लेना चाहिए। देखा जाए तो बांग्लादेश के मामले पर मोदी सरकार से हिंदू समाज जिस तरह की प्रतिक्रिया की उम्मीद कर रहा था वह नहीं दिखा। यह अलग बात है कि पीएम भले ही सामने नहीं आए हों लेकिन केन्द्र ने बंग्लादेश को संकेत में बता दिया है कि मामले पर भारत की आंखें बंद नहीं है। जबकि आरएसएस ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों को लेकर चिंता जाहिर की है। साथ केंद्र सरकार से सख्त कदम उठाने की अपील की है। कांग्रेस ने भी मुद्दे पर अपना पक्ष सामने रख दिया है। लेकिन देखा जाए तो बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों को लेकर बंगाल की सीएम ममता बनर्जी राजनीति से लेकर कूटनीति के मामलों में एक कदम आगे निकल गई है। ममता बनर्जी जब सांसद थी तब भी बंगाल में वाममोर्चा के शासन के दौरान बंगाल में अवैध बांग्लादेशियों का मुद्दा उठा चुकी है। लेकिन ममता बनर्जी की सरकार बनने के बाद भी बंगाल में अवैध बांग्लादेशियों का मुद्दा उठता रहा है। वैसे देखा जाए तो भाजपा के केन्द्रीय नेताओं के मुकाबले में बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर लगातार अत्याचार के मामले पर बंगाल भाजपा के नेता भी लगभग मौन ही है। लेकिन बंगाल में नेता प्रतिपक्ष व भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी जोरदार तौर पर उक्त मामले पर विरोध व्यक्त कर रहें हैं।

# आम जनता संविधान संशोधनों का इतिहास आरोप प्रत्यारोप पर नहीं बल्कि विजन 2047 के संविधान का रोडमैप जानने में रुचिकर है?

**अगर हम संविधान पर चर्चा में विपक्ष के नेता के संबोधन की करें तो,शनिवार को संसद में अपने भाषण की शुरुआत करते हुए उन्होंने सावरकर का ज़िक्र किया और कहा, सावरकार ने लिखा है कि भारत के संविधान के बारे में सबसे ख़राब चीज़ ये है कि इसमें कुछ भी भारतीय नहीं है।वेदों के बाद मनुस्मृति वो ग्रंथ है जो हमारे हिंदू राष्ट्र के लिए सबसे पूजनीय है और ये प्राचीन समय से हमारी संस्कृति, रीति-रिवाज, विचार और व्यवहार का आधार बना हुआ है, आज जो मनुस्मृति क़ानून है उन्होंने जो कहा वो सावरकर के शब्द हैं।उन्होंने कहा, सावरकर ने अपने लेखन में साफ कर दिया है कि हमारे संविधान में भारतीयता का कोई अंश नहीं है।**

**किशन सनमुखदास भावनानीं**

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के निचले सदन संसद लोकसभा में 13-14 दिसंबर 2024 को संविधान पर चर्चा को पूरी दुनियाँ ने देखा जो अब 16-17 दिसंबर 2024 को उपरी सदनराज्यसभा में भी होगी। लोकसभा की चर्चा पर मैंने दोनों दिन बारीकी से पैनी नज़र रखी व 14 दिसंबर 2024 को माननीय पीएम के जवाब के बाद सोशल इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया प्लेटफार्मस पर लगातार डिबेट मुलाकातें वदर्शकों द्वारा कमेंट्स का जोरदार दौर चल पड़ा जिसमें मैंने देखा कि बहुतेक विश्लेषकों कमेंट्स कर्ताओं को चर्चा का मकसद समझ नहीं आया, क्योंकि इसमें हर राजनीतिक दल, संविधान संशोधन के इतिहास की बातकर एक दूसरे दल की टांग खिंचाई एक दूसरे के संशोधनों को गैरवाज़बी व मतलबी संशोधन की संज्ञा देते रहे, तो किसी ने इसको इतिहास की क्लास की संज्ञा दी। मैंने विशेषण किया तो मुझे भी इस पर सार्थक चर्चा नज़र नहीं आई क्योंकि सभी दल एक दूसरे के द्वारा किए गए संशोधनों पर उंगली उठा रहे थे, इस पार्टी या व्यक्ति ने इतने, तो उस पार्टी या व्यक्ति ने उतने संशोधन किया। विशेष रूप से विपक्षी नेता के 25 मिनट के संबोधन में बहुत समय पीएम उपस्थित नहीं थे, तो वही 1 घंटा 50 मिनट के पीएम के संबोधन में कुछ समय विपक्षी नेता उपस्थित नहीं दिखे, परंतु इन सब से हटकर किसी ने भी ऐसा विचार व्यक्त नहीं किया कि आओ विज़न 2047 को रेखांकित कर हम संविधान में इस तरह का संशोधन आगे करें कि विज़न को शीघ्रअपनी डेट लाइन से पहले सार्थक सफ़ल बनाने के लिएसंविधान में संभावित संशोधन कर रणनीति बनाएं ताकि हम इस लक्षय को शीघ्र प्राप्त कर सकें। मुझे उम्मीद है कि 16-17 दिसंबर 2024 को उच्चसदन राज्यसभा में इसपर सार्थक चर्चा जरूर होगी।चूँकि लोकसभा में 13-14 दिसंबर 2024 को संविधान, पर चर्चा इतिहास की क्लास लगी अब राज्यसभा में 16-17 दिसंबर को चर्चा पर दुनियाँ की नज़रें लगी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,चर्चा-ए-संविधान, एट द रेटऑफ़ सांसद...जनता समझ नहीं पाई मकसद..।



भारत को इस किताब (संविधान) से नहीं बल्कि इस किताब (मनुस्मृति) से चलाया जाना चाहिए।उन्होंने कहा,आज इसी की लड़ाई है, मैं सत्ता पक्ष के लोगों से पूछना चाहता हूं कि क्या आप सावरकर के शब्दों का समर्थन करते हैं, क्योंकि जब आप संविधान के पक्ष में संसद में बोलते हैं तो आप सावरकर का मजाक उड़ा रहे होते हैं, उनको बदनाम कर रहे होते हैं। उन्होंने अपने संबोधन में इसके अलावा अग्निवीर , पेपर लीक, किसानों और उत्तर प्रदेश के बारे में भी कहा।उन्होंने कहा,आप महात्मा गांधी, पेरियार और दूसरे महान नेताओं की तारीफ़ करते हैं लेकिन हिचकिचाते हुए, सच तो ये है कि आप भारत को उसी तरह से चलाना चाहते हैं जैसे पहले चलाया जाता था।उन्होंने महाभारत के पात्र एकलव्य का ज़िक्र किया और कहा,जैसे एकलव्य ने तैयारी की थी, वैसे ही हिंदुस्तान के युवा सुबह उठकर अलग-अलग परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन जब आपने अग्निवीर लागू किया, तब आपने उन युवाओं की उंगली काटी,जब पेपर लीक होता है, तब आप युवाओं काअंगूठा काटते हैं।उन्होंने दिल्ली की सरहदों के पास किसानों के विरोध प्रदर्शन के बारे में कहा आज आपने किसानों पर आंसू गैस चलाया है,किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग करते हैं, लेकिन आप अडानी-अंबानी को फायदा पहुंचाते हैं।वे करीब 25 मिनट बोले।उनके बयान पर युवा मामलों के मंत्री ने जवाब दिया। उन्होंने कहा-आप अंगूठा काटने की बात कर रहे हैं। आपकी सरकार में तो सिखों के गले काटे गए, आपको देश से माफी मांगनी चाहिए। साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा 14 दिसंबर 2024 को जवाबी संबोधन की करें तो, इस दौरान कई मुद्दों पर चर्चा की, उन्होंने कांग्रेस पर तो निशाना साधा ही,सरकार की उपलब्धियां भी गिनवाईं और अनुच्छेद 370 पर भी बात की, उन्होंने परिवार का नाम नहीं लिया,लेकिन कहा कि कांग्रेस के एक परिवार ने हर स्तरपर देश को चुनौती दी है,उन्होंने कहा,इसलिए 75 साल में 55 साल एक परिवार ने राज किया,इसलिए देश में क्या-क्या हुआ ये जानने का सबको अधिकार है।उन्होंने कहा,1947 से 1952 तक इस देश में चुनी हुई सरकार नहीं थी।चुनाव नहीं हुए थे, एक अंतरिम व्यवस्था के रूप में खाका खड़ा किया गया था।1952 के पहले राज्यसभा का भी गठन नहीं हुआ था,राज्यों में भी कोई चुनाव नहीं थे, जनता का कोई आदेश भी नहीं था उसके बावजूद 1951 में जब चुनी हुई सरकार नहीं थी, उन्होंने संविधान को बदला और अभिव्यक्ति की आज़ादी पर हमला किया गया ये संविधान निर्माताओं का अपमान था।उन्होंने अपने संबोधन में जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी का नाम लिया और कहा कि क़रीब छह दशक में 75 बार संविधान बदला गया।जो बीज देश के पहले प्रधानमंत्री जी ने बोया था,उस बीज को खाद-पानी देने का काम एक और प्रधानमंत्री ने किया।1971 में सुप्रीम कोर्ट का एक फ़ैसला आया थाउस फ़ैसले को संविधान बदलकर पलट दिया गया और1971 में संविधान संशोधन किया गया था।उन्होंने हमारे देश की अदालत के पंख काट दिए थे।पीएम ने पूर्व पीएम का नाम लेते हुए कहा, इंदिरा जी के चुनाव को ग़ैर नीति के कारण अदालत ने खारिज कर दिया और उनको एमपी पदछोड़ने की नौबत आईतो उन्होंने देशपर इमरजेंसी थोप दी,अपनी कुर्सी बचाने के लिए,इतना ही नहीं 1975 में 39वां संशोधन किया, उसमें राष्ट्रपति,उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव के ख़िलाफ़ कोई कोर्ट में नहीं जा सकता।उन्होंने शाह बानो मामले का ज़िक्र किया और कहा,यहां बैठे कई दलों के मुखिया को भी जेलों में ठूंस दिया गया था। राजीव गांधी जी ने संविधान को एक और गंभीर झटका दिया। सुप्रीम कोर्ट ने शाह बानो का जजमेंट दिया था। कोर्ट से एक वृद्ध महिला को उसका हक़ मिला था, राजीव गांधी ने शाह बानो की उस भावना को, सुप्रीम कोर्ट की उस भावना को, नकार दिया।उन्होंने वोट बैंक की राजनीति की ख़ातिर संविधान की भावना को बलि चढ़ा दिया।न्याय के लिए तड़प रही एक महिला की बजाय उन्होंने कट्टर पंथियोंका साथ दिया,संसद में क़ानून बनाकर सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले को एक बार फिर पलट दिया गया उनकी सरकार देश में समान नागरिक संहिता लाने को कोशिश कर रही है।देश में समान नागरिक संहिता के विषय पर भी संविधान सभा में चर्चा हुई थी बहस के बाद निर्णय लिया गया कि जो भी सरकार चुनकर आएगी वो इस पर निर्णय लेगी और इसे लागू करेगी।धार्मिक आधार पर बने पर्सनल लॉ को ख़त्म करने की वकालत की गई उसके संविधान सभा की बहस में के.एम. मुंशी जी ने कहा था कि समान नागरिक संहिता को लाना राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अनिवार्य है। सुप्रीम कोर्ट ने भी कई बार कहा है कि देश में यूनिफार्म सिविल कोड जल्द से जल्द लाना चाहिए।संविधान निर्माताओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए हम पूरी ताकत से समान नागरिक संहिता को लाने में लगे हुए हैं।पीएम ने लोकसभा में 11 संकल्प रखे ये संकल्प है। हम इसी के हिसाब से आगे बढ़ रहे हैं (1) सभी नागरिक और सरकार अपने अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करें।(2) हर क्षेत्र और समाज को विकास का समान लाभ मिले, सबका साथ, सबका विकास' की भावना बनी रहे।(3) भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए और भ्रष्टाचारियों की सामाजिक स्वीकार्यता समाप्त हो। (4)देश के कानूनों और परंपराओं के पालन में गर्व का भाव जागृत हो।(5) गुलामी की मानसिकता से मुक्ति मिले और देश की सांस्कृतिक विरासत पर गर्व किया जाए। (6) राजनीति को परिवारवाद से मुक्त कर लोकतंत्र को सशक्त बनाया जाए।(7) संविधान का सम्मानहो और राजनीतिकस्वार्थ के लिए उसे हथियार न बनाया जाए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज आपको तन-मन में किसी बात का डर बना रहेगा। सगे-सम्बंधियों के साथ संघर्ष आपको विचलित कर सकते हैं। माता का स्वास्थ्य खराब होने की आशंका है। आर्थिक हानि और समाज मे अपयश मिलने की संभावना है।

**वृष**
मानसिक शांति और आनंद प्राप्त कर सकेंगे। दोस्तों के साथ आपके संबंध अधिक प्रगाढ़ होंगे। आपके यहां मेहमान, मित्र तथा सगे-सम्बंधी आने से आनंद का अनुभव होगा। किसी छोटी यात्रा पर जा सकते हैं। भाग्य का साथ मिलेगा।

**मिथुन**
आज आप समाज, मित्रों से सम्बंधित कामों में व्यस्त रहेंगे। उनके लिए पैसे भी खर्च हो सकते हैं। आज किसी खास व्यक्ति के साथ मिलना हो सकता है। विवाह योग्य जातकों के पास वैवाहिक प्रस्ताव आने की संभावना है।

**कर्क**
सोचे अनुसार काम नहीं हो सकेगा। आपके मन में चिंता रहेगी। ऑफिस में सहकर्मी आपको निराश करेंगे। उच्च अधिकारियों के साथ किसी भी विवाद को आज टालें अन्यथा नुकसान होगा। आज विरोधियों से भी बचकर रहें। पेट की तकलीफ हो सकती है।

**सिंह**
आज आप कल्पना और सृजनशीलता का अच्छा उपयोग कर सकेंगे। आप अपने बच्चों की अच्छी प्रगति से संतोष का अनुभव करेंगे। आपको गलत संघर्ष या विवाद में नहीं पड़ना चाहिए। पेट की तकलीफ हो सकती है।

**कन्या**
आपके घर-परिवार में सुख-शांति रहेगी। इस कारण मानसिक प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। आपके जीवन में कुछ सुखद प्रसंग बन सकते हैं। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। विद्यार्थी पढ़ाई में ध्यान नहीं दे सकेंगे। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**तुला**
आज आप नए काम की शुरुआत कर सकेंगे। भाग्य आपके साथ है। उनकी आय बढ़ेगी और नौकरी में पदोन्नति हो सकती है। आप सरकार की तरफ से लाभ प्राप्त कर सकेंगे। आपके वैवाहिक जीवन में मेल-जोल बना रहेगा।

**वृश्चिक**
वाणी पर संयम रखेंगे, तो बहुत सी कठिनाइयों से बच सकेंगे। परिजनों के साथ छोटे-मोटे मतभेद आपको मानसिक रूप से अस्वस्थ करेंगे। शेयर या सट्टे में आप पूंजी निवेश कर सकेंगे। मानसिक भय और असंतोष का अनुभव होगा।

**धनु**
उग्रता और नकारात्मकता आपके मन को बेचैन कर देंगे। खान-पान में सावधानी रखना आवश्यक है। खर्च बढ़ने से आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा। नए सम्बंध आपको कठिनाई में डाल सकते हैं।

**मकर**
उच्च अधिकारी आपकी प्रशंसा करके आपका उत्साह बढ़ाएंगे। जो कार्य विलंबित हैं, वे पूरा कर सकेंगे। पति-पत्नी के बीच रोमांस बना रहेगा। आज आपको थोड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। थकान और सुस्ती अनुभव करेंगे।

**कुंभ**
वित्तीय लाभ होने की संभावना है। काम में सभी का सहयोग प्राप्त कर सकेंगे। अपने विरोधियों का पूरी क्षमता के साथ सामना कर सकेंगे। भाग्य आपके साथ है। आज बौद्धिक काम और चर्चा आपके लिए महत्वपूर्ण रहेंगे।

**मीन**
आपके वैवाहिक जीवन में थोड़ा मतभेद होने से आप दुःख का अनुभव करेंगे। पति अथवा पत्नी की तबीयत खराब होने की आशंका बनी रहेगी। दोस्तों से मिलकर आप बहुत खुशी अनुभव करेंगे। आज परिस्थिति आपके अनुकूल रहेगी। मन पर नियंत्रण रखना आवश्यक है।

## शख्सियत

**बढ़ता राजस्थान**



स्व: जय सिंह नाथावत
( पुलिस अधिकारी )

नमस्कार मित्रों हमारी आज की शख्सियत कॉलम में हम एक ऐसी शख्सियत को बताने जा रहे है जोकि पुलिस के लिए ही समर्पित रहे। वैल पुलिसिंग क्या होती है,पुरानी पुलिसिंग क्या होती है ये नए पुलिस अधिकारियों को समझनी चाहिए खास कर उन पुराने पुलिसकर्मियों से जिन्होंने बिना संसाधन के अपराध पर अंकुश लगाकर अपराधियों को उनके असली ठिकाने पहुँचाया। एक ऐसा ही नाम है स्व. जयसिंह नाथावत साब का जीवन दर्शन। बेहद सुलझे और शानदार पुलिस अधिकारी के रूप में राजस्थान में उन्हें जाना जाता है। मुखबिर वाली पुलिससिंग के लिए नाथावत जी बेहद प्रसिद्ध रहे थे। अनके थानों में सब इंस्पेक्टर रहते हुए थानाधिकारी रहे उसके बाद सीआई बने और बड़े पुलिस थानों में पोस्टेड़ रहे लम्बे समय डिप्टी एसपी रहे और पदौन्नत होकर एडिशनल एसपी बने और कोविड़ के दौरान ईश्वर को प्यारे हो गए। इनकी शानदार पुलिसिंग के किस्से आजकल के पुलिस कर्मियों व पुलिस अधिकारियों को सुनने चाहिए ताकि वे पुलिसिंग समझ सकें। जयसिंह भिवाड़ी के नए थानाधिकारी बने तो एक नामी बदमाश था जिसे पुलिस द्वारा अरेस्ट करना था। जयसिंह जी ने उस बदमाश युवक के बारे में काफी सुना हुआ था। पुलिस की स्पेशल सेल के सिपाहियों द्वारा उस युवक के बारे में जयसिंह जी ने पूरी जानकारी ली तो पता चला कि बदमाश पुलिस से नहीं डरता। तो जयसिंह जी ने उसके पास रहने वाले बदमाश किस्म के युवकों को पकड़ लिया और उन्हे थाने ले आए उसकी पूछताछ के लिए और उनसे कहा कि उसे तो ढूंढ ही लूंगा चाहे किसी भी कोने में दुबक जाए मेरा नाम जयसिंह है उससे कहना पता कर ले मेरे बारे में और ये कह कर उन युवकों को छोड़ दिया ताकि वे मैसेज कर सकें वहां जाकर। मुखबिर की सूचना से पता चल गया कि अमुक बदमाश अपने घर पर ही है तो जाप्ते के साथ उसके घर पहुँच गए और गेट बजाकर उसे पुकारा ,पुलिस को देखकर घर वाले बोले वो तो बाहर गया है यहां नहीं है। जयसिंह जी को पता था कि बदमाश भीतर ही छिपा हुआ है तो बोले कि आए तो सीधे थाने भेज देना नहीं तो उल्टा पटक कर ले जाऊंगा उसे। उसके बाद ऐसे ही तीन चार बार कर ड़ाला बदमाश अब डरने लग गया जिसे पुलिस से डर नहीं लगता था वो अब पुलिस से डरने लगा। इनके अंडर में ट्रेनिग लेने वाले आईपीएस अधिकारियों ने जब पूछा कि ऐसा क्यों किया जा रहा है तो वे बोले कि यदि इसे पकड़ लिया तो कोर्ट में पेश करेंगे वहां से जेल होगी तो पुलिस का खौफ नहीं बनेगा। ऐसे करने पर बदमाश की हिम्मत टूटेगी और वो तौबा करेगा बदमाशी से। कुछ दिन बाद बदमाश पुलिस की गाड़ी की आवाज और वर्दी वाली पुलिस से खौफ खाने लगा। काफी दिन ऐसे ही ड्रामा चलता रहा और एक दिन उसे जयसिंह जी उठा लाए। उसे पकड़ा और कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया लेकिन पुलिस के प्रति उसका खौफ बरकरार रहा। ऐसे अनेकों किस्से हैं दोस्तों जहां ये पता चलता है कि पुरानी पुलिसिंग क्यों कारगर थी अपराध को रोकने में। दैनिक बढता राजस्थान की टीम का ये आलेख उनके लिए समर्पित है।

**रूपक शर्मा**

## आज का इतिहास

### 16 दिसंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- जापान के माउंट फुजी पर्वत में 1707 में अंतिम बार ज्वालामुखी विस्फोट हुआ।
- ग्रेट नॉर्थ हॉलैंड नहर 1824 में खोली गयी।
- ब्रिटिश संसद की अधिकार घोषणा को राजा विलियम तथा रानी मेरी ने 1889 में स्वीकार कर शासन में जनता के अधिकार को मान्यता दी।
- चीन में 1920 में आए भूकंप के कारण से 1 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हो गई यह भूकंप चीन के कान्सू प्रांत में आया था।
- आस्ट्रेलिया के महान् बल्लेबाज सर डान ब्रैडमैन ने 1927 में न्यूसाउथ वेल्स और दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच से अपने प्रथम श्रेणी क्रिकेट की शुरुआत की।
- कलकत्ता विद्युत आपूर्ति निगम ने 1929 में हुगली नदी के भीतर नहर की खुदाई आरंभ की।
- जर्मन रसायनशास्त्री ओटो हान ने 1938 में यूरेनियम के नाभिकीय विखंडन की खोज की।
- जापान के दो बार प्रधानमंत्री फूमिमारो कनोए ने 1945 में युद्ध अपराधों का सामना करने की बजाए आत्महत्या कर लिया।
- हैदराबाद में सालार जंग संग्रहालय की 1951 में स्थापना की गयी।
- कोलंबिया की राजधानी बोगोटा में 1958 में एक गोदाम में लगी भीषण आग में 82 लोगों की मौत।
- पश्चिमी पाकिस्तान के लोवाराय दर्रे में 1959 में भारी बर्फबारी से 48 लोगों की मौत।
- अमेरिका के न्यूयार्क शहर में 1960 में हुए दो विमानों की टक्कर के कारण 136 लोग मारे गए।
- भारत और पाकिस्तान के बीच 1971 में संघर्ष विराम पर सहमति के बाद बंगलादेश पाकिस्तान से पृथक् होकर स्वतंत्र राष्ट्र बना।
- तमिलनाडु के कलपक्कम में 1985 में पहले फास्ट ब्रीडर टेस्ट रिएक्टर (एफबीटीआर) की स्थापना।
- नयी दिल्ली में 1993 में 'सभी के लिए शिक्षा' सम्मेलन प्रारम्भ।
- गोलन पहाड़ी के मुद्दे पर 1999 में सीरिया-इस्रायल वार्ता विफल।
- नेपाल में अंतरिक्ष संविधान को 2006 में अंतिम रूप दिया गया। इसके तहत राजा ज्ञानेन्द्र को देश के प्रमुख के पद से हटा दिया गया।
- बांग्लादेश ने 2007 में पाकिस्तान से मुक्ति दिवस का 36वाँ विजय दिवस मनाया।
- केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के शिक्षकों के वेतन पुनरीक्षण को 2008 में गठित चड्ढा समिति की संस्तुतियों को केन्द्र सरकार ने मंज़ूर किया।

## विशेष आलेख

# दहेज प्रताड़ना के कानून से भी ज्यादा खतरनाक है एससी एसटी का कानून

**यतेन्द्र पाण्डेय**



दहेज प्रताड़ना कानून के अंतर्गत हुई कार्यवाहियों से परेशान होकर बेंगलुरू के एआई इंजीनियर अतुल सुभाष के सुसाइड कर लेने के बाद अब देशभर में दहेज प्रताड़ना कानून के नाम पर हो रही ज्यादतियों को लेकर चर्चा हो रही है। न्यूज़ चैनलों पर इस कानून के प्रावधानों को लेकर बहस हो रही है। अधिकांश लोगों का मानना है कि इस कानून की आड़ में निर्दोष लोगों को परेशान किया जाता है। पीड़ित महिला के बयान के आधार पर ही पति के साथ-साथ सास ससुर, ननद देवरानी आदि रिश्तेदारों को भी मुजरिम बना दिया जाता है। भले ही पीड़ित महिला अपने पति के साथ दूसरे शहर में रहती हो, लेकिन फिर भी ससुराल वालों पर आरोप लगाए जाते हैं। इंजीनियर अतुल सुभाष ने सुसाइड करने से पहले एक वीडियो बनाया और अपने केस के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अतुल सुभाष का कहना रहा कि पुलिस ही नहीं अदालतें भी दहेज प्रताड़ना के मामले में न्याय नहीं कर रही है। पुलिस में चल रहे भ्रष्टाचार को भी अतुल ने उजागर किया है। आज देश भर में जिस तरह दहेज प्रताड़ना कानून को लेकर चर्चा हो रही है, वैसी ही चर्चा एससी एसटी (अत्याचार निवारण) कानून को लेकर भी होनी चाहिए। इस कानून में भी शिकायतकर्ता के आरोप मात्र पर ही गिरफ्तारी हो जाती है। संबंधित व्यक्ति ने जातिसूचक शब्द बोलकर अपमानित किया या नहीं इसकी जांच बाद में होती है। प्रथम दृष्टया यह माना जाता है कि एससी एसटी वर्ग के व्यक्ति ने जो बात कही है, वह सही है। गंभीर बात तो यह है कि बिना जांच के गिरफ्तारी होने पर अधीनस्थ अदालतें भी जमानत नहीं देती है। जबकि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने कई बार कहा है कि अधीनस्थ अदालतों को जमानत देने से घबराना नहीं चाहिए। यदि न्यायाधीश को यह लगता है कि आरोपी व्यक्ति निर्दोष है तो जमानत दी जानी चाहिए। आज जिस प्रकार दहेज प्रताड़ना कानून के दुरुपयोग के आरोप लग रहे हैं उसी प्रकार एससी एसटी कानून के दुरुपयोग की भी खबरें आ रही है। रिकॉर्ड बताता है कि एससी एसटी के आधे से ज्यादा मामलों में अदालतों में आरोप लगाने वाला व्यक्ति बयान बदला देता है। कई मामलों में समझौता भी हो जाता है। यह सही है कि समाज में सामाजिक भेदभाव को समाप्त करने के लिए एससी एसटी (अत्याचार निवारण) कानून बनाया गया है।

कई मामलों में यह कानून जरूरी भी है, लेकिन देखने में आया है कि व्यक्तिगत दुश्मनी निकालने के लिए भी ऐसे आरोप लगा दिए जाते हैं। यदि किसी श्रमिक को मन मर्जी का मेहनताना नहीं मिला तो वह भी संबंधित व्यक्ति के खिलाफ एससी एसटी कानून में मुकदमा दर्ज करवा देता है। कई बार अधीनस्थ कर्मचारी उच्च अधिकारी के खिलाफ भी ऐसा मुकदमा दर्ज करवा देता है। जब रिपोर्ट लिखाई जाती है तो सबसे ज्यादा मौज पुलिस की होती है। बिना जांच के गिरफ्तारी का डर दिखाकर पुलिस अपना स्वार्थ पूरा कर लेती है। ऐसे मामलों में भारी लेनदेन होता है। जो व्यक्ति मोटी राशि देने में असमर्थक है उसे जेल जाना ही पड़ता है। इस कानून के कारण ही आज हजारों लोग बेवजह जेलों में पड़े हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्था में जब एससी एसटी वर्ग के लोग प्रशासन के साथ-साथ राजनीति में भी उच्च पदों पर बैठे हैं, तब इस कानून के सख्त प्रावधानों पर विचार होना ही चाहिए।

## आध्यात्मिक प्रसंग : हम सभी दुर्योधन........



भगवान श्रीकृष्ण ने दुर्योधन को विराट रूप दिखाकर उसे यह बताना चाहा था कि वह व्यर्थ प्रयास कर रहा है और अधर्म के रास्ते पर है। दुर्योधन ने जब भगवान श्रीकृष्ण को बंदी बनाने की कोशिश की थी, तब उन्होंने भरी सभा में अपना विराट रूप धारण किया था। इस रूप को देखकर दुर्योधन और उसका दुष्ट मामा शकुनि भयभीत हो गए थे। श्रीकृष्?ण के इस विराट रूप में विद्युत के समान कान्ति वाले तथा अंगूठे के बराबर छोटे शरीर वाले देवता आग की लपटें छोडने लगे। उनके ललाट में ब्रह्मा और वक्ष स्थल में रुद्र देव विद्यमान थे। धृतराष्ट्र की सभा में धारण किया विराट रूप जब भगवान श्री कृष्ण कौरवों के पास पांडवों के शांति दूत बनकर गए थे, तब दुर्योधन ने उन्हें बंदी बनाने का प्रयास किया। इसपर भगवान भरी सभा में अपने विराट रूप में आ गए थे। हम सभी सही मायनें में दुर्योधन ही हैं मित्रों,आसमान में 500 लोगों को लेकर उड़ने वाला हवाई जहाज गांव के बालक को चिड़िया लगता हैं, ठीक ऐसे ही प्लेन में बैठे व्यक्ति को अनन्य व अनन्त प्रवाह से बहती पवित्र नदी माँ गंगा एक नाला सा प्रतीत होती है। बस यही हाल हमारा है..हम काम,क्रोध,लोभ,मोह अहंकार व कपट रूपी जहाज में सवार है इसलिए ईश्वर उतने ही नजर आते हैं जितना अज्ञानी को वृहद व विस्तार को अपने मे समाए अनन्त-योगिनी,पवित्र ,पावन गंगा एक तुच्छ सा नाला नजर आता है। ठीक ऐसे ही हम उस धरती पर खड़े होकर अपने अभिमान और अहंकार में भरे रहते हैं इसलिए 500 यात्रियों को ले जाने वाला हवाई जहाज एक चिड़िया सी नजर आता है।

**रूपक शर्मा**
**संपादकीय प्रभारी,**
**अलवर संस्करण बढ़ता राजस्थान**

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

## महिला जागृति संस्थान का राजस्थानी घूमर सीजन-4

# बेटियों की माओं को मिला 'बेटी रत्न आवार्ड', मंच पर सम्मान पाकर गोरान्वित हुई एक दर्जन से अधिक माएं




बढ़ता राजस्थान

**गंगापुरसिटी ( अब्दुल माहिर )।** महिला जागृति संस्थान की ओर से रविवार को राजस्थानी घूमर सीजन-4 का आयोजन किया गया। हिंडौन रोड स्थित अर्जुन पैलेस में हुए कार्यक्रम में महिलाओं ने घूमर व ग्रुप डांस कर रंगारंग प्रस्तुतियां दी। बेहतर प्रस्तुति देने वाले महिला ग्रुपों को सम्मानित किया गया। यहां राजस्थानी घूमर कार्यक्रम में एक बार फिर संस्थान की ओर दिए जाने वाला 'बेटी अन्मोल रत्न' आवार्ड चर्चा में रहा। आपकों को बतादें कि महिला जागृति संस्थान गंगापुरसिटी में प्रतिवर्ष राजस्थानी घूमर कार्यक्रम में उन महिलाओं को जिनके दो या इससे अधिक बेटी है, बेटा नहीं है। यह अवार्ड देती है। इस वर्ष एक दर्जन से अधिक सर्वसमाज की ऐसी महिलाओं को मंच पर बुलाकर प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। संस्थान जिलाध्यक्ष डॉ. कुसुम गुप्ता ने बताया कि यह सच है कि मानव समाज में आज भी बेटी की पैदाइश पर परिवार में गमगीन माहौल हो जाता है। इसका मुख्य कारण दहेज प्रथा जैसी बुराई है। इस आवार्ड के पीछे हमारा मकसद समाज में दहेज प्रथा और भ्रुण हत्या जैसी कुरितियों को जड़ से खत्म करना है। हम चाहते हैं कि बेटी के जन्म पर भी घरों में शहनाई बजे। मिठाईयां बटे। बेटी को जन्म देने वाली मां कुंठित नहीं हो। वह भी समाज में निश्चिंत होकर गर्व से जी सके।

**पक्षी सेवा सहयोग सम्मान :** कार्यक्रम के दौरान संस्थान की ओर से पक्षी सेवा सहयोगी सम्मान से भी महिलाओं को नवाजा गया। संस्थान की महामंत्री रजनी गुप्ता ने बताया कि हमारी संस्थान की ओर से पशु-पक्षियों के दाने-पानी की भी निरंतर व्यवस्था जाती है। पक्षियों को दाना डालने के साथ ही गायों के लिए प्रतिदिन हरा चारा डाला जाता है। इस कार्य में जो लोग सहयोग करते हैं, उन्हें भी प्रति वर्ष सम्मानित किया जाता है। रविवार को भी ऐसे लोगों को मंच से सम्मानित किया गया।

### खुले बोरवेल ढकने वालों को प्रोत्साहन

अध्यक्ष डॉ. कुसुम गुप्ता ने मंच से कहा कि हाल ही दौसा जिले में खुले बोरवेल में गिरने से एक मासूम की जान चली गई। हमारी संस्थान ने आज से संकल्प लिया है कि जहां भी खुले बोरवेल हैं, उन्हें बंद करवाया जाएगा। इसके लिए जो लोग खुले बोरवेल को बंद कर संस्थान को फोटो भेजेंगे उन्हें संस्थान 250 रुपए प्रोत्साहन राशि के रूप में देगी। जहां खुले बोरवेल हैं, वहां संस्थान कार्रवाई करवाएगी। कोषाध्यक्ष सीमा गुप्ता ने संस्थान की गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान समाज सेवी विमला मीणा, खण्डेलवाल महिला मंडल की चेयरपर्सन अंजना रावत सहित कई सामाजिक व राजनीतिक हस्तियां भी मौजूद रही।

## महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में 20 नवीन आंगनबाड़ी केंद्रो का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** राज्य सरकार के 1 वर्ष होने के उपलक्ष्य में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा टोंक जिले में 20 नवीन आंगनबाड़ी केंद्रो का शुभारंभ किया गया। महिला एवं बाल विकास की उपनिदेशक सरोज मीणा ने बताया कि तहसील देवली के ग्राम सरकावास, फतेहपुरा, रूपारेल में नवीन आंगनबाड़ी केंद्र खोले गए है। इसी प्रकार अलीगढ़ (उनियारा) के ग्राम सिंदोली, बालापुरा, तहसील मालपुरा के ग्राम रघुनाथपुरा, नयागांव, जादमों की ढाणी, तहसील पीपलू के ग्राम संदेड़ा फार्म, मोहनाबाद, तहसील निवाई के ग्राम बैरवा ढाणी (खंडवा), भैरूपुरा (खिड़गी), जुगलपुराखुर्द में आंगनबाड़ी केंद्र खोले गए है। इसके साथ ही, टोंक ग्रामीण के ग्राम सरदारपुरा, मीरगंज शेरपुर, देवंगज तथा टोंक शहर के वार्ड नंबर 22 पीली तलाई एवं वार्ड नंबर 21 बाड़ा जेरे किला में तथा टोडारायसिंह के पंचमुखी कॉलोनी और भगवानपुरा में नवीन केंद्र खोले गए है। उपनिदेशक मीणा ने बताया कि जिले में शनिवार से सभी आंगनबाड़ी केंद्रो पर मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना के तहत 3 से 6 वर्ष के आयु बालक-बालिकाओं को अल्पाहार टाइम पर गरम पीने योग्य दूध भी दिया गया। जिससे जिले के लगभग 35 हजार बालक-बालिकाएं लाभान्वित होंगें। उपनिदेशक ने बताया कि दूध मगंलवार, गुरुवार एवं शनिवार को दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा 1500 रुपये की अतिरिक्त किस्त योजना का भी शुभारंभ किया गया। इससे पूर्व लाभार्थी को प्रथम प्रसव पर 5 हजार की राशि का दो किस्तों में भुगतान किया जा रहा है। जिसे माह अप्रेल 2024 के बाद जन्में बच्चों की माता को बढ़ाकर 6 हजार 500 किया गया है। साथ ही, 1500 की राशि का भुगतान डीबीटी के माध्यम से अतिरिक्त किश्त रूप में किया गया।

## कृषि ऑडिटोरियम में आयोजित जिला विकास प्रदर्शनी को बड़ी संख्या में आमजन ने सराहा



बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** राज्य सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय टोंक की ओर से कृषि ऑडिटोरियम में लगाई गई जिला विकास प्रदर्शनी का रविवार को बड़ी संख्या में आमजन ने देखा और सरकार की और से किये गए कार्यों को सराहा। प्रदर्शनी में मौजूद कार्यालय के वरिष्ठ सहायक अक्षय नागरा एवं जनसंपर्क कर्मी रिजवान अनीस ने आमजन को सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही, विभिन्न विभागों की उपलब्धियों के बारे में बताया। यह प्रदर्शनी आमजन के लिए मंगलवार, 17 दिसंबर तक खुली रहेगी। आमजन कार्यालय समय में विकास प्रदर्शनी का अवलोकन कर सकते है।

## पेट्रोल पंप संचालकों को पेट्रोल एवं डीजल का स्टॉक रिजर्व रखने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ग्राम दादिया वाटिका जयपुर में राज्य स्तरीय समारोह में भाग लेने वाले आमजन एवं लाभार्थियों को लेकर जाने वाले नियोजित वाहनों के ईंधन के लिए जिले के पेट्रोल पंप संचालकों को आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत पेट्रोल एवं डीजल का स्टॉक 16 से 18 दिसंबर तक रिजर्व रखने के निर्देश दिए है। जिला कलेक्टर ने आदेश दिए है कि समस्त पेट्रोल पंप संचालक 1 हजार लीटर पेट्रोल, 2500 लीटर डीजल एवं 200 लीटर ऑयल का स्टॉक (डेड स्टॉक के अतिरिक्त) रिजर्व रखेंगे। साथ ही, समारोह में लगे वाहनों में परिवहन विभाग द्वारा जारी पीओएल कूपनों के अनुसार आपूर्ति देना सुनिश्चित करेंगे। आदेश की अवहेलना करने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत अपराध माना जावेगा।

## भाजपा कार्यकर्ताओ ने मनाया मुख्यमंत्री शर्मा का जन्मदिन



बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा( नि.स. )।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओ ने 59वें जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान मुख्यमंत्री शर्मा के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओ ने गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा कर सेवा दिवस के रूप में मनाया। भाजपा नटवाड़ा मण्डल के कार्यकर्ताओ द्वारा गोवंश को गुड खिलाकर हरा चारा डाला गया। इस दौरान विभिन्न सामाजिक और परोपकार कार्यक्रम आयोजित किए गये। इस अवसर पर शक्ति केंद्र प्रभारी रामदेव प्रजापत, बद्री विजय, तेजभँवर सिंह राठौड़, मुकेश कीर, शंकर मोठिया, रामजी लाल बोकण, श्याम जोशी, सांवरा जोशी, मूलचंद धाबाई, देवलाल धाबाई, सूरज मल गौतम, हनुमान धाबाई, बाबू लाल धाबाई सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 20 जरूरतमंद परिवारो को बांटे ऊनी कम्बल




बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** सिकोईडिकोन संस्था द्वारा अपने जरूरतमंद लोगो को सर्दी से बचाव के लिए शुरू किए गए कम्बल वितरण कार्यक्रम के अन्तर्गत रविवार को क्षेत्र की मोरला ग्राम पंचायत क्षेत्र के 20 जरूरतमंद लोगो को ऊनी कम्बलो का वितरण किया गया।

## 56 फुट ऊंचा पक्षी विला बन कर तैयार

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन की ओर से शहर के अति प्राचीन बम्ब तालाब के मध्य स्थित छतरेश्वर महादेव मन्दिर परिसर में जन सहयोग से 56 फुट पक्षी बिला बन कर तैयार हो गया है। क्लब अध्यक्ष अमित विजय एवं पूर्व अध्यक्ष पवन जैन संगम ने बताया कि क्लब के सभी सदस्यो की एक राय के बाद बम्ब तालाब के मध्य स्थित छतरेश्वर महादेव मन्दिर परिसर स्थित उद्यान में पक्षी विला बनाने का निर्णय लिया गया। क्लब की ओर से इसके लिए आवश्यक तैयार कर गुजराज प्रान्त की कम्पनी को ठेका दिया गया। साथ ही पक्षी विला बनाने के लिए जन सहयोग लेने का भी निर्णय लिया। निर्णय की पालना में शहर के दानदाताओं एवं भामाशाहो से सम्पर्क किया गया। सम्पर्क करने पर सभी भामाशाह एवं दानदाताओं ने दान किया। उन्होंने बताया कि जन सहयोग से क्लब की ओर से 56 फुट ऊंचाई का पक्षी विला बन कर तैयार हो गया है। क्लब द्वारा शीघ्र ही इस विला का विधिवत उद्धाटन करने की तैयारी की जा रही है।

## द्विकुण्डीय यज्ञ का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** शास्त्री नगर के सोतियो के मौहल्ले में शिव युवा विकास समिति मालपुरा के तत्वावधान में रविवार को द्विकण्डीय गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। समिति के राकेश शर्मा ने बताया कि देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार में अध्ययनरत विद्यार्थियों की टोली व गायत्री शक्ति पीठ मालपुरा द्वारा भारतीय संस्कृति के प्रचार प्रसार हेतु यज्ञो का आयोजन करवाया गया है। इसी कड़ी में इस यज्ञ का आयोजन किया गया। शर्मा ने बताया कि इस मौके पर मौजुद मौहल्लेवासियो एवं धर्मप्रेमी लोगो ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ में आहुतियां दी।

## सोशल मीडिया पर वीडियो हो रहा वायरल

# रणथम्भौर : बाघ कर रहा था सांभर का शिकार साइटिंग के लिए नजदीक लगा दी जिप्सी

### एनटीसीए की गाइडलाइन हुई हवा

राकेश शर्मा



**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** कहने को यूं तो नेशनल टाइगर कनजर्वेशन अथॉरिटी ऑफ इण्डिया (एनटीसीए) की ओर से पार्क भ्रमण के दौरान टाइगर साइटिंग के लिए कुछ गाइडलाइन जारी की गई है। इसके तहत पार्क भ्रमण में टाइगर साइटिंग के दौरान पर्यटन वाहन की बाघ या बाघिन से कम से कम 20 से 30 मीटर तक की दूरी होनी चाहिए, लेकिन रणथम्भौर में पार्क भ्रमण के दौरान पर्यटकों को खुश करने के लिए नियमों को ताक में रखकर बाघ या बाघिन के समीप जिप्सी या अन्य पर्यटन वाहन को खड़ा कर देते हैं। इसके बाद भी आम तौर पर वन विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

**पर्यटन सीजन्स पीक पर :** उल्लेखनीय है कि रणथम्भौर में वर्तमान में मौजूदा पर्यटन सीजन पीक पर चल रहा है। बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक यहां पर पार्क भ्रमण के लिए आ रहे हैं। वहीं बाघ-बाघिन भी पर्यटकों को निराश नहीं कर रहे हैं। पर्यटकों को भ्रमण के दौरान बाघ-बाघिन की जमकर साइटिंग हो रही है। लेकिन साइटिंग के लिए पार्क भ्रमण के नियमों को भी खुलेआम ताक पर रखा जा रहा है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है।

**मॉनिटरिंग वे ट्रेकिग पर खड़े हुए सवाल :** जानकारी के अनुसार गत दिनों रणथम्भौर के जोन दो में एक बाघ या फिर बाघिन ने सांभर का शिकार किया था। सुबह की पारी में पार्क भ्रमण पर गए पर्यटकों ने इस नजारे को देखा और कैमरे में भी कैद किया। लेकिन इस घटना के सामने आने के बाद एक बार फिर वन विभाग की मॉनिटरिंग और ट्रेकिंग पर सवाल खड़े हो रहे हैं। दरअसल पार्क भ्रमण के दौरान एक चालक पर्यटकों को बाघ की साइटिंग कराने के लिए जिप्सी को बाघ के समीप ले गया। इस दौरान बाघ शिकार कर रहा था। ऐसे में हादसे की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता है!

# मुख्यमंत्री शर्मा के जन्म दिवस के मौके पर रोगियो को फल वितरण के बाद हुआ रक्तदान शिविर

## 61 जनो ने किया रक्तदान, भजन कीर्तन में झूमे श्रद्धालु

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्म दिवस के मौके पर रोगियो को फल वितरण के बाद मेडिकल एसोशियन मालपुरा के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में 61 जनो ने रक्तदान किया।

रविवार को प्रदेश के मुख्यमत्री भजनलाल शर्मा के जन्म दिवस के मौके पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से अनेक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष त्रिलोकचन्द जैन एवं भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष सुमन आगीवाल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुचे। जहां सभी भाजपाईयो ने भर्ती रोगियो को फल वितरण कर शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। वहीं मेडिकल एसोशियसन मालपुरा के सहयोग से स्वास्थ्य केन्द् में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ एसोशियन अध्यक्ष डॉ. राजकुमार गुप्ता ने एसोसियसन के सदस्यो की मोजुदगी में किया। एसोशियसन के अमित विजयवर्गीय ने बताया कि शिविर में ड्रग इंस्पेक्टर पवन चौधरी ने भी शिरकत कर दानदाताओं का हौसला बढ़ाया। विजय ने बताया कि शिविर में कुल 61 जनो ने रक्तदान किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्म दिवस के मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी के सहयोग से सुभाष सर्किल के नजदीक स्थित खेजड़ो के भैंरू जी के यहां भजन कीर्तन आयोलित किया गया। इसमें पालिकाध्यक्ष सहित सैकड़ो महिलाओं ने भाग लिया। साथ ही भजन कीर्तन में महिलाऐं झूमी। सायंकाल के समय भैंरू जी महाराज की महाआरती के बाद पौषबड़ा प्रसादी का भोग लगाया जाकर प्रसादी का वितरण किया गया। फल वितरण के समय जिला आयोजना समिति सदस्य एवं पार्षद डॉ. अकिंत जैन, पूर्व पार्षद मनोहर सिंधी, नोरत बीलवाल, कन्हैयालाल शर्मा, अक्षय सोनी, मनीष जैन टोरड़ी सहित अन्य कई भाजपा कार्यकर्ता मौजुद रहे।

## 64 दिन के बाद पीड़ित परिवार ने प्रशासन द्वारा समझाइश के बाद किया धरना समाप्त

### आर्थिक मांगे और अन्य महत्वपूर्ण मांगे पूरी न होने की वजह से परिवार हताश और निराश नजर आया



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला कलेक्ट्रेट के बाहर पिछले 63 दिनों से चल रहा एक परिवार का धरना प्रशासन द्वारा कुछ मांगे पूरी करने और समझाइश इसके बाद पीड़ित परिवार ने अपना धरना समाप्त कर दिया! हालांकि कुछ मांगे पुरी में होने से परिवार हताश और निराश नजर आया पीड़ित परिवार का आरोप है कि राजनीतिक कारणों से इस परिवार की मांग नहीं मानी गई है! पीड़ित परिवार का दावा है कि प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि अन्य मागों पर भी शीघ्र विचार किया जाएगा।

### ये मांगे मानी

धरना समाप्ति के समय उपस्थित डिप्टी ग्रामीण लाभूराम ने बताया है कि पीड़ित परिवार की ओर से की गई महत्वपूर्ण मांगों में जांच थाना अधिकारी से बदलकर डिप्टी स्तर के अधिकारी को दिए जाने को मान लिया है, अब जांच स्वयं लाभूराम करेंगे । उन्होंने बताया कि गांव में दो सुरक्षाकर्मी परिवार की सुरक्षा के लिए आज से लगा दिए जाएंगे। मामले में शेष आरोपियों की गिरफ्तारी और जांच तथ्यों की बारीकी से छानबीन कर जांच की जाएगी । उन्होंने बताया कि गांव में विवाद के मुख्य कारण रास्ते में गड़े हुए खूंटे को सोमवार को तहसीलदार की उपस्थिति में हटवाया जाएगा।

### ये मांगे रह गई अधूरी

पीड़ित परिवार की ओर से घनश्याम सिसोदिया ने बताया कि उनकी मुख्य मांग दोनों भाइयों की विधवा महिलाओं को और 11 बच्चों को 25-25 लाख रुपए दिए जाने की भी थी जो जिला प्रशासन और सरकार ने पूरी नहीं करवाई । धरना समाप्ति के वक्त सामाजिक संगठन भूप्रेमी परिवार के मुकेश कुमार भूप्रेमी, प्रेमराज, अवधेश शर्मा,यशवंत भूप्रेमी आदि उपस्थित रहे जिन्होंने सभी बच्चों को किताबें और बैग इत्यादि का मौके पर प्रबंध किया वहीं परिवार के साथ हर प्रकार की सहयोग के साथ ही बच्चों की शिक्षा के लिए हमेशा सहयोग करते रहने की बात कही ।

# लाभार्थियों के सुगम ठहराव, रवानगी एवं वापसी के दायित्वों को कुशलता से निभाएं : डॉ. सौम्या झा

बढ़ता राजस्थान



**टोंक, ( का.स. )।** वर्तमान सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 17 दिसंबर को ग्राम दादिया, जयपुर में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह में बूंदी, कोटा, बारां, चित्तौड़गढ़, गंगापुर सिटी जिले के लाभार्थी बसों द्वारा यात्रा कर समारोह स्थल पर पहुंचेंगे। टोंक जिले में इन जिलों के लिए लाभार्थियों की बसों के ठहराव के चिन्हित स्थलों का रविवार को जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा और पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने निरीक्षण किया। उन्होंने पेयजल, चाय, नाश्ता,गरम पानी, अलाव, विद्युत व्यवस्था पब्लिक अनाउंस सिस्टम, बसों की पार्किंग समेत अन्य व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, नगर परिषद आयुक्त समेत अन्य अधिकारियों को लाभार्थियों के सुगम ठहराव एवं सुरक्षित रवानगी व वापसी के दायित्वों का कुशलता से निर्वहन करने के निर्देश दिए।

जिला स्काउट एंड गाइड फैलोशिप का वन भ्रमण एवं साधारण सभा का आयोजन

# आपसी मेल मिलाप एवं भाईचारे से सेवा कार्यो में वृद्धि एवं सदस्यता में वृद्धि से देश की उन्नति सम्भव : गिरीश गुप्ता

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** रविवार को अलवर जिला स्काउट एंड गाइड फैलोशिप द्वारा वन भ्रमण कार्यक्रम एवं साधारण सभा का आयोजन मानसरोवर धाम मंदिर, गंगोदी मोड़, माच का तिराहा अलवर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक स्टेट कोऑर्डिनेटर गिरीश गुप्ता ने बताया कि मानसरोवर धाम मंदिर जाते ही गर्मागर्म अल्पाहार द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत किया गया तद्पश्चात स्काउट गाइड प्रार्थना से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। अलवर एसजीएफ़ के मुख्य संरक्षक हरीश कालरा ने वन भ्रमण एवं साधारण सभा करने का मुख्य उद्देश्य फ़ेलोशिप को बढ़ावा देते हुए आगामी स्टेट गदेरिंग के बारे में विस्तार से चर्चा करना था । अध्यक्ष गिरीश गुप्ता ने संस्था द्वारा विगत 2 माह में किए गए कार्यों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया और आगामी समय में कार्य योजना के बारे में जानकारी दी। अलवर जिला स्काउट गाइड फैलोशिप की सदस्यता ग्रहण करने वाले नए सदस्य प्रवीण कुमार शर्मा को हरीश कालरा ने स्कार्फ पहनाये। कार्यक्रम संयोजक एवं स्टेट कोऑर्डिनेटर जिला अध्यक्ष गिरीश गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक सदस्य को एक नए मेम्बर बनाने के लिए कहा गया ताकि संस्था में नए लोग जुड़ सके और संस्था का विस्तार हो सके । सभा में वरिष्ठ सदस्यों ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए और संस्था को सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया। इसके लिए सभी सदस्यों ने मासिक अथवा वार्षिक सहयोग राशि तय कर सहमति प्रदान की साथ ही हर माह कार्यकारिणी की मीटिंग भी की जाए यह प्रस्ताव भी पारित किया गया । आगामी 5 जनवरी को पुराने भुरासिद्ध मंदिर में सुन्दरकाण्ड पाठ एवं दाल टिक्कड़ का कार्यक्रम भी तय किया गया साथ ही मंदिर की सफाई का भी लक्ष्य निर्धारित किया गया । इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष राजेश भट्ट एवं उनकी पत्नी अनीता भट्ट को फूल माला, साफा, शौल उढ़ाकर उनके शानदार कार्यकाल पूर्ण करने की एवं राजेश भट्ट जी के जन्मदिन की बधाई प्रेषित की गयी ।

मीटिंग पश्चात भजन गाये गए तद्पश्चात सभी ने दोपहर का सहभोज प्राप्त किया । इस कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक हरीश कालरा, आशा कालरा, स्टेट कोऑर्डिनेटर एवं जिला अध्यक्ष गिरीश गुप्ता , यामिनी गुप्ता,उपाध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता, पूनम गोयल, उपाध्यक्ष बी.आर.निमेश, उपाध्यक्ष लता रानी शर्मा,पूर्व अध्यक्ष राजेश भट्ट,अनीता भट्ट, सचिव ताराचन्द अग्रवाल, नीता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजेश शर्मा, पूर्व सचिव रामप्रकाश गुप्ता, प्रमिला गुप्ता, कोऑर्डिनेटर शम्भू दयाल शर्मा, राजेन्द्र अरोड़ा, गोविन्द गोयल, ओमप्रकाश गुप्ता, डॉ.गजेन्द्र सिंह, कविता यादव, कृष्णावती अनेजा , सतीश गुप्ता, मिथलेश गुप्ता, शशि शर्मा, राहुल शर्मा, प्रवीण कुमार शर्मा , सहित 27 एस. जी. एफ. सदस्यों ने भाग लिया ।

# राजस्थान मेघवाल समाज संस्था जिला अलवर की बैठक सम्पन्न, 19 जनवरी 2025 को होगा प्रतिभा सम्मान समारोह

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** राजस्थान मेघवाल समाज संस्था जिला अलवर की बैठक स्वरूप विलास गार्डन, नजदीक मोती डूंगरी में प्रात: 11-00 बजे से जिलाध्यक्ष डॉ बी आर शास्त्री की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विगत बैठक की कार्यवाही सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पुष्टि करने के बाद वर्ष 2024 में विभिन्न क्षेत्रों में मेघवाल समाज का गौरव बढ़ाने वाली प्रतिभाओं के लिए सम्मान समारोह दिनाँक 19 जनवरी 2025 को आयोजित करने का निर्णय लिया गया तथा इस हेतु प्रतिभाओं के आवेदन दिनाँक 31 दिसम्बर 2024 तक स्वीकार करने का निर्णय किया गया। सामुहिक विवाह सम्मेलन अप्रैल माह में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। अलवर जिले के मेघवाल समाज की दूरभाषिका एंव राजस्थान मेघवाल समाज संस्था, अलवर की स्मारिका प्रकाशन पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में सदस्यों ने जिला शिक्षा अधिकारी नेकीराम के निलंबन के प्रकरण को रखा और बड़े आक्रोश से सभी ने सरकार के इस निर्णय को जल्दबाजी में लिया गया निर्णय बताते हुए निलम्बन को निरस्त करने की माँग की। बैठक में दिनाँक 22 दिसम्बर 2024 को जयपुर में आयोजित हो रही राजस्थान मेघवाल समाज की प्रदेश स्तरीय बैठक में भाग लेने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष डॉ बी आर शास्त्री, प्रदेश महासचिव निहाल सिंह, जीपी वर्मा, सूरजभान मेहरा, जगमाल सिंह, सुमेर सिंह, थावरमल, रघुवीर सिंह गोठवाल, संपतराम प्राचार्य, एडवोकेट कालूराम बलाई, डॉ रतनलाल सुठवाल, मनोहर लाल बलाई, ताराचंद वर्मा विजय सिंह पप्पी शिवलाल गौतम आदि ने विचार व्यक्त किये तथा किशोर सिंह गोरा ने बैठक का संचालन किया। बैठक में वी के निभोरिया, धर्मपाल, अनिल कुमार सुरेला, बाबूलाल राँघेरा, मानसिंह सुरेला, पूरन चंद, राम अवतार सुटवाल, भगत सिंह, अशोक कुमार ऊंटवाल, शोभाराम, गंगाविशन, रामू मेघवाल, बुधराम मेघवाल राजेंद्र, राजकुमार मेघवाल, दीक्षित कुमार, यमन मेघवाल, डॉ महेश गोठवाल आदि सहित इस आम सभा मे जिला अलवर के साथ साथ जिला खैरथल- तिजारा व कोटपुतली- बहरोड़ से अनेक मेघवाल समाज के सदस्यो ने भाग लिया। बैठक के अंत में जिलाध्यक्ष डॉ बी आर शास्त्री ने सभी का आभार व्यक्त किया।



आदर्श राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का हुआ सुभारम्भ

# विकास कार्यों में विधानसभा क्षेत्र रहेगा अग्रणी, अपराध बर्दास्त नहीं : शेखावत

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के नारायणपुर स्थित सीएचसी को आदर्श राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत होने पर रविवार को भव्य उद्घाटन हुआ।वहीं मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का भी शुभारंभ किया गया।इस मौके पर बोलते हुए विधायक देवीसिंह शेखावत ने फीता काटकर आदर्श सीएचसी नारायणपुर का उद्घाटन किया। शेखावत ने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता लोगों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करना है। उन्होंने कहा कि अब क्षेत्र के लोगों को अलवर या कोटपुतली नहीं जाना पड़ेगा। क्योंकि आपके विश्वास ने मुझे बल दिया है। आपके विश्वास पर हमेंशा खरा उतरने का प्रयास जारी रहेगा। अब ज्यादातर मरीजों को नारायणपुर सीएचसी पर ही सुविधाएं मिल जाएंगी जिससे क्षेत्र के लोगों का समय और पैसा भी बचेगा।आगामी समय में नारायणपुर सीएचसी में लोगों को और भी बेहतर ईलाज मिल सकेगा इसके लिए प्रयास जारी रहेंगे। शेखावत ने कहा कि बानसूर विधानसभा क्षेत्र को विगत एक वर्ष में विकास के अनेक बड़े विकास कार्य हुए हैं और भविष्य में और भी बेहतर विकास कार्य होंगे, लेकिन अपराध मुझे बर्दास्त नहीं!क्षेत्र में अपराध में गिरावट आई है और भविष्य में भी अपराध बिलकुल नष्ट करने का प्रयास लगातार जारी रहेगा।इस मौके पर नारायणपुर सीएचसी पर मुख्यमंत्री आरोग्य शिविर का उनके जन्मदिन 15 दिसंबर के शुभ अवसर पर शुभारंभ किया गया। वहीं विधानसभा क्षेत्र में समस्त सीएचसी और पीएचसी पर आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जायेगा। जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव -गांव तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने के लिए भजनलाल सरकार की प्रथम वर्षगांठ पर मुख्यमंत्री आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।शेखावत ने कहा कि शिविरों का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को सुलभ गुणवत्तापूर्वक और बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है। वहीं डॉ पूरणमल मीणा ने बताया कि 15 दिसंबर से 31 जनवरी तक समस्त सीएचसी और पीएचसी पर मुख्यमंत्री आरोग्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथिक, एलोपैथिक चिकित्सा पद्दितयों द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। वहीं शिक्षा विभाग और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग का भी सहयोग रहेगा। जिसमें 37 तरह की जांच सुविधा निशुल्क उपलब्ध होगी।इस मौके पर नारायणपुर नगर पालिका अध्यक्ष मन्त्री देवी,सीएमएचओ आशीष सिंह शेखावत ,एसडीएम अनुराग हरित ,तहसीलदार अनिल कुमार, मुकेश गोठवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुल्तान राम सैनी पूर्व मंडल अध्यक्ष फूलचंद यादव, राजू प्रजापत सहित काफ़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहें।

# लोहपुरुष सरदार पटेल को श्रद्धा सुमन अर्पित



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( नि.स. )।** लोहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर श्रद्धापूर्वक मनाई गई। जिला कांग्रेस संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि आज स्वर्गीय सरदार वल्लभभाई पटेल की 74वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सर्वप्रथम स्वर्गीय वल्लभभाई पटेल की तस्वीर पर माला पहनाकर तथा पुष्प अर्पित कर सभी कांग्रेसजनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। तत्पश्चात कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा की अध्यक्षता में एक विचार गोष्ठी भी आयोजित की गई। गोष्टी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सूपा ने लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को देश की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने में उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें आधुनिक भारत का निर्माता भी बताया। गोष्ठी में जिलाध्यक्ष सूपा के अलावा दयाचंद पचौरी,रमेश धावई,साहब सिंह एडवोकेट, श्रीभगवान कटारा,राजेंद्र सारस्वत, दीनदयाल जाटव ने भी स्वर्गीय वल्लभभाई पटेल को उनके गृहमंत्री कार्यकाल में भारत को विकसित देश बनाने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने विश्व में भारत की अद्भुत एकता एवं अखंडता का उदाहरण पेश किया। गोष्ठी में कांग्रेस जिलाध्यक्ष सूपा ने आज 15 दिसंबर को राजस्थान के मुख्यमंत्री माननीय श्री भजनलाल शर्मा जी को जन्मदिन पर जिला कांग्रेस कमेटी भरतपुर की ओर से बधाई दी एवं उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी को भरतपुर का निवासी होने के नाते विकास के क्षेत्र में भरतपुर जिले को राजस्थान में आदर्श जिला बनाने में कोई कमी नहीं छोड़नी चाहिए। इस अवसर पर सूपा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में जननायक अशोक गहलोत द्वारा राजस्थान में चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं को भी जनहित में सुचारू रखने की मांग की। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने किया। कार्यक्रम के अंत में जिला कांग्रेस कमेटी की जिला महासचिव श्रीमती दीपमाला शर्मा के युवा पुत्र श्री इशांत शर्मा के हुए आकस्मिक निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर सभी कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्य रूप से मनोज पटेल,भरत गादोली,अजयपाल दारापुरिया, अशोक तांबी, रामेश्वर सैनी, दीपेंद्र बुरावई, सुरेश पदयात्री,मनोज शर्मा, प्रेम प्रजापत,गंगाराम पाराशर, कैलाश सारवान, चंद्रकांत शर्मा, वासुदेव शर्मा सहित काफी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मुख्य अतिथि द्वारा अभय समाज के कलाकारों का हुआ सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** रविवार को अभयसमाज के रंग मंच पर राजस्थान राज्य के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम के सानिध्य में कलाकारों एवं स्वयंसेवकों के सम्मान का कार्यक्रम संपन्न हुआ। संस्था के महामंत्री राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सम्मान संस्था के कलाकारों तथा स्वयंसेवकों का मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं वर्तमान विधायक माननीय श्री बाबा बालक नाथजी द्वारा सम्मान किया गया जिन्होंने श्री राम लीला एवं नाटक भरतरी हरी के सफल मंचन के लिए अपना पूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष श्री अशोक गुप्ता जी विशेष आमंत्रित थे । कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष पंडित धर्मवीर शर्मा जी ने की द्य पंडित धर्मवीर शर्मा जी ने संस्था की ओर से मंत्री महोदय सहित बाबा बालक नाथ जी एवं अशोक गुप्ता जी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया और कहा कि यह संस्था के लिए गौरव की बात है कि आज कलाकारों को जो सम्मान आपके द्वारा दिया गया है वास्तव में उसके लिए हम आपका आभार एवं धन्यवाद करते हैं।

## दवा व्यापारियों के रक्तदान शिविर में कुल 121 यूनिट रक्तदान हुआ



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** रविवार को लखंडा वाला कुआँ में जिला कलेक्टर व औषधि नियंत्रण विभाग की प्रेरणा से राजस्थान सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक रक्तदान शिविर , दवा बाजार में लखंडा वाला कुआँ दवा व्यापार समिति व अलवर जिला रिटेल केमिस्ट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया । व्यापार समिति से रवि जैन ने बताया की शिविर में कुल 121 यूनिट रक्तदान हुआ । जयप्रकाश जैन ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया की शिविर में भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य देवेंद्र मारु , भाजयुमो के जिलाध्यक्ष तरुण जैन ,राजस्थान फार्मेसी कौंसिल के कार्यसमिति सदस्य राहुल पटेल सहित सीएमएचओ योगेंद्र शर्मा एडीओ डॉ वचन सिंह मीना , डीसीओ धीरज ,डीसीओ विष्णु शर्मा उपस्थित रहे । कार्यक्रम में अलवर शहर के समस्त दवा व्यापारिओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

## अवैध खनन के विरुद्ध वन विभाग की कार्रवाई ट्रैक्टर ट्राली किया जप्त

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर/ वैर ।** उपवन संरक्षक भरतपुर एंव क्षैत्रीय वन अधिकारी बयाना के निर्देशन मे खनन के विरूद्ध वनपाल नाका सीताछेड ने कार्यवाही कर एक टैक्टर मय ट्रॉली खंडा पत्थर से भरी हुई को राज . वन अधिनियम के तहत जप्त किया गया। नरेश सैनी फॉरेस्टर ने बताया की वनखंड उमरेड़ के गांव खैर्रा की वन भूमि की पहाड़ी से अवैध रूप से खनन पत्थर खण्डा चोरी छिपे भर कर परिवहन करते हुए एक टैक्टर मय ट्रॉली पत्थर खण्डा से को राज . वन अधि . के तहत जप्त किया। कार्यवाही से अवैध खनन कर्ताओं में हड़कंप मच गया। कार्यवाही को नरेश सैनी फ़ॉरेस्टर ,रविन्द्र सिंह ,हरिओम सैनी , लखन सिंह ने अन्जाम दिया।

# रक्तदान जरूरतमंद के लिए ही नहीं स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है : मीणा





बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** रक्तदान जरूरतमंद के लिए तो आवश्यक है ही अपनी सेहत के लिए भी लाभदायक है यह कहना है भुसावर उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा का मीणा भुसावर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्यमंत्री के जन्म दिवस अवसर पर आयोजित रक्तदान साबिर में रक्तदान कर रहे थे मीणा ने कहा कि वह कॉलेज के समय से ही रक्तदान सिविल मुहिम से जुड़े हुए हैं एक संस्था भी बनाई थी उसे समय उसके सभी सदस्य रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित किया करते थे वर्तमान में भी जो जहां है वह इस मुहिम को बरकरार रखे हुए हैं जिसको जहां जिस तरह का अवसर मिलता है रक्तदान आवश्यक करते हैं यह उनका 25वां रक्तदान है विशेष परिस्थितियों में कई बार नहीं कर पाते हैं सभी को 90 दिन के बाद रक्तदान आवश्यक करना चाहिए इससे किसी तरह की शारीरिक गिरावट नहीं आती है!

**कृषि महाविद्यालय विद्यार्थियों ने किया रक्तदान :** पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली, भुसावर मंडल अध्यक्ष शैलेश पांडे ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र छोकरवाड़ा सहित अनेक भाजपायों के सानिध्य में आयोजित रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया राजकीय कर्मचारियों के साथ ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं ने रक्तदान किया रक्तदान शिविर में डैनी पाराशर, भास्कर डम्पी पाण्डेय्, धर्मेंद्र पाण्डेय् सहित अनेक भाजपाई उपस्थित रहे!

# मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर गौवंश को खिलाया गुड़, दलिया और हरा चारा

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र की नगर पालिका क्षेत्र स्थित बाबा गिरधारी दास गौशाला में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर विधायक देवीसिंह शेखावत सहित भाजपाईयों ने मुख्यमंत्री का जन्मदिन हसोल्लास से मनाया। गौवंश को गुड़, दलिया व हरा चारा खिलाया। इस मौके पर विधायक देवीसिंह शेखावत, जिला उपाध्यक्ष डॉ शशिकांत बोहरा,योगेश सैनी, किशन लाला , धर्मपाल यादव, हरि सिंह सैनी, कौशल रावत,सतीश गुवारिया, बबलू वाल्मीकि, गजेंद्र लाटा, हेमलता सिसोदिया, राखी गुप्ता, संदीप चौधरी, सुरेश ज्ञानपुरिया, सतीश चौधरी, सहित भाजपाई मौजूद रहे।

## कमला यादव जन अधिकार सेना सामाजिक हिंदुत्ववादी संगठन की महिला प्रभारी नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जन अधिकार सेना सामाजिक हिंदुत्ववादी संगठन की कार्यकारणी का विस्तार करते हुए शक्ति नगर, विजय मंदिर रोड, अलवर निवासी कमला यादव को अलवर विधानसभा महिला प्रभारी के पद पर नियुक्त किया जाता है। यह नियुक्ति प्रदेश सलाहकार संगठन मंत्री सूबेदार दयासिंह, प्रदेश महासचिव बीरबल राम जी भांबू, प्रदेश कोषाध्यक्ष कानाराम शर्मा की अनुशंसा और प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र भूषण सिंह के द्वारा दी जाता है। साथ ही संगठन की नीति रीति पर कार्य करने, में सगठन को मजबूत करने संगठन का प्रचार प्रसार करने व जल्द से जल्द अपने क्षेत्र में संगठन की टीम तैयार करने हेतु निर्देश देती है। साथ ही नारी सुरक्षा, गौ रक्षा, धर्म रक्षा, देश हितार्थ कार्य करने के भी निर्देश देते हैं संगठन की नीति रीति पर कार्यरत नहीं पाए जाने पर बिना सूचना के संगठन के पद से पदमुक्त कर दिया जायेगा ।

# बयान में 8 किलो वाट का पहला पावर प्लांट चालू

## 1 महीने में 1000 यूनिट बिजली का होगा उत्पादन

## एक्सईएन ने पावर प्लांट का किया निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयान ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में उपभोक्ता लाभान्वित होने लगे हैं। योजना से प्रभावित होकर कस्बे की कल्याण कॉलोनी निवासी गणपति अग्रवाल ने घरेलू उपयोग के लिए 8 किलोवाट का सोलर पावर प्लांट स्थापित करवाया है। रविवार सुबह डिस्कॉम एक्सईएन विवेक शर्मा ने टीम के साथ उपभोक्ता के घर पहुंच प्लांट का निरीक्षण किया।

उन्होंने बताया कि उक्त उपभोक्ता को केंद्र सरकार से 78 हजार की सब्सिडी भी मिल चुकी है। घरेलू उपभोक्ता जिनका प्रति माह उपभोग 300 यूनिट से अधिक है। वे ऑनलाइन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करा विभाग की तरफ से सोलर सिस्टम स्थापित कराने वाले उपभोक्ताओं के काम जैसे लोड बढ़ाना, नाम बदलना आदि कार्य त्वरित गति से किए जा रहे हैं। 1 किलो वाट पर 30 हजार, 2 किलो वाट पर 60 हजार व 3 किलो वाट या इससे अधिक का कनेक्शन लेने पर 78 हजार की सब्सिडी केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही है। सोलर प्लांट की लाइफ 25 साल से ज्यादा होती है, वहीं जो पैसा उपभोक्ता का सब्सिडी के अलावा खर्च होता है, वह 3 साल में पे बैक यानी एक तरह से ऊर्जा खर्च के रूप में वापस हो जाता है।

एक्सईएन ने बताया कि सोलर ऊर्जा ग्रीन एनर्जी है व सस्ती भी है। उपभोग से अधिक यूनिट का उत्पादन होने पर विभाग द्वारा उपभोक्ता को यूनिट रेट से बिलों मे फायदा दिया जाएगा। उपभोक्ता गणपति अग्रवाल ने बताया कि सोलर सिस्टम स्थापित कराने से उन्हें फायदा हो रहा है वहीं सरकार से 8 किलोवाट प्लांट लगाने पर 78 हजार की सब्सिडी भी मिल चुकी है।

**ये रहे मौजूद :** कनेक्शन के समय एक्सईएन विवेक शर्मा के साथ एईएन गुलाब प्रसाद, एआरओ जसवीर सिंह, तिरुपति सोलर सॉल्यूशन फर्म के युधिष्ठिर कटारा, रामकिशन सैनी, उपभोक्ता केदार गुप्ता, अमित आशीष, विष्णु, जीतेंद्र पाठक आदि मौजूद रहे।



## शिक्षा अनुदेशक संघ ने मनाया मुख्यमंत्री शर्मा का जन्मदिन

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी(अनन्त दाधीच)** । शिक्षा अनुदेशक संघ बूंदी द्वारा राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन दो चरणों में हुआ। कार्यक्रम संयोजक संजय खान रहे, प्रथम चरण बून्दी शहर के बालचंद पाड़ा स्थित ब्रह्मांडेश्वर गौशाला में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य आतिथ्य नगर परिषद सभापति श्रीमती सरोज अग्रवाल का रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ वार्ड पार्षद मनीष सिसोदिया ने की। विशिष्ट अतिथियों में सामाजिक कार्यकर्ता सर्वदमन शर्मा, वार्ड पार्षद आशीष शर्मा, एवं लोकेश हिंदू शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि श्रीमती सरोज अग्रवाल द्वारा गौमाता को माला पहनाने और गुड़-खल खिलाने से हुई। इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री महोदय के जन्मदिन का केक काटा गया। उपस्थित अतिथियों व सदस्यों ने गौशाला में गायों को हरा गीला एवं सूखा चारा खिलाकर अपनी सहभागिता दी। इस चरण में अध्यापक प्रकाश सोनी, रमेश , हेमंत वैष्णव, मोहित अजमेरा, शिक्षा अनुदेशक संघ के सदस्य इस्तिफाक गौरी, शाकिर खान, इज़हार अंसारी, मोहम्मद साबिर, आसिफ अंसारी, समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे। दूसरा चरण दरगाह हजरत सूली सरकार परिसर में आयोजित हुआ। इसकी अध्यक्षता अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के मुख्य संरक्षक एवं कौमी एकता सोसायटी बून्दी के जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम पारीक ने की। मुख्य अतिथि के रूप में सकल जैन समाज बून्दी के संरक्षक ओमप्रकाश जैन उपस्थित रहे, जबकि सामाजिक कार्यकर्ता सर्वदमन शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे। अतिथियों ने दरगाह पर फूल एवं चादर चढ़ाकर मुख्यमंत्री महोदय के उत्तम स्वास्थ्य, प्रदेश की प्रगति, और शिक्षा अनुदेशकों के नियमितीकरण के लिए दुआ मांगी।

कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य, जिनमें रफीक मोहम्मद, गफूर खराड़ा, शावेज़ अली, शम्सुर्रहमान कापरेन, अल्ताफ जेड, शफीक खिलची, कय्यूम अली, एवं अब्दुल रऊफ शामिल उपस्थित रहे।

### एलन में पद्मभूषण अभिनव बिंद्रा ने किया देश के टैलेंट का सम्मान

# फेल्योर असली सीख, हैप्पीनेस सच्ची सफलता : अभिनव बिंद्रा

### एलन टैलेंटेक्स अवार्ड सेरेमनी एवं सक्सेस पॉवर सेशन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )**। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से आयोजित देश की बड़ी प्रतिभा खोज परीक्षाओं में से एक टैलेंटेक्स का पुरस्कार वितरण समारोह व सक्सेस पॉवर सेशन रविवार को हुआ। जवाहर नगर स्थित एलन समुन्नत कैम्पस के समरस सभागार में हुए इस कार्यक्रम में देशभर से मेधावी विद्यार्थी व उनके अभिभावक शामिल होने कोटा पहुंचे। कार्यक्रम में कक्षा 5 से 10वीं तक के टॉपर्स को ढ़ाई करोड़ रूपए के कैश प्राइज दिए गए। मुख्य अतिथि बीजिंग ओलंपिक में गोल्ड मैडल विजेता पद्मभूषण अभिनव बिन्द्रा रहे तथा निदेशक राजेश माहेश्वरी व डॉ.बृजेश माहेश्वरी भी मौजूद रहे। अतिथियों ने टॉपर्स का सम्मान किया।




टैलेंटेक्स के माध्यम से एलन में 20 दिसंबर तक प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को 250 करोड़ की स्कॉलरशिप के साथ-साथ फीस में विशेष छूट का दोहरा लाभ भी दिया जा रहा है। कार्यक्रम में अभिनव को अपने बीच पाकर स्टूडेंट्स काफी उत्साहित नजर आए। प्रतिभाओं को मेडल, प्रमाण पत्र, पुरस्कार का चेक व अवार्ड शीट देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में प्री नर्चर कॅरियर फाउंडेशन (पीएनसीएफ) के विद्यार्थियों ने नवदुर्गा की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही एक्रो एनिग्मा की टीम ने बैलेंसिंग की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। जो कि मुख्य आकर्षण का केन्द्र रही। सक्सेस पॉवर सेशन में एलन की कार्यप्रणाली और टैलेंटेक्स के माध्यम से अपने सपने सच करने वाले विद्यार्थियों के बारे में बताया गया। पद्मभूषण अभिनव बिंद्रा एलन में पहले जवाहर नगर स्थित सत्यार्थ कैम्पस में स्टूडेंट्स के बीच पहुंचे और यहां स्टूडेंट्स से बात की। उन्होंने अपना लक्ष्य निर्धारित करने, खेल और खिलाड़ियों का सम्मान के साथ कोच और खिलाड़ी के बीच के रिश्तों के बारे में समझाया। इसके बाद टैलेंटेक्स कार्यक्रम में पहुंचे।

**ढाई करोड़ के कैश प्राइज से नवाजा :** एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट द्वारा स्टूडेंट्स को सक्सेस पॉवर सेशन में नेशनल व स्टेट रैंक के साथ ही 2.50 करोड़ के कैश प्राइज दिए गए। टैलेंटेक्स में कुल 15 हजार 250 कैश प्राइज दिए गए। इस वर्ष टैलेंटेक्स परीक्षा ऑफलाइन व ऑनलाइन दोनों मोड में आयोजित की गई थी। टैलेंटेक्स में कक्षा 8, 9 एवं 10 टॉपर्स को 1 लाख, कक्षा 5, 6 एवं 7 के टॉपर को 50 हजार रूपए का पुरस्कार दिया गया है।

#### खेल फेल्योर सीखाता है, यहीं सफलता की शुरुआत होती है : बिन्द्रा

अभिनव बिंद्रा ने बातचीत के दौरान कहा कि फेल्योर से सीख लेकर भविष्य में सफलता पाई जा सकती है। एक खिलाड़ी और पढ़ाई कॅरियर की शुरुआत काफी हद तक एक जैसी होती है। बहुत मेहनत और फोकस रहना खिलाड़ी और स्टूडेंट दोनों के लिए जरूरी होता है। इस दौरान आपका फेल्योर ही आपको सिखाता है। मैंने भी अपनी असफलताओं से सीख लेकर ही सफलता पाई है। मैं अपने फेल्योर से सीखकर ही ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीत पाया। अभिनव बिंद्रा ने स्टूडेंट्स से कहा कि असली सफलता आपकी हैप्पीनेस है। हर काम करने में मन लगाओ।

### 36 घण्टे में किया ब्लाइंड मर्डर का खुलासा, रिश्ते हुए तार-तार

# पत्नी ने अपने प्रेमी जीजा से करवाई अपने पति की हत्या, जीजा व पत्नी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**अंता ( शफीक मंसूरी )** । बारां जिला पुलिस अधीक्षक राजकुमार चौधरी ने बताया कि दिनांक 13.12.2024 को थाना अन्ता के सोरसन सागोंद रोड पर मोलकी गांव के पास बारां निवासी धर्मराज बैरवा की लाश मिली थी, जिसको किसी अज्ञात व्यक्तियों ने मारकर सडक के किनारे फैक दिया था। उस पर कार्यवाही करते हुये अन्ता पुलिस ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश चौधरी व पुलिस उप अधीक्षक सोजी लाल मीणा वृताधिकारी वृत अन्ता के सुपरवीजन व निर्देशन में थानाधिकारी दिग्विजव सिंह पु0नि ने घटना का खुलासा करते हुये रविवार 15 दिसम्बर को मृतक की पत्नी व उसके जीजा को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

**यह था मामला :** थानाधिकारी दिग्विजय सिह ने बताया कि 13 दिसंबर को फोन के जरिये सूचना मिली थी कि मोलकी गांव के पास ड्रेन में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश पडी हुई है। सूचना पर थानाधिकारी मय जाप्ता के मौके पर पहुंचे जहां पर एक व्यक्ति की लाश ड्रेन में पड़ी थी। लाश के सिर पर गम्भीर चोट के निशान थे। मृतक की जेब में मिली पर्ची के आधार पर उसकी पहचान धर्मराज बैरवा निवासी बारां की हुई। प्रथम दृष्ट्या मामला हत्या का लग रहा था। मृतक के परिजन घटना स्थल पर आये तथा लाश की पहचान की। मृतक के भाई जोधराज बैरवा पुत्र लटूरलाल ने मौके पर हत्या का मामला दर्ज करवाया।




**गठित टीम द्वारा की गई कार्यवाही :** टीम द्वारा घटना स्थल का बारिकी से निरीक्षण किया गया सर्वप्रथम थानाधिकारी व जिला विशेष टीम प्रभारी द्वारा मृतक की पत्नी से बांरा जाकर घर पर पूछताछ की गई। मृतक की पत्नी ने बताया कि मेरा पति शराब पीने का आदी है। कोई ठेके वाला उनको जान से मारने की धमकी दे रहा था तथा वो 12 दिसंबर को मेरे से ठेके पर जाने की कहकर गये थे। पत्नी के हाव भाव से ऐसा लगा की कुछ छुपा रही है। इस पर मृतक की 12 वर्षीय बालिका से पूछताछ की तो उसने बताया कि मेरे पापा के पास किसी का फोन आया था और उनको चारमुर्ति चौराहे पर बुला रहा था। इस पर थानाधिकारी व जिला विशेष टीम द्वारा बारां शहर के अभय कमाण्ड सेन्टर व आसपास के एरिया पर लगातार 10-12 घण्टे सीसीटीवी फुटेज चैक किये गये। फुटेज में मृतक एक व्यक्ति के साथ मोटरसाईकिल के साथ जाता हुआ नजर आया। मोटरसाईकिल वाले की पहचान सीमलिया निवासी सत्यनारायण जो की मृतक का साडू भाई था। साथ ही टीम द्वारा तकनिकी विश्लेषण कर तुरन्त सत्यनारायण बैरवा को राउण्ड अप किया व कडाई से पूछताछ की तो उसने धर्मराज की हत्या करना कबूल किया।

**हत्या करने का कारण :** मुल्जिम सत्यनारायण ने पुछताछ पर बताया की मृतक की पत्नी गुड्डी बाई रिश्ते में उसकी साली लगती है। गुड्डी बाई का शादी पहले से ही मुल्जिम सत्यनारायण प्रेम प्रसंग चल रहा था। मृतक धर्मराज गुड्डी बाई को आये दिन शराब पीकर लडाई झगडा व मारपीट करता था। गुड्डी बाई ने यह बात अपने प्रेमी सत्यनारायण को बता रखी थी। सत्यनारायण इस बात से बहुत दुखी व परेशान था। गुड्डी बाई ने अपने पति को मारने के लिए मुल्जिम सत्यनारायण के साथ मिलकर साजिश रचि व उकसाया। इस पर मुल्जिम सत्यनारायण ने 12 दिसम्बर 2024 को मृतक धर्मराज बैरवा को फोन करके उधार पैसे देने के बहाने से चारमुर्ति चौराहे बारां पर बुलाया और रास्ते में मुल्जिम सत्यनारायण ने मृतक धर्मराज बैरवा को तीन चार बार शराब पिलाई। उसके बाद मुल्जिम ने मृतक को ड्रेन में धक्का दे दिया और मुल्जिम सत्यनारायण ने पास के पढे मारी भरकम पत्थर से मृतक के सिर पर तीन चार बार प्रहार किया जिससे मृतक का सिर पूरी तरह फट गया व मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गयी। इसपर सत्यनारायण निवासी सीमलिया थाना सीमलिया जिला कोटा ग्रामीण को हत्या के आरोप में गिरफतार किया गया व मृतक की पत्नी गुड्डी बाई को आपराधिक षडयंत्र के तहत गिरफ्तार किया गया है।

## राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत उपशाखा बेगूं की नवीन कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से पदाधिकारी नियुक्त



बढ़ता राजस्थान

**कपासन/चित्तौड़गढ़ (बढ़ता राजस्थान)।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत उपशाखा बेगू की नवीन कार्यकारिणी का रविवार को निर्विरोध निर्वाचन कर पदाधिकारियों को नियुक्त किया गया। जानकारी अनुसार राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत उपशाखा बेगूं कार्यकरिणी का राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय छापरा में निर्वाचन अधिकारी विकास जांगिड़ एवं पर्यवेक्षक प्रदीप चौधरी के निर्देशन में निर्विरोध निर्वाचन किया गया।जिसमे सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी में पदाधिकारियों को नियुक्त किया गया।ब्लॉक मंत्री वीरेंद्र पूनिया ने बताया की निर्विरोध नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर गोविंद कुमार,उपशाखा मंत्री वीरेंद्र पूनिया, उपाध्यक्ष श्रवण दास व प्रदीप कुमार,संयुक्त मंत्री फूलाराम,कोषाध्यक्ष हरीश छीपा,संयोजक संघर्ष समिति मनोज कुमार मीणा,कार्यकारिणी सदस्य जयप्रकाश सांडेला,मुकेश मीणा,साधुराम जाट, राकेश नागर, अंकित कुमार को निर्वाचित घोषित किया गया। इस मौके पर नवीन कार्यकारिणी में नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ उपरांत शुभकामनाएं दी गयी।इस अवसर पर अनिल कुमार,बनवारी लाल,भरत कुमार,रामेश्वर आदि राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के सदस्य शिक्षक एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### राजस्थान सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिन पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

# अगर करना है कोई दान तो करे रक्तदान : विधायक कँवरलाल मीणा




बढ़ता राजस्थान

**अंता (शफीक मंसूरी)** । राजस्थान सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने व प्रदेश के मुखिया भजनलाल शर्मा के जन्मदिन पर केशव आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल अकलेरा के तत्वाधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया इस दौरान अंता विधायक कंवरलाल मीणा ने ब्लड सेन्टर निरोगधाम हॉस्पिटल अकलेरा में किया 16 वीं बार रक्तदान किया साथ ही विधायक कँवरलाल मीणा की पहल पर सैकड़ो लोगो ने रक्तदान किया। इस अवसर पर अंता विधायक कँवरलाल मीणा ने कहा कि रक्तदान कर हम जहां एक ओर किसी की जान बचाते हैं वहीं दूसरी ओर इससे जबर्दस्त आत्म संतुष्टि मिलती है। कई लोग रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों के कारण रक्तदान करने से कतराते हैं जबकि इससे कोई हानि नहीं होती बल्कि कई प्रकार लाभ होते हैं।

अत: हम सभी को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए साथ ही विधायक कँवरलाल मीणा ने सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल को बेमिशाल बताया और कहा कि राजस्थान कि भजनलाल सरकार द्वारा जो जन हितेषी कार्य एक वर्ष में किए गए है वो बेमिशाल है चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि और सामाजिक सुरक्षा योजनाएं लागू करने की बात कही गई थी। इसी के तहत सबसे पहले 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने का काम हुआ।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत 1,150 रुपये देने की शुरुआत हुयी है ओर भाजपा सरकार ने एक वर्ष में किसान,युवा,महिला,मजदूर सहित सभी वर्गों को ध्यान में रखा है।

राजस्थान सरकार प्रदेशवासियों के जीवन स्तर में सुधार के लिए कृतसंकल्पित है ओर एक साल नही हमारे पांच साल सबसे बेमिशाल रहेंगे।

## आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ भीलवाड़ा की बैठक सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा( नि.स. )।** भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ के कार्यसमिति की बैठक रजनी शक्तावत अध्यक्ष भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिलाध्यक्ष रजनी शक्तावत ने बताया कि बैठक में यह तय किया गया कि राज्य सरकार को एक वर्ष पूरा हो गया है जिसका जश्न पूरे राजस्थान में मनाया जा रहा है किन्तु आंगनवाड़ी कर्मचारी के लिये इस सरकार ने जो चुनाव से पूर्व घोषणा की थी, कि हम आंगनवाड़ी कार्मिकों का मानदेय 13500/- करेगें। सहायका का मानदेय 6500 करेगें, तथा स्थाईकरण/पेंशन/ग्रेज्युटी/पदौन्नति जैसे विषयों पर सकारात्मक कदम उठायेगें, जो आज तक पूरा नहीं किया गया है, लेकिन उसकी जायज मांगो पर कोई कार्यवाही नहीं कर रही है, जिसे आंगनवाड़ी कर्मियों में रोष व्याप्त है, जबकि सरकार ने दिसम्बर 2023 में 100 दिन की कार्य योजना में इन बातों को पूरा करने का संकल्प पत्र जारी किया गया था। जिसको आज तक पूरा नहीं किया है। बैठक में उपस्थित संगठन की महामंत्री कमलेश हाड़ा एवं अन्य पदाधिकारियों ने मकान किराया बढ़ाने, केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मानदेय एक जगह से भुगतान करने, महिला परिवेक्षक भर्ती में हुये घोटालें पर कार्यवाही करने, मानदेय एवं अन्य योजनाओं के परिलाभ समय पर भुगतान करने, जर्जर आंगनवाड़ी केन्द्रों की मरम्मत करने आदि कई विषयों पर सरकार को घेरने की योजना बनाई, जिसमें प्रथम चरण में 20 दिसम्बर 2024 को पूरे राजस्थान में मुख्यमंत्री महोदय के नाम जिला मुख्यालयों पर ज्ञापन दिया जायेगा। बैठक में भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री हरीश सुवालका ने भामस के 70 वर्ष पूर्ण होने की जानकारी दी और प्रत्येक ग्राम पंचायत में भारतीय मजदूर संघ को पहुंचाकर प्रत्येक मजदूर से सम्पर्क करने के लिये आग्रह किया। बैठक में वरिष्ठ श्रमिक नेता व प्रदेश विधिक सलाहकार प्रभाष चौधरी का भी मार्गदर्शन मिला।

## रावतभाटा में श्री महर्षि गौतम गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज का नया चुनाव संपन्न, निर्वाचित हुए नए पदाधिकारी



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** दिनांक 15 दिसंबर 2024 रविवार को श्री महर्षि गौतम गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज, रावतभाटा के आश्रम में प्रात: 09 बजे से शाम 06 बजे तक नयी कार्यसमिति हेतु अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, कौषाध्यक्ष एवं सचिव पदों के लिए गुप्त मतदान द्वारा निर्वाचन कार्य संपन्न किया गया। जिसमे समाज सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मत गणना के बाद चुनाव समिति के द्वारा निम्नलिखित प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया जिसमे अध्यक्ष डॉक्टर ललित कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश शर्मा, महासचिव रमाकांत शर्मा, कौषाध्यक्ष सुशील शर्मा एवं सचिव पद पर सत्यनारायण जोशी निर्वाचित हुए, चुनाव को मुख्य चुनाव अधिकारी रामप्रकाश चतुर्वेदी, सहायक चुनाव अधिकारी महेश शर्मा, सहायक चुनाव अधिकारी पुरषोत्तम व्यास द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर संतोष कुमार श्रोत्रिय, सत्यनारायण देराश्री, मुकुट बिहारी शर्मा, लक्ष्मी चंद शर्मा, सीताराम शर्मा, तुलसी राम उपाध्याय, बाबुराम देराश्री, दिनेश व्यास, डॉक्टर गोविन्द शर्मा, अनिल बोहरा, हरिशंकर व्यास, लालचंद शर्मा फोरेस्टर, राधेश्याम बोहरा, दिनेश व्यास मोहना, नन्द किशोर शर्मा दीपपुरा, विजय गोतम, शुभम गोतम, विष्णु शर्मा दीपपुरा, डॉक्टर ललित शर्मा, गनपत लाल शर्मा, रामेश्वर दयाल शर्मा, डॉक्टर जगदीश पंचोली, हीरालाल शर्मा, कैलाश श्रोत्रिय, कन्हैया लाल शर्मा, महेश शर्मा सचिव, मोहन लाल शर्मा मोहना, नरेंद्र कुमार शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, ओ पी शर्मा, पी बी शर्मा, प्रदीप बिल्लू, आर. पी तिवारी, राधेश्याम व्यास मोहना, सीमा व्यास, महिला मंडल अध्यक्ष उमा गोतम, शारदा शर्मा, शीला शर्मा, लीला चतुर्वेदी, निधि शर्मा, प्रसिद्धि शर्मा, काश्वी शर्मा सही समाज बंधू उपस्थित रहे।

## आज ही के दिन ली थी सीएम पद की शपथ, सरकार भी हो गई 1 साल की मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिन पर शाह परिवार ने किया रक्तदान

बढ़ता राजस्थान

**अंता (नि.स.)।** रविवार को उप जिला अस्पताल में आयुष्मान आरोग्य रक्तदान शिविर मे राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा का जन्मदिन पर शाह परिवार के मंजूर शाह, सलीम शाह, वाजिद शाह, आसिफ शाह, माजिद शाह, आरिफ शाह, मुबारक शाह, सहित चिकित्सा अधिकारियों की मौजूदगी में रक्तदान किया। शाह परिवार समय-समय पर समाज सेवा करते आए हैं। आपको बता दे आज ही उनकी सरकार ने अपना एक साल का कार्यकाल पूरा किया है। पहली बार विधायक बनते ही बतौर सीएम सूबे की कमान संभालने वाले भजनलाल बीते एक साल में राजस्थान की राजनीति में छाए हुए रहे हैं। सीएम भजनलाल शर्मा का रविवार को 59 वां जन्मदिन है। भजनलाल ने आज से ठीक एक साल पहले 15



दिसंबर, 2023 को राजस्थान के सीएम पद की शपथ ली थी। आज उनकी सरकार को भी एक साल पूरा हो गया है। सरपंच से सीएम की कुर्सी तक पहुंचे भजनलाल इस एक वर्ष में सूबे में छाए रहे हैं। संगठन में साधारण कार्यकर्ता के रूप में काम करते हुए पहली बार विधायक बनते ही सीएम बनने वाले भजनलाल शर्मा राजस्थान की राजनीति का उदयीमान सितारा बने हुए हैं।

# शहर के महाराणा प्रताप खेल मैदान पर शुरू हुई वार्ड कप प्रतियोगिता

## बारह दिनों तक अलग-अलग वार्ड की टीमों के बीच होंगे रोचक मुकाबले

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के महाराणा प्रताप खेल मैदान पर वार्ड कप क्रिकेट प्रतियोगिता को आयोजन चौथी बार किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में शहर के अलग–अलग वार्डो से 12 से 14 टीम भाग ले रही है। ऐसे में प्रतियोगिता का रविवार को खेल मैदान पर उद्घाटन किया गया।

उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए युवा खिलाड़ी एवं बाड़ी विधायक जसवंत गुर्जर के पुत्र राहुल देव गुर्जर ने बताया कि खेल जीवन का अभिन्न अंग हमेशा बने रहना चाहिए। केवल युवा या बच्चे ही खेल में भाग ले यह जरूरी नहीं है। बड़े बुजुर्ग और वयस्कों को भी किसी न किसी खेल में प्रतिदिन शामिल होना चाहिए। जिससे इस भाग दौड़ भरी जिंदगी में तनाव के बीच शारीरिक स्वास्थ्य सही रह सके। प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए उन्होंने प्रथम दिन खेलने वाले दो वार्डो की टीमों के खिलाड़ियों से परिचय किया और खेल को खेल की भावना से खेलने की अपील की। प्रतियोगिता में अतिथि के तौर पर मौजूद सहकारिता प्रकोष्ठ भाजपा के जिला अध्यक्ष विष्णु सिंघल ने कहा कि बाड़ी में ऐसी प्रतियोगिताएं अब कम देखने को मिलती हैं। पुराने समय में कोई ना कोई खेल होता रहता था। अब वॉलीबॉल, फुटबॉल, हॉकी जैसे खेल स्कूल तक सीमित होकर रह गए हैं। वहीं क्रिकेट की दीवानगी के चलते इसे जरूर शहर के युवा जिंदा रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों, बुजुर्गों, युवाओं सभी को आज खेलने की जरूरत है। प्रतियोगिता का आयोजन कर रहे युवा क्रिकेट एसोसिएशन और केसीसी के सदस्यों का भी उन्होंने आभार जताया। इस दौरान मंच पर मौजूद युवा क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष पूर्व भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अजय सिंह परमार उर्फ बॉबी परमार ने बताया कि दिसंबर महीने में वार्ड कप प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इस बार यह चौथा प्रयास है। इसमें शहर के अलग–अलग वार्डो से टीम बनाकर मैच कराए जाते हैं। युवा खिलाड़ी एवं क्रिकेट संघ से जुड़े ओमवीर सिंह परमार ने बताया कि यह प्रतियोगिता टेनिस की बॉल से कराई जा रही है। जिसमें किसी भी प्रकार की कोई जोखिम नहीं है। वार्ड कप खेलने वाली टीमों का रजिस्ट्रेशन किया गया है। वार्ड कप प्रतियोगिता के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान युवा क्रिकेट एसोशिएशन के सचिव विशाल गर्ग, उपाध्यक्ष प्रेम सिंह पोसवाल, संरक्षक ललितेश यादव, कृष्ण मुरारी शिवहरे, अनुराग वासु, राजू पटेल, जितेंद्र समाधिया, शुगर मामा, श्याम राय, तलविंदर सिंह सहित शहर के क्रिकेट खिलाड़ी और युवा मौजूद रहे।

# विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत

## पीहर पक्ष के पहुंचने से पहले किया अंतिम संस्कार, एफएसएल टीम ने जुटाए सबूत

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर जिले के सैंपऊ थाना इलाके के सहरौली गांव में शुक्रवार को महिला ने फंदे से लटककर सुसाइड कर लिया। पति की गैर मौजूदगी में परिजनों ने आनन फानन में महिला को श्मशान ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया। मामले की सूचना मिलने के बाद एफएसएल की टीम ने महिला की चिता की राख से सबूत के तौर पर सैंपल लिए हैं।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे पीहर पक्ष के लोगों ने पुलिस को सूचना दी कि उनकी बेटी राजेश (28) पत्नी कन्हैया की संदिग्ध हालात में मौत की सूचना मिली थी। जिस सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे, तो उन्हें बेटी की जलती हुई चिता मिली। जिसके बाद पीहर पक्ष के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद महिला के पीहर पक्ष के लोग पुलिस को लेकर श्मशान घाट पहुंच गए। जहां पुलिस ने भरतपुर से एफएसएल की टीम बुला लिया। जिसके बाद महिला की चिता की राख ठंडी होने पर एफएसएल की टीम ने सबूत के तौर पर चिता की राख को लिया है। एफएसएल की टीम ने महिला के घर से भी घटना को लेकर साक्ष्य जुटाए हैं।

**चिता ठंडी होने पर एफएसएल साथ ले गई राख :** भरतपुर से घटना की बारीकी से जांच करने के लिए जब एफएसएल टीम घटनास्थल पर पहुंची तो टीम ने मौके पर चिता जलते देखी। चिता के ठंडा होने पर एफएसएल टीम ने राख ली। वहीं इसके अलावा जहां मृतक के द्वारा सुसाइड किया गया था, उसे कमरे में टीम के द्वारा साक्ष्य इकट्ठा किए गए हैं। पूरी प्रक्रिया में कई घंटे गुजरने के बाद शाम को टीम कार्रवाई के बाद भरतपुर लौट गई।

### पति की गैरमौजूदगी में जला दी डेड बॉडी

सहरौली निवासी राजेश पत्नी कन्हैया जाटव की संदिग्ध मौत के बाद परिजनों के द्वारा पति की गैरमौजूदगी में आनन फानन में किए गए अंतिम संस्कार को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। महिला के पीहर पक्ष के लोगों ने बेटी की मौत को लेकर पुलिस से सवाल किया कि यदि ससुराल पक्ष के द्वारा बेटी को प्रताड़ित करते हुए नहीं मारा गया तो उसके अंतिम संस्कार की इतनी क्या जल्दबाजी थी।

पीहर पक्ष के लोगों ने बताया कि पत्नी के अंतिम संस्कार के लिए पति का इंतजार तो किया ही जा सकता था। मामले की जांच कर रहे एएसआई राजेश सिंह ने बताया सहरौली गांव में विवाहिता की मौत की सूचना मिली थी। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो चिता जल रही थी। मौके पर ससुराल पक्ष के लोग नहीं मिले। पति भी बाद में आया। अभी तक मामले को लेकर पीहर पक्ष के द्वारा रिपोर्ट नहीं दी गई है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# नाबालिग को बालिग बता परिजनों को सौंपा, अब अध्यक्ष ने दर्ज कराया मामला

## बाल कल्याण समिति सदस्यों पर एफआईआर, गलत निर्णय देने का आरोप

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** समिति सदस्य कविता शर्मा का कहना है मुकदमा झूठा है। सदस्यों ने नियमानुसार बच्चों के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखकर बहुमत के आधार पर निर्णय लिया है। जांच में सब कुछ साफ हो जाएगा। न्यायपीठ के सभी सदस्य जो भी निर्णय लिए जाते हैं, वह किशोर न्याय कानून के अनुसार ही होते हैं। सदस्य माजिद शरीफी ने कहा कि अध्यक्ष द्वारा द्वेष भावना से मामला दर्ज कराया गया है। इससे पूर्व में भी अध्यक्ष द्वारा दो सदस्यों के खिलाफ के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। भास्कर न्यूज़ 7 धौलपुर धौलपुर। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष और सदस्यों में विवाद खत्म होने का नहीं ले रहा है। बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष ने तीनों सदस्यों द्वारा 5 नवंबर 2024 को लिए गए एक फैसले के खिलाफ एसपी कार्यालय में परिवाद दिया गया। थाना सदर पुलिस ने एसपी कार्यालय से मिले परिवाद के बाद एफआईआर दर्ज कर ली है। एफआईआर के अनुसार राजाखेड़ा थाने में एक नाबालिग को एक युवक द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने का मामला दर्ज कराया गया था। जिसमें राजाखेड़ा पुलिस द्वारा 27–28 अक्टूबर की रात को दिल्ली से दस्तयाब कर लिया था। राजाखेड़ा पुलिस ने 28 अक्टूबर को ही बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया था। जिसमें समिति के सदस्य माजिद शरीफी, कविता शर्मा एवं सोनपाल द्वारा बिना कोई जांच करवाए और बिना वैध दस्तावेजों के कुछ ही दिनों के भीतर आदेश क्रमांक 3263 दिनांक 5 नवंबर 2024 को बालिका को बालिग मानते हुए परिजनों के सुपुर्द कर दिया। कुछ दिन पूर्व राजाखेड़ा पुलिस को एक नाबालिग के बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस के मौके पर पहुंचने के दौरान बालिका के नाबालिग होने के कारण विवाह को रुकवाया गया था। पुलिस को प्रकरण की जांच में पाया कि उक्त बालिका को पुलिस एक मामले में दिल्ली से दस्तयाब किया था। पुलिस ने बाल कल्याण समिति धौलपुर के समक्ष प्रस्तुत किया था और समिति ने बालिका को बालिग साबित करते हुए परिजनों को सुपुर्द दिया था। इसके बाद परिजनों द्वारा नाबालिग का विवाह कराया जा रहा था। पुलिस जांच के दौरान बच्ची को नाबालिग पाया गया हैं। अब अध्यक्ष ने एफआईआर दर्ज कराई है। बाल कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष रवि पचौरी का कहना है कि समिति का निर्णय जुडीशियल होता है। इसके विरूद्ध अपील होती है न कि एफआईआर।

एडवोकेट राकेश तिवारी का कहना है कि अध्यक्ष को अगर को कोई आपत्ति थी तो सदस्यों से विचार विमर्श कर आदेश का संशोधन किए जाने का प्रावधान है। जिला मजिस्ट्रेट शिकायत निवारण प्राधिकारी होता है। थाने पर परिवाद पर्याप्त होने पर बाल कल्याण समिति के सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

# स्वयं सहायता समूहों को 22.5 लाख रुपए ट्रांसफर किशोरी बालिका योजना की लाभार्थियों से सीएम ने किया संवाद

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** राज्य सरकार का एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से मुख्यमंत्री ने लाभार्थी महिलाओं से संवाद भी किया। महिला सम्मेलन के दौरान स्वयं सहायता समूह को लोन वितरित करने के साथ लॉटरी के माध्यम से महिलाओं को एक कुकिंग सिस्टम वितरित किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट शासन सचिव अनुप्रेरणा कुंतल, जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी और भाजपा जिला अध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर ने किया। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में विशिष्ट शासन सचिव अनुप्रेरणा कुंतल ने वर्तमान राज्य सरकार के एक वर्ष की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक कार्य किए जा रहे हैं। महिला सुरक्षा हेतु कालिका पेट्रोलिंग यूनिट जैसी मुहिम चलाकर काम किया जा रहा है। महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने अपने उद्बोधन में कहा कि राज्य सरकार द्वारा महिला निधि बैंक के माध्यम से स्वयं सहायता समूह को ऋण स्वीकृति देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनानेके साथ-साथ नमो ड्रोन दीदी के माध्यम से महिला काश्तकारों को सहायता भी दी जा रही है। लखपति दीदी, महिला निधि बैंक, नमो ड्रोन दीदी, लाडो प्रोत्साहन योजना, उद्यम प्रोत्साहन योजना और एकल नारी पेंशन सहित विभिन्न योजनाओं से महिलाओं को आर्थिक सम्बल मिला है। महिला सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार संवेदनशील और संकल्पबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान नवीन लखपति दीदी सम्मान के तहत जिले की 1555 लाभार्थियों और स्वयं सहायता समूह के 150 लाभार्थियों को कुल 22 लाख 50 हजार रुपए रिवाल्विंग फंड का हस्तांतरण डीबीटी के माध्यम से किया गया। महिला निधि बैंक के माध्यम से जिले में 2.22 करोड़ रुपए की राशि 557 लाभार्थियों को दी गई। स्वयं सहायता समूह सदस्यों के लिए राज्य सखी पोर्टल का शुभारंभ किया गया। जिले की पांच महिला काश्तकारों को नमो ड्रोन दीदी और इलेक्ट्रिक कुकिंग सिस्टम वितरण के तहत 26 महिलाओं को लाभान्वित किया गया। इसी क्रम में प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना में राज्य सरकार द्वारा 1500 रुपए की अतिरिक्त किश्त योजना के तहत जिले की 1677 महिलाओं का अतिरिक्त किश्त, लाडो प्रोत्साहन योजना के लाभार्थियों और मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना के लाभार्थियों को सब्सिडी का हस्तांतरण डीबीटी के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता आरके वर्मा, सीएमएचओ डॉ. जयन्ती लाल मीना सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# शरद मेले में कलाकारों ने लोकगीतों की दी प्रस्तुति, हरियाणी डांसरों ने भी लोगों का किया मनोरंजन, पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा

## गौरी तेने करो भरतपुर जाम... फेम रसिया गायक भंवर खटाना ने दी प्रस्तुति, डांस देखकर जमकर झूमे लोग



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर शरद मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहीं। गौरी तेने करो भरतपुर जाम... फेम रसिया गायक भंवर खटाना और उनकी टीम ने एक के बाद एक लगातार लोकगीतों से समां बांध दिया। साथ ही हरियाणा से आई डांसरों ने लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में आयुक्त अशोक शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। गायक भंवर खटाना ने छज्जे ऊपर बोयो री बाजरा..., मेरी रात कटे न जाड़े में..., चौमासे में गौरी क्यू नखरे दिखावे..., जानू कोंचिंग पड़वे आ जाइयो..., हटजा ताऊ पाछे से... गौरी तूने करो भरतपुर जाम गाकर लोगों को नाचने पर मजबूर कर दिया। हरियाणवी डांसर और सिंगर कोमल चौधरी, पिंकी गुर्जर और सपना शबनम ने भी प्रस्तुति से समां बांध दिया। दर्शकों ने हरियाणवी डांसरों के साथ जमकर डांस किया। जिन्हें काबू करने के लिए पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। कार्यक्रम को देखने के लिए शहर के अलावा दूरगौरी तेने करो भरतपुर जाम... फेम रसिया गायक भंवर खटाना ने दी प्रस्तुति, डांस देखकर जमकर झूमे लोग। धौलपुर शरद मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहीं। गौरी तेने करो भरतपुर जाम... फेम रसिया गायक भंवर खटाना और उनकी टीम ने एक के बाद एक लगातार लोकगीतों से समां बांध दिया। साथ ही हरियाणा से आई डांसरों ने लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में आयुक्त अशोक शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। गायक भंवर खटाना ने छज्जे ऊपर बोयो री बाजरा..., मेरी रात कटे न जाड़े में..., चौमासे में गौरी क्यू नखरे दिखावे..., जानू कोंचिंग पड़वे आ जाइयो..., हटजा ताऊ पाछे से... गौरी तूने करो भरतपुर जाम गाकर लोगों को नाचने पर मजबूर कर दिया। हरियाणवी डांसर और सिंगर कोमल चौधरी, पिंकी गुर्जर और सपना शबनम ने भी प्रस्तुति से समां बांध दिया। दर्शकों ने हरियाणवी डांसरों के साथ जमकर डांस किया। जिन्हें काबू करने के लिए पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा।

# भाजपाइयों ने गड़रिया लुहार परिवार के बच्चो के साथ मनाया सीएम भजनलाल का जन्मदिन

## बच्चो को बांटे फल और बिस्कुट, गड़रिया लुहार परिवारों के उत्थान को लेकर दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के मुखिया भजनलाल शर्मा का रविवार को जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं द्वारा कई प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर बाड़ी भाजपा मंडल द्वारा शहर के सरमथुरा रोड स्थित महाराणा प्रताप खेल मैदान की दीवार के सहारे रहने वाले गडरिया लोहार परिवारों के बीच पहुंच मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाया। भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री अनिल गोयल के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में बाड़ी मंडल अध्यक्ष दिनेश गर्ग उर्फ मामा के साथ महिला पदाधिकारी वंदना शिवहरे,पार्षद सुदामा कंसल ,आकाश सेठ एवं अन्य पदाधिकारियों ने गड़रिया लोहार परिवारों के बच्चों को फल एवं बिस्किट का वितरण किया और खेल मैदान में वृक्षारोपण किया गया। जिला महामंत्री अनिल गोयल ने बताया कि एक वर्ष के अंदर भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जनता के हित में ऐसे काम किए हैं कि अब आम जनता उनकी खेती होती जा रही है उन्होंने महिला सुरक्षा को प्राथमिकता तो दी ही है साथ में अलग–अलग विभागों में अधिक से अधिक बेरोजगारों को रोजगार मिल सके। इसके लिए पूरी प्लानिंग के साथ काम किया है। जिसमें अब भर्ती निकाली जा रही है। कार्यक्रम के दौरान भाजपा की मंडल अध्यक्ष दिनेश गर्ग उर्फ मामा ने गड़रिया लोहार परिवारों से राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रहे शिविर में उनका पंजीयन करने की भी जानकारी ली। इस दौरान महिला पदाधिकारी वंदना शिवहरे ने परिवारों के बच्चों से उनके स्कूल जाने की जानकारी ली और परिजनों को सलाह दी कि वे अपने बच्चों को पास के किसी स्कूल में पढ़ने जरूर भेजे। इस दौरान भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा उपाध्यक्ष नाजिया खान,मनोज कोली,सीमा सोनी, विजय लक्ष्मी प्रजापति, आनंद सिंगल, दीनदयाल कोली, रामकुमार कुशवाहा, नरेश यादव, आकाश,प्रदीप भारद्वाज और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सामाजिक सद्भावना मंच की बैठक आयोजित, अगली बैठक 2 फरवरी 2025 को

बढ़ता राजस्थान




**बाड़ी (राजू शर्मा)।** हिंदू समाज के द्वारा सामाजिक सद्भावना मंच की बैठक स्थानीय निजी मैरिज होम में आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर बाड़ी कस्बा के हिंदू समाज के विभिन्न जातीय संगठनों के प्रमुख व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रांत के सामाजिक सद्भावना प्रमुख दिनेश हलैना रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी डॉक्टर शिवदयाल मंगल ने की। कार्यक्रम में उपस्थित हिंदू समाज की अलग–अलग जातियों के प्रमुख व्यक्तियों द्वारा समाज हित में अपने विचार व्यक्त किए गए। विचार व्यक्त करने वालों में अग्रवाल समाज के मुन्नालाल मंगल एवं भगवान दास बंसल, मीणा समाज से जिला अध्यक्ष किशन सिंह मीणा एवं जगदीश रावत, ब्राह्मण समाज से अध्यक्ष मुकेश बिधौलिया, डॉक्टर अमरीश पचौरी, सूबेदार मुकेश शर्मा, राजपूत समाज से सुरेंद्र सिंह परमार एवं दीपक परमार, जाटव समाज से रामदास तरुण एवं राजवीर सिंह, कुशवाहा समाज से लखनलाल कुशवाहा, रिंकू कुशवाहा, कोली समाज से जमुना दास, गणपति एवं पूर्व चेयरमैन गयाप्रसाद कोली, बाल्मिक समाज से राघवेंद्र सिंह बागड़ी, सिख समाज से सरदार प्रेम सिंह, राम प्रसाद गोस्वामी, गुर्जर समाज से दिनेश गुर्जर आदि सहित कार्यक्रम में उपस्थित सर्व हिंदू समाज के प्रमुख व्यक्तियों ने संबोधित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सद्भावना मंच के खंड प्रमुख डॉ गोपेश पचौरी ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी तथा कार्यक्रम का संचालन किया। इस दौरान जिला सद्भावना प्रमुख देवेश शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

# कानफोड़ू साइलेंसर : ट्रैफिक पुलिस ने उतरवाए 150 साइलेंसर

## मॉडिफाई साइलेंसरों से निकलती है 120 से 130 डेसिबल ध्वनि, सामान्य से दो गुना

## यातायात प्रभारी के नेतृत्व में बाइकों पर कार्रवाई



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** मोटरसाइकिलों में लगे मॉडिफाई साइलेंसर सड़कों पर असहनीय शोर और दहशत फैला रहे हैं। यह सामान्य से दो गुना ज्यादा शोर मचा रहे हैं। लगातार शिकायतों के बाद मॉडिफाइड साइलेंसर युक्त बुलेट और अन्य मोटरबाइकों के खिलाफ यातायात पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है। शोर मचाने वालों के खिलाफ अलर्ट मोड पर है। बुलेट पर मॉडिफाई साइलेंसर लगवाने के बाद युवाओं द्वारा पटाखे जैसी आवाज निकालते हुए ध्वनि प्रदूषण किया जा रहा है।

इससे रास्ते में गुजरने वाले राहगीर भयभीत हो रहे हैं। पिछले दिनों क्राइम बैठक में एसपी सुमित महेरड़ा ने शहर में ड्राइवरों द्वारा पटाखे जैसी आवाज निकालने वालों के खिलाफ अंकुश लगाने के लिए यातायात प्रभारी को निर्देशित किया था। मावली टाइप के लड़के मॉडिफाई साइलेंसरों से तेज पटाखों जैसी आवाज निकालते हैं। खासकर महिलाएं और बच्चियों के आसपास गुजरते वक्त। ऐसे में दहशत का माहौल क्रिएट होता है। क्योंकि शहर में 55 से 60 डेसिबल तक की ध्वनि ही निर्धारित है। इतनी ज्यादा ध्वनि हानिकारक होती हैं। लेकिन मॉडिफाई साइलेंसर से 120 से 130 डेसिबल तक आवाज निकलती हैं। जो की मनुष्य के लिए हानिकारक है, क्योंकि मनुष्य की अधिकतम शोर सहने की क्षमता 120 से 130 तक ही होती है। तेज आवाज कान में बाल कोशिकाओं और श्रवण तंत्रिका को नुकसान पहुंचा सकती है, लगातार तेज ध्वनि के कारण सुनने की क्षमता में कमी आ सकती है। निर्धारित से अधिक आवाज के कारण बीपी, चिड़चिड़ापन, सिर दर्द, नींद में परेशानी आदि आने का खतरा रहता है।

**डॉ मनीषा सैनी, जिला अस्पताल**

# दिव्यांगजनो की आकांशाओ व अपेक्षाओ पर खरा उतरना सम्मान की बात- जिला कलक्टर

## चार दिवसीय दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर में हुआ दो हजार से अधिक उपकरणो का वितरण

### विधायक चंद्रभानसिंह आक्या व श्री भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति के सौजन्य से आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** दिव्यांगजनो की सहायतार्थ शिविर आयोजित कर सभी की आकांशाओ व अपेक्षाओ पर खरा उतरना सम्मान की बात है। विधायक चंद्रभानसिंह आक्या व उनकी टीम साथ ही श्री भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति इतने सुंदर आयोजन के लिए बधाई के पात्र है। यह विचार जिला कलक्टर आलोक रंजन ने रविवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मोत्सव व सरकार के सफलतम एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विधायक चंद्रभान सिंह आक्या व श्री भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति जयपुर शाखा अजमेर के सौजन्य से दिनांक 12 से 15 दिसम्बर तक स्टेशन रोड स्थित जैन धर्मशाला चित्तौडगढ़ में आयोजित चार दिवसीय दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर के अंतिम दिन शिविर के अवलोकन के दौरान व्यक्त किए। इस दौरान जिला कलक्टर ने दिव्यागजनो से सीधा संवाद स्थापित करते हुए अनेक दिव्यांगजनो को अपने हाथो से उपकरणो का वितरण किया। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी बीनू देवल ने भी शिविर का अवलोकन कर आवश्यक मार्ग दर्शन प्रदान किया। शिविर संयोजक रवि विराणी ने बताया कि रविवार को शिविर का अंतिम दिन होने से बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित हुए। चार दिवसीय शिविर में कुल दो हजार से अधिक दिव्यांगजनो को उपकरण वितरण कर लाभान्वित किया गया। बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक ओम प्रकाश तोषनीवाल ने भी शिविर में उपस्थित होकर दिशानिर्देश प्रदान किये।



शिविर संरक्षक अनिल ईनाणी ने बताया कि चार दिवसीय शिविर में कुल 20 ब्लाईंड स्टीक, 121 जयपुर फुट, 48 कृत्रिम हाथ, 364 कैलीपर, 158 बैसाखी, 556 कान की मशीन, 182 व्हीलचेयर, 342 ट्राई साईकिल, 6 कृत्रिम पेर, 215 बुजुर्ग छड़ी सहित कुल 2017 दिव्यांगजनो को उपकरण नि:शुल्क वितरीत कर लाभान्वित किया गया। शिविर के समापन अवसर पर श्री भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति के अजमेर संभाग कोर्डिनेटर सुरेश मेहरा, शिविर प्रभारी कैलाश चन्द्र शर्मा सहित सम्पूर्ण सदस्यों का टीम आक्या द्वारा दुपट्टा ओढ़ाकर, श्रीफल भेंटकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर नगर कांग्रेस कमेटी कपासन ने श्रद्धासुमन अर्पित किये



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** देश के पूर्व गृहमंत्री एवं लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर रविवार को नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प-माला सहित श्रद्धासुमन अर्पित किये गये।साथ ही विचारगोष्ठी में कार्यकर्ताओं द्वारा इनके विचारों को आत्मसात कर देश एवं समाज की सेवा करने का संकल्प व्यक्त किया गया।

नगर कांग्रेस प्रवक्ता विजय बारेगामा ने बताया कि देश के पूर्व गृहमंत्री एवं लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि नगर कांग्रेस कमेटी कपासन अध्यक्ष शंकरलाल प्रजापत की अध्यक्षता में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा सरदार पटेल की तस्वीर पर पुष्प-माला के साथ श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी।साथ ही आयोजित विचारगोष्ठी में कांग्रेस वक्ताओं द्वारा लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के पदचिन्हों पर चलकर एवं इनके विचारों को आत्मसात कर देश एवं समाज की सेवा करने हेतु प्रेरित किया गया।जिस पर कार्यकर्ताओं द्वारा संकल्प व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष सतीश नंदवाना,पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष हिमांशु बारेगामा,पूर्व वरिष्ठ कांग्रेस नगर अध्यक्ष एवं पूर्व नपा कपासन पार्षद हाजी अब्दुल रहमान मंसूरी,पूर्व ब्लॉक उपाध्यक्ष अख्तर अली बुखारी,लक्ष्मीनारायण व्यास,कला सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश व्यास,उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिरोया,यूथ कांग्रेस नेता मोहम्मद शेर अंसारी,पूर्व पार्षद अशरफ हुसैन,उपाध्यक्ष हरलाल जटिया,पूर्व ब्लॉक प्रवक्ता मधुसूदन कुमावत,सुनील प्रधान,सुनील तेली,नगर महासचिव राकेश बारेगामा,देवेंद्र सेन,दीनबंधु सोमानी,राजेंद्र आचार्य,पिंटू खटिक,लक्ष्मीलाल कुमावत,अमित मोदी,ओबीसी प्रकोष्ठ के युवा नेता रवि सोनी,रफीक अंसारी,सत्यनारायण चोटिया, नंदकिशोर आचार्य,अंकित वैष्णव,किशन प्रजापत आदि कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# पुण्य कर्मों से प्राप्त मानव जीवन रूपी उपहार का सदुपयोग करे- साध्वी दिव्य प्रभा

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** नगर के अंबेश भवन मे विराजित श्रमण संघीय साध्वी दिव्य प्रभा म.सा. ने रविवार को धर्मसभा में पक्खी प्रसंग पर कहाकि मानव जीवन हमारे पुण्य कर्मों से मिला हुआ उपहार है।परमात्मा से प्राप्त इस उपहार का सदुपयोग करें।यही परमात्मा का संदेश है।जो लोग मनुष्य शरीर को प्राप्त कर अपने तथा अन्य प्राणियों के कल्याण में भागीदार बनते हैं।वह बड़े भाग्यशाली होते हैं।साथ ही साध्वी निरुपमा ने कहाकि भगवान महावीर ने रात्रि में भोजन त्याग को एक महान तप बताया है।साथ ही धर्म कार्य से अर्जित पुण्य से परिवार सदैव खुशहाल जीवन व्यतीत करता है।इस दौरान साध्वी आर्या म.सा. द्वारा भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। इधर संघ अध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिरोया ने बताया कि सोमवार को जैनाचार्य प्रवर विजयराज म.सा. आदि ठाणा का नगर कपासन में मंगल प्रवेश होगा।जिनके प्रवचन नगर में स्थित समता भवन मे होंगे।



# जिला प्रशासन एवं चिकित्सा विभाग द्वारा स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

## महिलाओं एवं छात्राओं ने उत्साह से किया रक्तदान,111 यूनिट रक्त का हुआ संग्रहण

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ ( नि.स. )।** आमजन हितैषी राजस्थान सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला प्रशासन एवम चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग झालावाड़ के तत्वाधान में जिला चिकित्सालय झालरापाटन में विशाल स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक निर्मल सकलेचा,समारोह के अध्यक्ष जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़,विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष झालरापाटन महेश बटवानी,वरिष्ठ भाजपा नेता एवम कार्यालय प्रभारी मुकेश चेलावत,पूर्व चेयरमैन डॉ.राजेश शर्मा,मंडल महामंत्री भानु खत्री,वार्ड पार्षद नीतेश परमार,कन्हैया लाल नागर,कमल पाटीदार ,भवानीशंकर शर्मा द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.साजिद खान ने बताया कि शिविर में स्वयंसेवी संघटनो,समाजिक कार्यकर्ताओ एवम मेडिकल स्टॉफ ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

मुख्य अतिथि निर्मल कुमार सकलेचा द्वारा रक्तदान को महान जीवनदान बताते हुए इसके महत्व के बारे में बताया एवम जीवन मे हमेशा रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया।विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष महेश बटवानी ने बताया कि सेटेलाइट चिकित्सालय के जिला चिकित्सालय बनने के बाद यहाँ पर आमजन को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं मिलने लगी है। समारोह के अध्यक्ष जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ ने बताया कि झालावाड़ जिले में चिकित्सा के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य होने लगे है आज ही विष्णु कहार द्वारा मेडिकल कॉलेज में अंग दान करके सात लोगो को जीवन दान देकर झालावाड़ जिले द्वारा आदर्श प्रस्तुत किया है,इसके लिए झालावाड़ जिले का चिकित्सा विभाग एवम जिला प्रसाशन बधाई का पात्र है।

जिला कलेक्टर ने रक्तदान करने वाले सभी जनप्रतिनिधियों, मेडिकल स्टॉफ,स्टूडेंट्स को पुष्प गुच्छ एवम माल्यार्पण करके स्वागत एवम सम्मान करके प्रशस्ति पत्र वितरित किए।



रक्तदान शिविर में सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संघटन,नर्सेज एसोसिएशन, पैरामेडिकल एसोसिएशन,हरू-रु॥ङ्क एसोसिएशन, महिला प्रशिक्षण केंद्र के स्टॉफ एवम छात्राओं,पैरामेडिकल छात्रों एवम महिलाओं द्वारा उत्साह से रक्तदान किया गया। जिला चिकित्सालय झालरापाटन से डॉ. मुकेश छड़किया,डॉ. मयंक शर्मा ने रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन करके रक्तदान हेतु प्रेरित किया।

रक्त का संग्रहण ब्लड बैंक मेडिकल कॉलेज झालावाड़ की टीम द्वारा किया गया।

# श्री कालभैरव मंदिर पर 'अभिनंदन 2025' आयोजन 30 दिसंबर से 1 जनवरी तक

## कैलेंडर वर्ष की विदाई और स्वागत में संगीतमय नानी बाई का मायरा और भव्य भजन संध्या देंगे सनातन का संदेश

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** बोजुन्दा पॉलिटेक्निक कॉलेज के समीप स्थित श्री कालभैरव (श्री काला जी बावजी) देव स्थल पर कैलेंडर वर्ष की विदाई और स्वागत में सनातन संस्कृति से ओतप्रोत संगीतमय नानी बाई का मायरा और भव्य भजन संध्या के आयोजन 30 दिसंबर से 1 जनवरी तक आयोजित होंगे। इस अभिनंदन 2025 आयोजन में आशीर्वाद प्रदान करने सूरजकुंड वाले संत अवधेश चैतन्य ब्रह्मचारी जी महाराज सहित अन्य संत शिरकत करेंगे। जबकि मेवाड़ के प्रख्यात शंकर लक्खा एण्ड पार्टी द्वारा संगीत मय नानी बाई का मायरा और भजन संध्या की प्रस्तुति दी जाएगी।

यह जानकारी देते हुए पुजारी बाबूलाल जटिया सतखंडा ने बताया कि बोजुंदा पॉलिटेक्निक कॉलेज के समीप स्थित श्री काल भैरव मंदिर पर आयोजन के तहत 30 दिसंबर को दोपहर एक बजे से नानी बाई का मायरा का शुभारंभ होगा, जो 31 दिसंबर और 1 जनवरी को प्रतिदिन दोपहर एक बजे से सायंकाल बजे तक किया जाएगा। जबकि नव वर्ष के अभिनंदन स्वरूप 31 दिसंबर की रात्रि मंदिर पर विशाल रात्रि जागरण भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। समापन 1 जनवरी 2025 को दोपहर एक बजे नानी बाई का मायरा कथा के पश्चात विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में होगा। श्रद्धालुओं ने आयोजन में आशीर्वाद प्रदान करने के लिए सूरजकुंड वाले स्वामी अवधेश चैतन्य ब्रह्मचारी जी महाराज व अन्य संतों से भेंट की, उन्होंने स्वीकृति प्रदान की है।

# भाजपा नगर मंडल चित्तौड़गढ़ द्वारा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का जन्मदिवस पर गौसेवा कर मनाया

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल चित्तौड़गढ़ द्वारा गांधीनगर स्थित गौशाला में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का जन्मदिवस गौसेवा कर मनाया गया। भाजपा नगर मंडल पदाधिकारी द्वारा जिलाध्यक्ष मिट्ठू लाल जाट, भाजपा नगर अध्यक्ष सागर सोनी की उपस्थिति में गौशाला में गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के स्वस्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामना की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष मिट्ठू लाल जाट ने भाजपा की भजनलाल सरकार के एक वर्ष पूरे होने के अवसर पर पदाधिकारी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मंडल अध्यक्ष सागर सोनी ने सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर जिला महामंत्री रघु शर्मा, गौरव त्यागी, जिला मीडिया प्रभारी मनोज पारीक, जिला प्रचार मंत्री गोवर्धन जाट, जिला मंत्री संजु लड्ढा, नगर महामंत्री शिव प्रकाश मंत्री, घनश्याम लोट, नगर उपाध्यक्ष चन्द्र शेखर सोनी, नगर मंत्री विष्णु सेन, हरीश गुरनानी, भाजयुमो नगर अध्यक्ष अविनाश शर्मा, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष इन्द्रा सुखवाल, अशोक पालीवाल, शांतनु काबरा , अर्जुन बैरवा, अली असगर बोहरा, अल्का चतुर्वेदी, कविता लालवानी, आशिष आर्य, देवराज रजक, मोहित गोस्वामी, मुकेश गवारिया, गोविंद सोनी, अभिमन्यु समदानी, भानुप्रताप आदि उपस्थित रहे।



# जाते-जाते कई लोगों की झोलियां खुशियों से भर गया 'विष्णु', ब्रेन डेड होने के बाद परिजनों की स्वीकृति से हुआ ऑर्गन डोनेट

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ ( नि.स. )।** झालावाड़ मेडिकल कॉलेज से रविवार को ट्रांसप्लांट के लिए ऑर्गन्स डिलोकेट किए गए हैं। ब्रेन डेड हुए युवक विष्णु प्रसाद के ऑर्गन्स को ट्रांसप्लांट के लिए जयपुर, जोधपुर और कोटा के मेडिकल कॉलेज में एम्बुलेंस से भेजा जा रहा है. 35 वर्षीय युवक विष्णु प्रसाद के शरीर से एक किडनी, हार्ट, 2 लिवर को एम्स जोधपुर और 1 लंग्स और एक किडनी से डिलोकेट कर एसएमएस जयपुर, मरीजों को ट्रांसप्लांट किया जाएगा, जिससे उन्हें नया जीवन मिल सकेगा साथ ही प्राप्त 2 कॉर्निया शाइन इंडिया कोटा को प्राप्त हुई जिससे दृष्टिहीन मरीजों को राहत मिलेगी।

आपको बताते चलें कि यह झालावाड़ जिले की दूसरी बड़ी उपलब्धि है पूर्व में भी ब्रेन डेड होने के कारण स्वर्गीय भूरिया कंजर के परिवार जनों के द्वारा अंग डोनेट किए गए थे। ब्रेन डेड कमेटी का गठन किया = न्यूरो सर्जन रामसेवक योगी ने बताया कि झालावाड़ के मानपुरा पिपाधाम निवासी विष्णु प्रसाद को घायल अवस्था में इलाज के लिए 11 दिसम्बर को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था।



ऑपरेशन के दौरान युवक ब्रेन डेड हो गया। इसके बाद एक कमेटी का गठन किया गया, जिसमें युवक के ब्रेन डेड होने की घोषणा की गई। जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ और अन्य सीनियर चिकित्सकों की मौजूदगी में मृतक के पिता और उसकी पत्नी अनिता की काउंसलिंग की गई, जिसमें युवक के ऑर्गन डिलोकेट करने की सहमति लेकर गई परिवार को इसके लिए राजी किया गया. वहीं परिजनों की स्वीकृति मिलने के बाद अंग डोनेट की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी।

# राजस्थान सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने पर अंत्योदय सेवा शिविर का आयोजन

## राजस्थान सरकार का एक वर्ष ऐतिहासिक और गौरवशाली - सांसद

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** राजस्थान सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार को इंदिरा गांधी प्रियदर्शनी ऑडिटोरियम में अंत्योदय सेवा शिविर का आयोजन किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के प्रसारण के समानांतर आयोजित कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सांकेतिक तौर पर आवास व स्कूटी की चाबी, स्मार्टफोन, योजनाओं के स्वीकृति पत्र, चैक, श्रवण यंत्र, सहायक उपकरण आदि प्रदान किए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद सीपी जोशी ने कहा कि राजस्थान सरकार का एक वर्ष ऐतिहासिक और गौरवशाली कालखंड रहा है। सरकार ने पिछले एक वर्ष में कई उल्लेखनीय कार्य किए हैं। किसान सम्मान निधि, पेंशन योजनाओं के अंतर्गत देय राशि को बढ़ाना, कम दामों पर गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने जैसी अनेक योजनाओं के माध्यम से सरकार ने समाज के सभी वर्गों के लिए कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुगम्य भारत योजना के अंतर्गत दिव्यांगों के लिए सार्वजनिक स्थानों पर रैंप, लिफ्ट आदि की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में कपासन विधायक अर्जुन लाल जीनगर ने कहा है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान चंहुमुखी विकास की ओर अग्रसर है। सरकार ने दिव्यांगों, अनुसूचित जाति-जनजाति सहित समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किया है। अंतिम पंक्ति तक बैठे व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। कार्यक्रम में पूर्व उप जिला प्रमुख मिट्ठू लाल जाट ने कहा कि पिछले एक वर्ष में सरकार ने समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य किया है। उन्होंने सभी से सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी राकेश पुरोहित ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।



इस अवसर पर अतिथियों ने जिला स्तरीय प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम में जिला प्रमुख भूपेंद्र सिंह बडौली, जिला कलक्टर आलोक रंजन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय पाठक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक अशीन शर्मा, परिवीक्षा अधिकारी विकास खटीक, नगर परिषद् आयुक्त रविंद्र यादव, भूमि विकास बैंक पूर्व अध्यक्ष कमलेश पुरोहित, रघु शर्मा, हर्षवर्धन सिंह सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी उपस्थित रहे।

# पेंशनर्स का जिला सम्मेलन 16 दिसंबर को नवग्रह आश्रम में

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** भीलवाड़ा एवं शाहपुर जिले का वार्षिक अधिवेशन पेंशनर्स डे की पूर्व संध्या में बोरखेड़ा स्थित नवग्रह आश्रम रायला के समीप आयोजित किया जाएगा जिसमें जिला कलेक्टर महोदय शाहपुरा, बैंक अधिकारी, कोषाधिकारी, आरजीएचएस संबंधित अधिकारी, पेंशनर समाज के प्रदेश कार्यकारिणी पदाधिकारी, एवं अन्य विभागों के अधिकारी सम्मेलन में उपस्थित रहकर पेंशनर्स की समस्याओं का समाधान करेंगे। सम्मेलन के संयोजक हंसराज चौधरी होंगे।

सम्मेलन के आयोजक एवं जिला अध्यक्ष निर्मल कुमार जैन के अनुसार सम्मेलन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। महामंत्री भूपेंद्र दत्ता ने बताया कि जिला अधिवेशन को संपादित करने के लिए विभिन्न प्रकार की कमेटिया बना दी गई है जो व्यवस्थाओं की देखभाल करेंगे। जिला अधिवेशन में केंद्र एवं राज्य से संबंधित पेंशनर्स कर्मचारी शाहपुरा एवं भीलवाड़ा जिले के 500 से अधिक पेंशनर्स आसींद, कोटडी, रायला, बनेड़ा, माण्डल, बिजौलिया, शाहपुरा, मांडलगढ़ एवं अन्य उपशाखाओं से पेंशनर्स प्रतिनिधि भाग लेंगे। संगठन सचिव राधेश्याम पारीक के अनुसार भीलवाड़ा से दो बसों की व्यवस्था की गई है जो 16 दिसंबर 2024 को प्रात: 9.30 बजे कलेक्टेट परिसर के बाहर से उपलब्ध रहेगी।

# रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं ने किया 21 यूनिट रक्तदान



बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द ( नि.स. )।** मधुकर रक्त पेढ़ी राजसमन्द द्वारा 15 दिसम्बर रविवार को किशोर नगर मंडा राजनगर स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।मधुकर रक्त पेढ़ी राजसमन्द के जिला सचिव प्रदीप खत्री ने बताया कि सर्द हवाओं के बीच मातृ शक्ती के साथ 21 लोगों ने रक्तदान किया साथ ही 21 युवाओं ने आवश्यकता पड़ने पर अपने सम्पर्क सूत्र देते हुए रक्तदान हेतु प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए रक्तदान करने का संकल्प पत्र भरा। आज इस रक्तदान शिविर में सहयोगी संस्था के नाते भारत विकास परिषद् राजसमन्द की टीम के साथ आर्नोल्ड जिम के युवाओं ने भी रक्तदान करने में एवं द्वारिका मार्बल का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।जिसमें जिला सचिव प्रदीप खत्री, रतन चिराग कुमावत, देशबन्धु रांका , उपस्थित थे ।

# महाकाल मंदिर पीठाधीश्वर नाथ की अमृत कलश यात्रा जम्मू एंड कश्मीर के मार्तण्ड सूर्य मंदिर में दर्शनो के दौरान हुआ विवाद

## संत और एएसआई कर्मचारियों के बीच हुई बहस

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर / बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** करौली जिले के डांग इलाके के बॉर्डर पर स्थित नवलापुरा महाकाल मंदिर राष्ट्रीय अनहद महायोग पीठ के पीठाधीश्वर संत रुद्रनाथ महाकाल विशाल जी महाराज की ओर से शुरू की गई सनातन संस्कृति अखंड भारत सेतुबंध अभियान महाकुंभ अमृत कलश यात्रा के दौरान फिर विवाद सामने आया है। अब यात्रा के जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले में स्थित सूर्य मार्तंड मंदिर पहुंचने पर संत रुद्रनाथ महाकाल और उनके शिष्यों द्वारा भगवान महादेव के जयकारों के साथ परिक्रमा लगाने के दौरान जयकारें लगाने और श्लोक बोलने पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के कर्मचारियों ने आपत्ति जता दी। एएसआई के कर्मचारियों को भ्रम हो गया कि संत और उनके अनुयायियों द्वारा प्रतिबंध के बावजूद मंदिर में जल चढ़ाकर पूजा की गई है। जबकि संत रुद्रनाथ का कहना था कि मंदिर में जलाभिषेक नहीं किया गया है, केवल जयकारे और वैदिक मंत्रोच्चार किए गए हैं। इसी बात को लेकर एएसआई के कर्मचारियों और संत के बीच तीखी बहस हो गई। हालांकि एएसआई के उच्च अधिकारियों से मोबाइल पर बातचीत के बाद मामला शांत हो गया। गौरतलब है कि सूर्य मार्तंड मंदिर एएसआई के अधीन है। जहां पूजा पाठ पर रोक है। करौली जिले के डांग इलाके के बॉर्डर पर स्थित नवलापुरा महाकाल मंदिर राष्ट्रीय अनहद महायोग पीठ के पीठाधीश्वर संत रुद्रनाथ महाकाल विशाल जी महाराज की ओर से शुरू की गई सनातन संस्कृति अखंड भारत सेतुबंध अभियान महाकुंभ अमृत कलश यात्रा के दौरान फिर विवाद सामने आया है। अब यात्रा के जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले में स्थित सूर्य मार्तंड मंदिर पहुंचने पर संत रुद्रनाथ महाकाल और उनके शिष्यों द्वारा भगवान महादेव के जयकारों के साथ परिक्रमा लगाने के दौरान जयकारें लगाने और श्लोक बोलने पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के कर्मचारियों ने आपत्ति जता दी। एएसआई के कर्मचारियों को भ्रम हो गया कि संत और उनके अनुयायियों द्वारा प्रतिबंध के बावजूद मंदिर में जल चढ़ाकर पूजा की गई है। जबकि संत रुद्रनाथ का कहना था कि मंदिर में जलाभिषेक नहीं किया गया है, केवल जयकारे और वैदिक मंत्रोच्चार किए गए हैं। इसी बात को लेकर एएसआई के कर्मचारियों और संत के बीच तीखी बहस हो गई। हालांकि एएसआई के उच्च अधिकारियों से मोबाइल पर बातचीत के बाद मामला शांत हो गया। गौरतलब है कि सूर्य मार्तंड मंदिर एएसआई के अधीन है। जहां पूजा पाठ पर रोक है। संत रुद्रनाथ ने बताया कि मार्तंड सूर्य मंदिर में दर्शनों के लिए गए थे। जहां डयूटी पर मौजूद एएसआई के कर्मचारियों द्वारा अभद्र व्यवहार करते हुए उन्हें मंदिर में प्रवेश करने से रोका गया। संत रुद्रनाथ ने आरोप लगाया कि सनातनी विचारधारा के विरोधी कुछ लोग जानबूझकर अमृत कलश यात्रा को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। बता दें कि संत रुद्रनाथ महाकाल की ओर से सनातन संस्कृति के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए भारत-पाक नियंत्रण सीमा रेखा स्थित शारदा पीठ से अमृत कलश यात्रा शुरू की गई है। यह यात्रा 7 राज्यों में होकर गुजरेगी और 3000 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए प्रयागराज में लग रहे महाकुंभ पहुंचकर सम्पन्न होगी।

# सीएम भजनलाल के 58वें जन्म दिवस पर ब्लड डोनेशन कैम्प में 251 यूनिट रक्त हुआ एकत्र

## एसडीएम-सीओ ने रक्तदान कर की शुरुआत, महिलाओं ओर युवक्तीयो ने भी दिखाया उत्साह

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर / बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** सीएम भजनलाल शर्मा के 58वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में बयाना सीएचसी में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। भजन लाल फाउंडेशन के बैनर तले हो रहे इस शिविर में भाजपा और उससे जुड़े विभिन्न प्रकोष्ठों और मोर्चाओं, भारत विकास परिषद, ब्राह्मण समाज सहित विभिन्न संगठन सहयोग रहा। एसडीएम दीपक मित्तल, एएसपी हरिराम कुमावत, डिप्टी एसपी कृष्ण राज जांगिड़ और भाजपा जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र बुढवार बयाना व्यापार संघ महामंत्री मुकट भारद्वाज ने रक्तदान कर शिविर की शुरुआत की। शुभारंभ कार्यक्रम में बीसीएमओ डॉ धर्मेंद्र चौधरी, सीएचसी इंचार्ज डॉ जोगेंद्र सिंह, पूर्व सांसद रंजीता कोली, पूर्व विधायक बच्चू सिंह बंशीवाल, किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मसिंह चौधरी, शिविर प्रभारी पूर्व जिला महामंत्री भगवान दास शर्मा, प्रधान मुकेश कोली, पूर्व पार्षद गौरव शर्मा, लेखराम शर्मा आदि ने कहा कि रक्तदान करके हम रक्त की कमी से मरणासन्न स्थिति के लोगों को जीवनदान दे सकते है। रक्तदान महादान होता है। रक्तदान शिविर में महिलाएं और युवतियां भी बढ़चढ कर भाग लिया। जिला आरबीएम अस्पताल की ब्लड बैंक की टीम ब्लड एकत्र करने का काम कर रही है। शाम 5 बजे तक 251 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में पहुंचे शिक्षा विभाग के कर्मचारी हीरालाल तिवारी ने 38वीं बार रक्तदान किया। सुबह से ही शिविर में रक्तदान करने वालों की भीड़ उमड़ रही है। भाजपा और सामाजिक संगठन कार्यकर्ता व्यवस्थाओं में सहयोग कर रहे हैं। इसके अलावा भाजपा कार्यकर्ताओं ने गौशाला पहुंचकर गायों को हरा चारा खिलाया और अन्नकूट प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर नपा ईओ अंकुर जैन, नायब तहसीलदार खरैरी वैशाली धाकड़, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष रमन धाकड़, किसान यूनियन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जगमोहन खटाना, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य किरण जैन, भारत विकास परिषद अध्यक्ष रेणु मिश्रा, शहर अध्यक्ष आनंद उपाध्याय, डॉ शैलेंद्र गुर्जर, प्रदीप आर्य, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजेंद्र दमदमा, बंध बारैठा मंडल अध्यक्ष मानसिंह पटेल, प्रमोद जैन, रोनू उपाध्याय, प्रेमशंकर तिवारी, उदयभान कनावर, दिनेश दत्तात्रेय, कमल जैन, रूपकिशोर सेजवाल, दीपक परमार, गोविन्द उपाध्याय, अजय दमदमा, भाजपा महिला मोर्चा शहर अध्यक्ष गीता गुधेनिया, मनोज अग्रवाल, योगेश पाराशर, उदयभान शर्मा आदि मौजूद रहे।३

# श्री दयाल हॉस्पिटल में हड्डियों की जांच का निशुल्क कैंप आयोजित हुआ

## कैंप में पहुंचे लोगों को दी कमजोर हड्डियों को स्वस्थ रखने की जानकारियां

## हड्डियों की तकलीफ से परेशान सौ से अधिक लोगों को मिला निशुल्क जांच का लाभ



बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** यहां श्री दयाल हॉस्पिटल में हड्डियों की तकलीफ से परेशान लोगों की जांच निशुल्क की गई । रविवार को शहर के मोरला बाईपास स्थित श्री दयाल हॉस्पिटल में हड्डियों से जुड़ी बीमारियों एवं विटामिन और कैल्शियम की कमी की जांच और चेकअप हेतु निशुल्क कैंप लगाया गया ।जिसमें लगभग 100 से अधिक लोगों ने कैंप में पहुंचकर निशुल्क जांच का लाभ उठाया । यहां चिकित्सक आनंद प्रकाश मीणा ने जानकारी में बताया कि रविवार को श्री दयाल हॉस्पिटल में हड्डियों से जुड़ी बीमारी एवं विटामिन कैल्शियम की कमी की जांच के लिए निशुल्क कैंप लगाया गया। कैंप में लगभग 100 से अधिक लोगों के बोन मैरो डेंसिटी (बी एम डी) हड्डियों की जांच और चेकअप निशुल्क किया गया । यहां चिकित्सक के अनुसार कैंप में पहुंचे अधिकांश लोगों के बोन मैरो डेंसिटी ( बी एम डी) की जांच में कैल्शियम और विटामिन डी 3 की कमी पाई गई । यहां जांच करवाने आए अधिकांश लोगों में। मोरटेन माइंस एक पाया गया। इस दौरान निशुल्क परामर्श लेने पहुंचे लोगों को जानकारी में चिकित्सक मीणा द्वारा यह बताया गया कि हड्डियां कितनी मजबूत है। हड्डियों में कैल्शियम का घनत्व कितना है। हड्डियों में कैल्शियम कितना प्रतिशत है। इन सभी के बारे में लोगों को जानकारियां दी गई। एवं इन सभी विटामिन एवं कैल्शियम की हड्डियों में पूर्ति कैसे होती है इसके बारे में बताया गया।

# मुख्यमंत्री के जन्मदिवस एवं सरकार की प्रथम वर्षगांठ पर रक्तदान शिविर हुआ आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर / रूपवास )।** रूपवास कस्बे के स्टेशन रोड़ स्थित उपजिला अस्पताल में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिवस और राज्य सरकार की प्रथम वर्षगांठ पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री भानुप्रताप सिंह राजावत के नेतृत्व में आयोजित हुआ।

इस विशाल रक्तदान शिविर में 91 यूनिट रक्तदान किया गया। कार्यक्रम आयोजकों की तरफ से सभी रक्तदान करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक बच्चू सिंह बंशीवाल ने कहा कि हम सभी को समय समय पर रक्तदान जरूर करना चाहिए। रक्तदान करने से किसी का जीवन बचाया जा सकता है। रक्तदान महादान होता है। वहीं पूर्व प्रदेश मंत्री भानुप्रताप सिंह राजावत ने राजस्थान सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि प्रदेश में भजनलाल सरकार विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। युवाओं को भी सरकार के द्वारा रोजगार के भरपूर अवसर प्रदान किए जा रहे है। आगामी वर्षों में राज्य का अभूतपूर्व विकास होगा। इससे पहले विशाल रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं ने 91 यूनिट रक्तदान किया। वहीं रक्त हो एकत्रित करने के लिए आरबीएम अस्पताल से लैब सहायक विष्णुदयाल शर्मा के नेतृत्व में 5 सदस्यीय टीम आई।

इस अवसर पर शहर मण्डल अध्यक्ष चन्द्रमोहन शर्मा,ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष हमवीर सिंह परमार,रूदावल प्रभारी सुनील पाराशर, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री अरूण प्रधान, नवीन दुबे, अभिभाषक संघ के पूर्व अध्यक्ष जयप्रकाश पाराशर,कृष्णा जाट,नीरज गौड़, मुकेश गोयल, आलोक शर्मा पार्षद ,महावीर सेन,उत्तम सिंह,दुर्गेश कुमार,पप्पू परमार,सुमित दीक्षित,लकी राजपूत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री की सभा में निवाई विधानसभा क्षेत्र से अधिक से अधिक भाग लेंवे कार्यकर्ता : रामसहाय वर्मा

## प्रधानमंत्री की सभा के लिए मंडल अध्यक्षों व शहर मंडल अध्यक्ष को सौंपी जिम्मेदारी



बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** पंचायत समिति सभागार में विधायक रामसहाय वर्मा की अध्यक्षता में भाजपा मंडल के पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री किसानों के हित के लिए आईआरसीपी योजना को लेकर विधिवत रूप से 17 दिसम्बर को जयपुर जिले के गांव दादिया में शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री की सभा में निवाई विधानसभा क्षेत्र से अधिक से अधिक कार्यकर्ता प्रधानमंत्री की सभा में पहुंचे। बैठक में प्रधानमंत्री की सभा में विधानसभा क्षेत्र के तमाम मंडल अध्यक्षों व शहर मंडल अध्यक्ष को व्यवस्थाओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। निवाई पीपलू विधानसभा क्षेत्र के 6 मंडल अध्यक्ष जिसमें शहर अध्यक्ष अंकुर गुप्ता, देवराज गुर्जर, दयाराम जाट, मदनलाल सैनी, प्रतापसिंह राजावत व नंदलाल गुर्जर सहित कई कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में चलने के लिए प्रत्येक बूथ स्तर पर बूथ अध्यक्षों को जिम्मेदारियां दी गई है। पंचायत समिति प्रधान रामअवतार लांगडी ने कहा ग्रामीण क्षेत्र के सभी बूथ अध्यक्ष के मंडल अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्र से सभा के लिए दी गई जिम्मेदारी को पारदर्शी रूप से निभाएं। कार्यकर्ताओं को सभा में पहुंचने के लिए किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो।

# मित्रपुरा में रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने किया फ्लेग मार्च

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** मित्रपुरा तहसील मुख्यालय पर शनिवार को रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने स्थानीय पुलिस के साथ फ्लैग मार्च किया। रैपिड एक्शन फोर्स की 83 बटालियन के कमांडेंट कुलदीप कुमार जैन के मार्गदर्शन में जवानों ने थाना अधिकारी यशपाल सिंह के साथ कस्बे में मित्रपुरा बस स्टैंड से रवाना होकर कस्बा होते हुए वीर तेजाजी महाराज से निकल कर तहसील रोड़ होते हुए फ्लैग मार्च किया। मित्रपुरा थाना अधिकारी यशपाल सिंह ने बताया कि रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों को क्षेत्र की संवेदनशील एवं अति संवेदनशील स्थानों की जानकारी दी।

# दिव्यांग शिविर सम्पन्न, 779 दिव्यांगों को किया लाभावित

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्म दिवस पर संत श्री रामप्रसाद धर्मार्थ संस्थान के तत्वावधान में श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर के सहयोग से आयोजित दिव्यांग शिविर को रविवार को समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया व पुलिस उपाधीक्षक मृत्युंजय मिश्रा रहे। शिविर की व्यवस्थाओं में पुनीत कार्य को लेकर अतिथियों ने शिविर में चार दिन से सेवाएं दे रहे संस्था के पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों की सेवा भी एक पुनित कार्य है और यह भी एक ईश्वरीय कार्य है। शिविर में 300 श्रवण यंत्र, 63 व्हीलचेयर, 96 ट्राईसाईकिल, 100 बैसाखी, 100 स्टिक, 60 जयपुर फुट, 60 कैलिपर वितरित किए।

# मुख्यमंत्री ने अन्त्योदय सेवा शिविर में विभिन्न वर्गों को दी कल्याणकारी योजनाओं की सौगात

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राज्य सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर रविवार को जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में अन्त्योदय सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इसी के साथ प्रत्येक जिले में भी जिला स्तरीय अन्त्योदय सेवा शिविर आयोजित किया गया।

सवाई माधोपुर में जिला स्तरीय अन्त्योदय सेवा शिविर का आयोजन प्रभारी सचिव संदीप वर्मा के मुख्य आतिथ्य में एवं जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में रामसिंहपुरा स्थित राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय के ओडिटोरियम में आयोजित हुआ। जिला स्तरीय समारोह का मंच संचालन गीता जैलिया ने किया। राज्य स्तरीय समारोह का सभी जिला मुख्यालयों पर विडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से लाईव प्रसारण किया गया! मुख्यमंत्री ने अन्त्योदय सेवा शिविर में दिव्यांगों, विशेष योग्यजनों, श्रमिकों, स्ट्रीट वेंडर्स, दस्तकारों एवं पात्र व्यक्तियों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की सौगात दी है।

**मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना की बुकलेट का किया विमोचन :** जिला स्तरीय अन्त्योदय सेवा शिविर के दौरान प्रभारी सचिव संदीप वर्मा, जिला कलक्टर शुभम चौधरी सहित अन्य अतिथियों द्वारा मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना की बुकलेट का विमोचन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से दिव्यांगजनों को स्कूटी, ट्राईसाईकिल, एमआर किट एवं क्रिकेट किट, अंग उपकरण, व्हील चेयर आदि का वितरण किया गया। वहीं निर्माण श्रमिक सहायता योजना के तहत मृतक के आश्रितों को एक-एक लाख रूपये की 3 एफडी पत्र प्रदान की। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर धारासिंह मीणा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता गौरीशंकर मीणा, महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र सुग्रीव मीणा, अधीक्षण अभियंता जलदाय भगवान सहाय मीणा, सीएमएचओं डॉ. धर्मसिंह मीणा, सहायक निदेशक राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग रामस्वरूप मीणा, वरिष्ठ प्रबंधक रीको जीएस मीणा, नगर परिषद आयुक्त पंकज मीणा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

# बाघिन रिध्दि ने किया सांभर का शिकार

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** वन्यजीवन को आमतौर पर अचरज भरा माना जाता है। वाइल्ड लाइफ में कई बार हैरत अंगेज नजारे भी देखने को मिल जाते हैं। ऐसा ही एक नजारा शुक्रवार सुबह की पारी में पार्क भ्रमण पर गए पर्यटकों को देखने को मिला। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रणथम्भौर के दूध बावड़ी क्षेत्र में बाघिन टी-124 यानी रिद्धी ने सांभर का शिकार किया। इस दौरान वहां पर अचानक बाघिन रिद्धी की मां बाघिन टी-84 यानी एरोहैड भी जा पहुंची। ऐसे में मां बेटी के बीच शिकार को लेकर संघर्ष या फिर नोक झोंक की आशंका जताई जा रही थी, लेकिन दोनों ने एक साथ शिकार का लुत्फ उठाया। हालांकि शिकार का लुत्फ उठाने के बाद कुछ देर तक दोनों ने एक दूसरे को घूरा और फिर दोनों बाघिन जंगल में अपने-अपने रास्ते पर चल दी।

**चार साल बाद दिखी साथ :** जानकारी के अनुसार 7 अक्टूबर 2020 को बाघिन रिद्धी जब 20 माह की थी तो सबसे पहले इलाके को लेकर उसकी मां एरोहैड के साथ हल्की झड़प हुई थी। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार ऐसा मौका रणथम्भौर में करीब चार साल के बाद आया है जब बाघिन एरोहैड और बाघिन रिद्धी को एक साथ शिकार का लुत्फ उठाते हुए देखा गया है।

# कलेक्टर खडगावत, विधायक रावत ने दिव्यांगजन को ट्राई साईकिल व व्हील चेयर का किया वितरण

### श्रम विभाग के 7 हजार लाभार्थियों को लगभग साढ़े नौ करोड़ की राशि सीधे बैंक खातो में डीबीटी द्वारा हस्तांतरित की



## चैक बाटे, स्मार्टफोन, विश्वकर्मा योजना की बुकलेट आदि बांटी गई

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** राज्य सरकार के 1 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर रविवार को अंबेडकर भवन परिसर में अंत्योदय सेवा शिविर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस मौके पर जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत व स्थानीय विधायक शंकर सिंह रावत वर्चुअली जुड़े। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के पश्चात जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

जिला कलेक्टर ने कार्यक्रम में मौजूद लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाकर आमजन को ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है । जिला प्रशासन द्वारा सरकार की योजनाओं से प्रत्येक पात्र व्यक्ति को लाभान्वित करने के लिए हर संभव सकारात्मक प्रयास किये जा रहे हैं।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि राज्य सरकार हर वर्ग के लिए संवेदनशील है । मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की मंशा है कि अंतिम छौर पर बैठे व्यक्ति को भी सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। राज्य सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तहत विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चल रही है । इस दौरान जवाजा व जैतारण प्रधान ने भी स्वयं के विचार व्यक्त किए। जिला कलेक्टर व स्थानीय विधायक ने दिव्यांगजन को ट्राई साइकिल, व्हील चेयर व मोबाइल का किया वितरण ,हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया ।

जिला स्तरीय अन्त्योदय सेवा शिविर कार्यक्रम में जिला कलेक्टर व स्थानीय विधायक ने जिले के पात्र वंचित लाभार्थियों को ट्राई साइकिल व व्हील चेयर वितरित की। कार्यक्रम में 37 ट्राई साइकिल व 22 व्हील चेयर, 10 मोबाईल, 4 सुनने की मशीन का वितरण किया गया ।राज्य स्तरीय कार्यक्रम के पश्चात आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग व श्रम विभाग से संबंधित जिले के कुछ लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से चैक सौंपे गए व योजना अंतर्गत स्मार्टफोन वितरित किए गए साथ ही जिले के अन्य लाभार्थियों को डीबीटी द्वारा विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस दौरान जिला कलेक्टर व विधायक ने मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना की बुकलेट का विमोचन किया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया, जवाजा प्रधान गणपत सिंह रावत, जैतारण प्रधान श्री मेघाराम सोलंकी नगर परिषद आयुक्त दलीप पूनिया कार्यक्रम के नोडल अधिकारी समाज कल्याण विभाग के विशाल सोलंकी, श्रम विभाग के अधिकारी मुकेश कुमार सहित अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण मौजूद रहे।

### देसूरी की नाल में रुकेगा हादसों का सिलसिला

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया देसूरी की नाल का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

- आरएसआरडीसी, पीडब्ल्यूडी, और एनएचएआई को प्रभावी कार्ययोजना बनाकर स्थाई समाधान निकालने के निर्देश
- एक महीने में सेफ्टी वॉल सहित अन्य सुरक्षा संबंधी कार्य होंगे पूर्ण, एलिवेटेड रोड की डीपीआर बनाने के निर्देश



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** पाली और राजसमंद (मारवाड़ और मेवाड़) को जोड़ने वाली देसूरी की नाल पर पर हो रहे सड़क हादसों के चलते उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रविवार को घाट क्षेत्र का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री ने यहां स्थित खतरनाक मोड़ों, तीव्र ढलानों और संकरी सड़कों को देखकर संबंधित विभागों (आरएसआरडीसी, पीडब्ल्यूडी, और एनएचएआई) को तत्काल सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान जयपुर, उदयपुर, राजसमंद और पाली से इन विभागों के अधिकारी जैसे राजस्थान राज्य सड़क विकास एवं निर्माण निगम (आरएसआरडीसी) के प्रबंध निदेशक सुनील जय सिंह, सार्वजनिक निर्माण विभाग के सचिव डी आर मेघवाल, एनएच (पीडब्ल्यूडी) के मुख्य अभियंता सतीश चंद्र अग्रवाल, पीडब्ल्यूडी अतिरिक्त मुख्य अभियंता अशोक कुमार शर्मा, राजसमंद पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता मगनीराम रैगर आदि मौजूद रहे। इस दौरान पाली जिला कलक्टर एल एन मंत्री भी पहुंचे जिन्होंने उपमुख्यमंत्री से विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उपमुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को सड़क के चौड़ाईकरण, क्रॉस बैरियर, रंबल स्ट्रिप लगाने और एलिवेटेड रोड की डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) बनवाने के निर्देश दिए। इन सुधारात्मक उपायों से इस मार्ग पर होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम संभव हो सकेगी और यात्रियों को यात्रा में सुरक्षा मिल सकेगी।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि देसूरी की नाल में अब तक कई जानलेवा हादसे हो चुके हैं, इस घाट सेक्शन को सुधारना सरकार की प्राथमिकता है, आगामी एक महीने में यहां अधिकतम सुरक्षा प्रबंधन किए जाएंगी, सेफ्टी वॉल संबंधी कार्य किया जाएंगे, साथ ही इसके स्थाई समाधान हेतु अधिकारियों के साथ चर्चा कर समाधान निकालने का प्रयास करेंगे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि गत सरकार में भी बतौर सांसद उन्होंने इस रोड को बेहतर बनाने के लिए प्रयास किए थे, अब डबल इंजन की सरकार में इस काम को हर हाल में पूरा किया जाएगा, देसूरी की नाल को सुधारना उनकी प्राथमिकता है।

देसूरी की नाल अरावली पर्वतमाला के बीच से गुजरती है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ खतरनाक ढलानों और तीखे मोड़ों के कारण कुख्यात है। इस 10 किलोमीटर लंबे मार्ग पर पिछले दो दशकों में कई बड़े हादसे हो चुके हैं। साल 2007 में यहां सबसे बड़ा सड़क हादसा हुआ था, जिसमें लगभग 90 व्यक्तियों की जान गई थी। हाल ही में 8 दिसंबर को एक स्कूल बस के पलटने से यहां तीन बच्चों की जान गई थी। यह मार्ग 15 खतरनाक मोड़ों और 5 संकरी पुलियों के चलते बेहद जोखिम भरा है। उपमुख्यमंत्री के दौरे के बाद क्षेत्र में नई आस जगी है और लोगों को उम्मीद है कि देसूरी की नाल का जल्द सुधार होगा।

# मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के जन्मदिवस पर विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

### भाजपा नेता यादराम जांगल के नेतृत्व में आयोजित शिविर में कुल 378 यूनिट रक्त एकत्रित

#### मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर गौ सेवा व वृक्षारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के 57 वें जन्मदिवस पर रविवार को भाजपा नेता यादराम जांगल द्वारा राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय कोटपूतली में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर विधायक हंसराज पटेल, सांसद प्रतिनिधि देवायुष सिंह व जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने शिविर का शुभारम्भ किया। शिविर में रक्तदाताओं ने बढ़-चढकर उत्साह से भाग लिया। प्रात: 10 से सायं 05 तक आयोजित शिविर में रक्तदाताओं का तांता लगा रहा। शिविर में सायं 03.30 बजे तक कुल 378 यूनिट संग्रहित हो चुका था। विधायक पटेल ने युवाओं को रक्तदान के लिये प्रेरित करते हुये कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की डबल इंजन सरकार के फैसलों से सबका कल्याण होने की बात कही। सांसद प्रतिनिधि देवायुष सिंह ने युवाओं को संदेश देते हुये कहा कि रक्तदान जीवनदान है। जिसमें युवाओं को अग्रणी होना चाहिये। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने भी रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। भाजपा नेता यादराम जांगल ने कहा कि सनातन संस्कृति में वैदिक काल से ही जीवनदान को मानव का प्रथम कर्तव्य माना गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान तेजी से प्रगति कर रहा है। शीघ्र विकसित राज्यों की श्रेणी में राजस्थान खड़ा नजर आयेगा। इस मौके पर राजकीय जिला अस्पताल में मरीजों को फलों का वितरण भी किया गया। इस दौरान पूर्व प्रधान विक्रम सिंह तंवर, पूर्व सरपंच जयराम सिंह गुर्जर, उप प्रधान प्रतिनिधि एड. राजेंद्र रहीसा, मण्डल अध्यक्ष एड. रमेश रावत, एड. चेतराम रावत, पूर्व चैयरमैन एड. महेन्द्र सैनी, धर्मपाल डेलीगेट, सुरेश मोठुका, रघुवीर गोयल, राजपाल डेलीगेट, सरपंच अशोक शर्मा, लक्ष्मण सिंह, सरपंच नाहरसिंह, अरूण सैनी, राजेंद्र डेलीगेट, राजेंद्र भौनावास, महेश बामनवास, रमेश रावत, नितिन शेखावत, मुकेश चनेजा, राजाराम कसाना, छात्रसंघ अध्यक्ष कमल सैनी, अशोक मान, दुलीचंद मान, सोनू चौधरी, निम्पु चौधरी, पार्षद मनोज गौड़, हेमंत राठौड़, कपिल शर्मा, देवेंद्र स्वामी, डॉ. महेश जांगल, कँवर सिंह समेत सैकड़ों रक्तदाता व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रोटरी बनायेगा साक्षर भारत, 11 प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों का हुआ उद्घाटन

### सभी अक्षरसाथी मन लगाकर प्रौढ़ को साक्षर करें-मेहता



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** रोटरी अन्तर्राष्ट्रीय के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर मेहता द्वारा आज उदयपुर जिले में साक्षर भारत अभियान के तहत आज नवीन ग्यारह प्रौढ़ शिक्षा केन्द् का शुभारंभ किया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साक्षरता मिशन को गति देने के लिए रोटरी ने साक्षर भारत कार्यक्रम को हाथ में लिया है जिसके तहत लवीना विकास सेवा संस्थान द्वारा नवीन ग्यारह प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों का शुभारंभ किया गया। जिसका पूर्व अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर मेहता, पूर्व प्रांतपाल डॉ निर्मल कुणावत, रोटरी क्लब उदयपुर युवा के अध्यक्ष यश कुणावत द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथियों ने फीता काटकर, दीप प्रज्वलित किया। केन्द्र के संस्थापक संचालक भरत कुमार पूर्बिया द्वारा अतिथियों को उपरणा ओढ़ा तीरकमान भेंट किया गया। सभी अक्षरसाथियों ने अपना परिचय दिया।

पूर्व प्रांतपाल डॉ निर्मल कुणावत ने बताया कि रोटरी ने जिस तरह पोलियो का ख़ात्मा किया, उसी तरीक़े से शेखर मेहता के नेतृत्व में हम सभी को सभी निरक्षरों को साक्षर कर देश को आगे बढ़ाने का काम करने हेतु आगे आना होगा ।केंद्र संचालक भारत पुर्बिया ने बताया के हर केंद्र में 40 से अधिक एक सेंटर पर साक्षरता ग्रहण करेंगे। रोटरी अपने दम पर देश को पूर्ण साक्षर बनाने में सक्षम है।

रो.शेखर मेहता ले कहा कि कक्षा छह उत्तीर्ण छात्र ग्रीष्मावकाश के दौरान मात्र 45 दिन में अपने माता-पिता या किसी रिश्तेदार निरक्षर पड़ौसी को साक्षर बना सकता है। इस प्रकार भारत में लगभग 20 करोड़ अशिक्षित नागरिकों को कम समय में योजनाबद्ध तरीके से साक्षर बनाया जा सकता है।

# रक्तदान से बचाएं अन्य का जीवन : सहारण

### प्रदेश सरकार के कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में जिले में 10 स्थानों पर आयोजित हुए रक्तदान शिविर



बढ़ता राजस्थान

**चूरू ( सुरेश लाटा )।** राज्य सरकार के कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में रविवार को जिले के 10 स्थानों पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय स्थित राजकीय डीबी जनरल अस्पताल में विधायक हरलाल सहारण, डीसीए अध्यक्ष पराक्रम सिंह, एडीएम अर्पिता सोनी सहित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की तथा रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने रक्तदान कर शिविर का शुभारंभ किया। आयोजित शिविरों में 470 यूनिट रक्तदान के साथ शासन-प्रशासन व आमजन ने जागरूकता संदेश दिया।

इस मौके पर विधायक सहारण ने कहा कि प्रदेश सरकार के कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में रक्तदान शिविरों का आयोजन सराहनीय पहल है। हम सभी रक्तदान की मुहिम में अपनी भागीदारी निभाएं तथा अन्य लोगों को जीवन बचाएं। हम इसे हमारी सामाजिक व नैतिक जिम्मेदारी भी समझें।

इस अवसर पर डीसीए अध्यक्ष पराक्रम सिंह व अतिरिक्त जिला कलक्टर अर्पिता सोनी ने भी विचार व्यक्त किए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि चूरू के राजकीय डेडराज भरतिया अस्पताल, जीवन रेखा अस्पताल, स्वास्तिक ब्लड बैंक सेंटर, शेखावाटी ब्लड बैंक सेंटर, राजकीय जिला अस्पताल रतनगढ़, न्यू लाईफ हॉस्पिटल बीदासर, लायंस क्लब चेरिटेबल ट्रस्ट सुजानगढ़ व सोनी हास्पिटल राजगढ़ में रक्तदान शिविर लगाए गए।

# राज्य सरकार की पहली वर्षगांठ पर अंत्योदय सेवा शिविर का आयोजन

### अंत्योदय सेवा शिविर में विभिन्न वर्गों को मिली कल्याणकारी योजनाओं की सौगातें

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** राज्य सरकार की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार को राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपूतली के सभागार में अंत्योदय सेवा शिविर का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जिला प्रशासन ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत दिव्यांगजनों और अन्य पात्र लाभार्थियों को सहायता प्रदान की। जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्चुअल माध्यम से लाभार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने दिव्यांगजनों, श्रमिकों, स्ट्रीट वेंडर्स, दस्तकारों, और अन्य जरूरतमंद लोगों के लिए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में कलेक्टर कल्पना अग्रवाल तथा कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल ने दिव्यांगजनों को 37 व्हीलचेयर और 41 ट्राईसाईकिल, 9 ब्लाइंड स्टिक, 2 वाकर, 18 हियरिंग एड वितरित की। सहायता पाकर लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी झलक उठी। उन्होंने मुख्यमंत्री और राज्य सरकार का आभार प्रकट करते हुए इसे अपनी जीवनशैली में सुधार लाने का एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

**दिव्यांगों की उत्साहित प्रतिक्रिया**- कार्यक्रम में ट्राईसाईकिल और व्हीलचेयर पाकर दिव्यांगजन काफी खुश नजर आए। एक लाभार्थी ने कहा, यह साइकिल मेरे लिए एक नई आजादी की शुरुआत है। अब मैं अपने कार्यों को स्वतंत्र रूप से कर पाऊंगा। सरकार का यह कदम हमारे लिए वरदान है।

**कल्याणकारी योजनाओं की सौगात**-राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश को अनेक सौगातें दी । कार्यक्रम के दौरान अन्य योजनाओं के तहत श्रमिकों और दस्तकारों को भी विभिन्न लाभ वितरित किए गए ।ये रहे मौजूद जिला स्तरीय कार्यक्रम में कोटपूतली उपखंड अधिकारी बृजेश चौधरी, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक एमके जैन, समाज कल्याण विभाग के सहायक निदेशक रमेश दहमीवाल सहित जिला स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, मीडिया कर्मियों सहित आमजन मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों का हुआ शुभारंभ

### खण्ड स्तर पर 6 सीएचसी व पीएचसी पर आयोजित हुए शिविर

बढ़ता राजस्थान

**चूरू ( नि.स. )।** प्रदेश सरकार की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव-गांव तक स्वास्थ्य सेवाओं की सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रविवार को मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों का शुभारंभ किया गया।

सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर सीएचसी व पीएचसी स्तर पर 6 स्थानों पर आयोजित किए गए। रविवार को खण्ड सुजानगढ में सीएचसी सालासर, खण्ड चूरू में सीएचसी खासोली, खण्ड राजगढ़ में पीएचसी भैंसली, खण्ड सरदारशहर में पीएचसी पूलासर, खण्ड तारानगर में सीएचसी साहवा, खण्ड रतनगढ़ में सीएचसी गोगासर में शिविर आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि उन्होंने बताया कि जिले में 31 जनवरी 2025 तक सभी पीएचसी व सीएचसी में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में आयुर्वेद विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग का भी सहयोग रहेगा।

# श्री नाकोड़ा पार्श्व भैरवनाथ का प्रथम विशाल छप्पन भोग 22 को

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** सुरेखा लोढ़ा चेरिटेबल ट्रस्ट एवं समस्त पार्श्व भैरव भक्त द्वारा आगामी 22 दिसम्बर को श्री कामधेनु पार्श्वनाथ जिनालय, राणाकुई, वल्लभनगर में श्री नाकोडा पार्श्व भैरूनाथ के दरबार में प्रथम बार विशाल छप्पन भोग धराया जायेगा। ट्रस्ट के हस्तीमल लोढ़ा ने बताया कि पार्श्व भेरव भक्तों के द्वारा श्री पार्श्वनाथ श्री भैरव के चरणों मे प्रथम बार अनेक तरह के व्यंजनों को तैयार कर आकर्षक साज सज्जा के साथ अर्पित किया जाएगा। इस अवसर पर वल्लभनगर जैन मंदिर से उदयपुर बस स्टेंड तक

भव्य वरघोड़ा प्रात:10 बजे से निकाला जायेगा। तत्पश्चात 11.30 बजे भगवान को भोग धराया जायेगा। 12 बजे से 1.30 बजे तक मोती कृष्ण गोधाम निज मन्दिर में गौतम प्रसादी का आयोजन होगा।

# महामहिम राज्यपाल ने पीपलांत्री में देखे पर्यावरण संरक्षण के कार्य अटल भूजल योजना अंतर्गत विकास कार्यों का किया शिलान्यास



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने रविवार को पीपलांत्री में पद्मश्री श्यामसुंदर पालीवाल एवं सरपंच अनिता पालीवाल के नेतृत्व में किए गए पर्यावरण संरक्षण के कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान विधायक दीप्ति माहेश्वरी, जिला प्रमुख रतनी देवी जाट, राजसमंद प्रधान अरविन्द सिंह राठौड़ सहित जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा आदि उपस्थित रहे। पद्मश्री पालीवाल ने उनकी बेटी की स्मृति में लगे प्रथम पेड़ से दौरे की शुरुआत कर पीपलांत्री में हुए विभिन्न कार्यों से अवगत कराया।

पालीवाल ने बताया कि कभी यह बंजर जमीन हुआ करती थी जहां जल स्तर भी काफी नीचे था, लेकिन सामूहिक प्रयासों से आज यहाँ चारों ओर सुंदर वन दिखाई देता है। महामाहिम राज्यपाल ने इस अवसर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। महामाहिम राज्यपाल ने यहाँ अटल भूजल योजना के तहत स्वीकृत विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया।

तुम्हारी खूबियाँ ही तुम्हारा, मार्गदर्शन करती है!

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान




# वन नेशन, वन इलेक्शन बिल आज पेश नहीं होगा

## लोकसभा की रिवाइज्ड लिस्ट से हटाया गया

## शीतकालीन सत्र का 20 दिसंबर को आखिरी दिन

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** वन नेशन, वन इलेक्शन बिल लोकसभा में सोमवार, यानी 16 दिसंबर को पेश नहीं किया जाएगा। इससे जुड़े दोनों बिल को लोकसभा की रिवाइज्ड लिस्ट से हटा दिया गया है। इससे पहले 13 दिसंबर के कैलेंडर में कहा गया था कि सोमवार को बिल लोकसभा में रखा जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, अब फाइनेंशियल बिजनेस के पूरा होने के बाद बिल सदन में पेश किया जाएगा। हालांकि, सरकार बिल को आखिरी समय में भी लोकसभा स्पीकर की परमिशन के बाद सप्लीमेंट्री लिस्टिंग के जरिए सदन में पेश कर सकती है। कैबिनेट ने 12 दिसंबर को बिल की मंजूरी दी थी।

लोकसभा में 13 और 14 दिसंबर को संविधान पर चर्चा हुई थी। अब तक प्रधानमंत्री मोदी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और राजनाथ सिंह इस पर बोल चुके हैं। 16 और 17 दिसंबर को अब राज्यसभा में संविधान पर चर्चा होगी। संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर को शुरू हुआ था, जो 20 दिसंबर को खत्म होगा।

रामनाथ कोविंद ने 14 मार्च को रिपोर्ट सौंपी थी एक देश-एक चुनाव पर विचार के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 2 सितंबर 2023 को एक कमेटी बनाई गई थी। कमेटी ने करीब 191 दिनों में 14 मार्च 2024 को अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी थी।



### संविधान संशोधन से क्या बदलेगा, 2 पॉइंट...

- बिल के जरिए प्रावधान किया जाएगा कि आम चुनाव के बाद लोकसभा की पहली बैठक की तारीख पर राष्ट्रपति नोटिफिकेशन जारी करेंगे। नोटिफिकेशन जारी करने की तारीख को अपॉइंटेड डेट कहा जाएगा। लोकसभा का कार्यकाल अपॉइंटेड डेट से 5 साल का होगा। लोकसभा या किसी राज्य की विधानसभा समय से पहले भंग होने पर बचे हुए कार्यकाल के लिए ही चुनाव कराए जाएंगे।
- बिल के उद्देश्यों और कारणों में कहा गया है कि यह पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक देश-एक चुनाव पर हाईलेवल कमेटी की सिफारिशों पर आधारित है। कोविंद कमेटी ने देश और राज्यों को चुनावों के साथ ही लोकल बॉडीज इलेक्शन कराने की भी सिफारिश की थी। हालांकि 12 दिसंबर को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में इसे लेकर कोई निर्णय नहीं हुआ है।

### कोविंद कमेटी की 5 सिफारिशें...

- सभी राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल अगले लोकसभा चुनाव यानी 2029 तक बढ़ाया जाए।
- हंग असेंबली (किसी को बहुमत नहीं), नो कॉन्फिडेंस मोशन होने पर बाकी के कार्यकाल के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जा सकते हैं।
- पहले फेज में लोकसभा-विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जा सकते हैं, उसके बाद दूसरे फेज में 100 दिनों के भीतर लोकल बॉडीज (नगर निकाय) इलेक्शन कराए जा सकते हैं।
- चुनाव आयोग लोकसभा, विधानसभा, स्थानीय निकाय चुनावों के लिए राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से सिंगल वोटर लिस्ट और वोटर आईडी कार्ड तैयार करेगा।
- कोविंद पैनल ने एक साथ चुनाव कराने के लिए उपकरणों, जनशक्ति और सुरक्षा बलों की एडवांस प्लानिंग की सिफारिश की है।

## राजस्थान में 3 घंटे में हेलिकॉप्टर से जयपुर-जोधपुर पहुंचाए ऑर्गन

### ब्रेनडेड युवक के कारण बची 3 जिंदगियां, डॉक्टर बोले- जल्द ट्रांसपोर्टेशन से अंग सुरक्षित



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में पहली बार ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल किया गया। तीन घंटे के अंदर हेलिकॉप्टर ने झालावाड़ से जयपुर और जोधपुर में हार्ट-किडनी-लिवर पहुंचाए। अंग सुरक्षित रहें, इसलिए जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल और जोधपुर एम्स के एक किलोमीटर के दायरे में ही हेलिकॉप्टर की लैंडिंग कराई गई। दरअसल, 10 दिसंबर को झालावाड़ के एक युवक विष्णु (33) को एसआरजी हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था। विष्णु का झगड़ा हुआ था और उसे सिर में चोट लगी थी। सिर के ऑपरेशन के बाद भी 13 दिसंबर को वह ब्रेनडेड हो गया था। इसके बाद परिजनों ने ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए परमिशन दी। झालावाड़ मेडिकल कॉलेज में 13 और 14 दिसंबर को दो ऑपरेशन कर विष्णु के किडनी, हार्ट, लिवर और लंग्स को निकाला गया। रविवार को (15) सुबह 10.30 बजे उन्हें हेलिकॉप्टर से झालावाड़ से जयपुर पहुंचाया गया। दो अंग को उसी हेलिकॉप्टर से दोपहर 1.30 बजे जोधपुर एम्स पहुंचाया गया। जयपुर में दो मरीजों को और जोधपुर में एक मरीज को ऑर्गन ट्रांसप्लांट किए गए।

## किसान आंदोलन : डल्लेवाल का 20 दिन से आमरण अनशन जारी

### हालत गंभीर, केंद्रीय अफसर मिलने पहुंचे



बढ़ता राजस्थान

**पटियाला।** शंभू और खनौरी बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन में 20 दिन से आमरण अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत डल्लेवाल से रविवार को केंद्रीय गृह निदेशक मयंक मिश्रा ने मुलाकात की। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव के साथ वे खनौरी बॉर्डर पहुंचे। मीटिंग के बाद मिश्रा ने कहा कि उन्होंने किसानों की मांगों के बारे में जानकारी ली है। उन्होंने केंद्र की तरफ से वार्ता के प्रस्ताव से इनकार किया। सुप्रीम कोर्ट ने डल्लेवाल की डॉक्टरी मदद के आदेश दिए थे। शनिवार को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने मीटिंग की थी। इसमें प्रधानमंत्री मोदी को किसान आंदोलन की जानकारी दी गई। बैठक में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल भी शामिल थे।

**किसानों को बड़ी घोषणा का इंतजार :** किसान आंदोलन को लेकर पीएम मोदी के एक्टिव होने के बाद माना जा रहा है कि केंद्र की तरफ से किसानों की मांगों को लेकर कोई बड़ी घोषणा की जा सकती है। पंजाब के डीजीपी ने कहा कि डल्लेवाल की जान कीमती है। हम सबके साथ कोऑर्डिनेट कर बातचीत को आगे बढ़ाने का माहौल बना रहे हैं। मेरे साथ केंद्रीय गृह निदेशक भी आए हैं। वह किसानों की मांगों को केंद्र को भेजेंगे।

## वाह ताज कहने वाले उस्ताद जाकिर हुसैन की तबले पर चलने वाली अंगुलियां थमी

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर।** शास्त्रीय संगीत में तबले पर अपनी जादुई अंगुलियां चलाने और थाप देने वाले पद्मभूषण उस्ताद जाकिर हुसैन के सैन फ्रांसिस्को में इंतकाल पर संगीत प्रेमियों ने दुख व्यक्त किया। सुरों की मंडली के संस्थापक मुकेश माधवानी ने कहा कि देश में वाह ताज के नाम कहने वाली आवाज और तबले पर थाप देने वाली अंगुलियां और हथेली आज थम गई। देश में बरसों तक संगीत प्रंमियों के दिलों पर तबले के माध्यम से राज करने वाले उस्ताद जाकिर हुसैन वर्षो तक याद किये जायेंगे। उनके इंतकाल से संगीत क्षेत्र में एक स्थान सूना सा हो गया है जिसे भरा जाना संभव नहीं है।

## आम आदमी पार्टी के 38 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी

### अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली, सीएम आतिशी कालकाजी से लड़ेंगी चुनाव



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की चौथी व अंतिम सूची जारी कर दी है। इस सूची में 38 नामों की घोषणा की गई है। खास बात यह है कि इस लिस्ट में कई दिग्गज नेताओं के नाम भी शामिल है। नई दिल्ली से एक बार फिर अरविंद केजरीवाल मैदान में उतरे हैं। साथ ही, दो सीट पर फेरबदल किया गया है। इसमें कस्तूरबा नगर से मौजूदा विधायक मदन लाल का टिकट काट कर भाजपा से आप में शामिल हुए रमेश पहलवान को टिकट दिया है। साथ ही, उत्तम नगर से मौजूदा विधायक नरेश बालियान की पत्नी को पोश बालियान को मौका दिया है। इसके अलावा पांच मुस्लिम समुदाय से उम्मीदवार उतारे हैं। 10 महिलाओं को उम्मीदवार बनाया है। यानी 15 फीसदी महिलाओं को जगह दी है। अब आप ने 70 सीट पर अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं। पार्टी ने पहली सूची में 11 सीटों पर उम्मीदवारों का एलान किया था। वहीं, दूसरी सूची में 20 सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित किए गए। पार्टी ने अपनी तीसरी सूची में एक नाम की घोषणा की थी। सीएम आतिशी कालकाजी सीट से चुनाव लड़ेंगी। ओखला से अमानतुल्लाह खान को टिकट मिला है। मालवीय नगर से सोमनाथ भारती को उतारा गया है। ग्रैटर कैलाश से सौरभ भारद्वाज प्रत्याशी हैं। बाबरपुर से मंत्री गोपाल राय और तिलक नगर से जरनैल सिंह को चुनावी मैदान में उतारा है। सत्येन्द्र कुमार जैन शकूर बस्ती से, मुकेश कुमार अहलावत सुल्तानपुर माजरा से, रघुविंदर शौकीन नांगलोई जाट से, सोम दत्त सदर बाजार से चुनाव लडेंगे।

## पति के लिए एसआई का पेपर लेने वाली महिला गिरफ्तार

### बेल मिली तो सेंट्रल जेल लेने आई थी, तभी पकड़ा; जल्दी ही दोनों से पूछताछ करेगी एसओजी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर एसओजी की टीम ने एसआई भर्ती परीक्षा-2021 परीक्षा में गिरोह से पेपर लेने के मामले में फरार चल रही विमला विश्नोई (27) को गिरफ्तार किया है। विमला फरार चल रही थी। शुक्रवार को विमला के पति गोपीराम (29) को हाईकोर्ट से जमानत मिली थी।

### आंगनबाड़ी में सुपरवाइजर है

पति को जमानत मिलने पर विमला उसे लेने के लिए शनिवार को जयपुर सेन्ट्रल जेल पहुंची थी। इसी दौरान एसओजी ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पति की गिरफ्तारी के बाद से विमला फरार चल रही थी। एडीजी एसओजी वीके सिंह ने बताया- गोपीराम को जयपुर आरपीए से ट्रेनिंग करते हुए पूर्व में एसओजी ने गिरफ्तार किया था। एसओजी के अनुसार, विमला विश्नोई सांचौर के आंगनबाड़ी में सुपरवाइजर थी।

### 13 दिसंबर को भी हुई थी गिरफ्तारी

13 दिसंबर को लोकेश शर्मा (49) निवासी करणी नगर, आगरा रोड, दौसा को भी गिरफ्तार किया गया था। वह महात्मा गांधी सीनियर सेकेंडरी स्कूल छत्रीवाली ढाणी, दौसा में टीचर है। लोकेश ने पेपर सॉल्व करने के लिए एक्सपर्ट उपलब्ध करवाए थे। आरोप है कि उसने खुद भी लाखों रुपए में सॉल्व पेपर को अभ्यर्थियों के परिजनों को बेचा था। एसआई भर्ती परीक्षा-2021 में बड़े पैमाने पर धांधली सामने आ चुकी है। एसओजी इस धांधली की जांच कर रही है। एसओजी अब तक 50 ट्रेनी एसआई और पेपर लीक गैंग से जुड़े 30 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। अभी भी कई ट्रेनी एसआई एसओजी के रडार पर चल रहे हैं। एसओजी ने इसी साल अप्रैल में पहली बार इस एग्जाम से जुड़े ट्रेनी एसआई की गिरफ्तारी की थी।



### पति को दिया था पेपर

एसओजी को गिरोह के सरगना जगदीश विश्नोई ने बताया था कि उसने विमला विश्नोई को पेपर दिया था। इसके बाद विमला ने अपने पति गोपीराम को यह पेपर पढ़ाया। गोपीराम इस परीक्षा में पास हुआ। एसओजी की टीम विमला से पूछताछ करेगी।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ ने ग्वालियर में किया देश के पहले जियो साइंस म्यूजियम का उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान

**ग्वालियर ( एजेंसी )।** भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को मध्य प्रदेश के ग्वालियर पहुंच गए हैं। यहां राज्यपाल मंगूभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, नरेंद्र सिंह तोमर, सांसद भारत सिंह कुशवाहा समेत कई दिग्गज नेताओं ने उनका स्वागत किया। ग्वालियर एयरपोर्ट से उपराष्ट्रपति धनकड़ सीधे महाराजबाड़ा पहुंचे, जहां उन्होंने जियो साइंस म्यूजियम का उद्घाटन किया। ग्वालियर पहुंचे उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देश के पहले जियो साइंस म्यूजियम (भू-विज्ञान संग्रहालय) का रविवार को उदघाटन किया। ग्वालियर के ऐतिहासिक महाराज बाड़ा पर हैरीटेज बिल्डिंग विक्टोरिया मार्केट में स्थापित अत्याधुनिक जियो साइंस म्यूजियम के उदघाटन मौके पर मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय कोयला और खान राजमंत्री सतीश चंद्र दुबे, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, ग्वालियर जिले के प्रभारी और जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट के साथ सांसद भारत सिंह कुशवाह भी मौजूद थे।

**वास्तु शिल्प के उत्कृष्ट नमूनों को सराहा :** म्यूजियम के उदघाटन के बाद उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने महाराज बाड़ा पर स्थित वास्तु शिल्प के उत्कृष्ट नमूनों के रूप में खड़ी ऐतिहासिक इमारतों को भी देखा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने उप राष्ट्रपति को महाराज बाड़े की इमारतों के शिल्प एवं शैलियों से अवगत कराया।

**एक छत के नीचे पृथ्वी की उत्पत्ति से मानव सभ्यता के विकास तक :** राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद द्वारा ग्वालियर नगर निगम के सहयोग से तैयार किए गए देश के इस पहले अत्याधुनिक एवं अद्भुत जियो साइंस म्यूजियम में पृथ्वी की उत्पत्ति, मानव जाति और मानव सभ्यता का विकास व ब्रम्हाण्ड से जुड़ी अनूठी जानकारियां समाहित हैं। म्यूजियम में डायनासोर का अंडा समेत कीमती वस्तुएं पर्यटकों को देखने के लिए रखी गई हैं। ये म्यूजियम भू-विज्ञान से संबंधित बच्चों से लेकर बड़ों तक की जिज्ञासाओं का समाधान करती हैं। साथ ही, वैज्ञानिक दृष्टि से भी ये संग्रहालय ज्ञानवर्धक है। पृथ्वी विज्ञान से संबंधित दुर्लभ भू-वैज्ञानिक नमूनों को मल्टीमीडिया डिस्प्ले के जरिए म्यूजियम में दिखाया गया है।



### संग्रहालय में बनाई गई दो गैलरियां

जियो साइंस म्यूजियम में दो गैलरियों के माध्यम से भू-विज्ञान के बारे में लाइट इफेक्ट के साथ आकर्षक ढंग से जानकारी संजोई गई है। एक गैलरी में पृथ्वी के विकास को दर्शाया गया है, जिसमें उल्लेख है कि पृथ्वी अपने मूल स्वरूप में किस प्रकार आई और कौन-कौन सी चीजों से मिलकर पृथ्वी बनी है। वर्तमान में जो पृथ्वी है, असल में वो कैसी दिखती है। पृथ्वी के भीतर लावा किस तरह से तैयार होता है और ज्वालामुखी फूटने से किस तरह पर्वतों का निर्माण होता है। ये सब जानकारियां बखूबी ढंग से संग्रहालय में दर्शाई गई। यहां आने वाले पर्यटन भूकंप का अनुभव भी कर सकेंगे। इसके अलावा वायु मंडल और महासागर के बारे में भी वर्णन है। लाइट इफेक्ट और अत्याधुनिक मशीनी तकनीक से बड़े बखूबी ढंग से ये सब प्रदर्शित किया गया है।

### मानव सभ्यता के विकास की गाथा बयां करती दूसरी गैलरी

जियो साइंस म्यूजियम की दूसरी गैलरी में मानव जाति और मानव सभ्यता के विकास को बड़े बखूबी ढंग से प्रदर्शित किया गया है। इसमें ये भी दर्शाया गया है कि, धरती पर डायनासोर की उत्पत्ति और विलुप्ति हुई। साथ ही, मानव की उत्पत्ति कैसे हुई और कैसे उसका जीवनक्रम आगे बढ़ा। मानव सभ्यता की जीवन शैली में आए बदलाव का वर्णन भी दर्शनीय है।


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com